नई दिल्ली
शुक्रवार, 9 मई 2025
वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
वर्ष : 29, अंक : 24
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 43
न्यून. 32

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

भारतीय सेना ने दिखाया अपना 'पराक्रम'


कराची के आर्मी कैंप में बर्बादी

## कराची से लेकर लाहौर तक धुआं-धुआं


- 54 स्वदेशी ड्रोन ने पाक के 7 शहरों के सैन्य ठिकाने किए बर्बाद, कई शस्त्रागारों को मिट्टी में मिलाया
- लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम किया ढेर, रावलपिंडी के सैन्य मुख्यालय और स्टेडियम को भी उड़ाया

बुधवार आधी रात को पाक ने भारत के 4 राज्यों के 15 शहरों पर किया हमला भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब, भारत ने पहली बार किया रूस निर्मित एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल, इसे कहा जाता है 'सुदर्शन चक्र'

# लाहौर पर बड़ा हमला पाक का 'मिटना तय'

भारतीय सेना ने दुनिया में साबित किया कि वह पाक में जहां चाहे वहां घुसकर दुश्मन को मार सकती है





### पाक ने इन शहरों को बनाया निशाना

**जम्मू-कश्मीर**
1.अवंतीपोरा 2. जम्मू 3. श्रीनगर

**पंजाब**
4. पठानकोट 5. अमृतसर 6. कपूरथला 7. जालंधर 8. लुधियाना 9. आदमपुर 10. बठिंड़ा 11. चंडीगढ़

**राजस्थान**
12. उत्तरलाई 13. फालौदी 14. नाल

**गुजरात**
15. भुज

### भारत ने पाक के इन शहरों में तबाही बरसाई

1. लाहौर 2. कराची 3. रावलपिंडी 4. गुजरावाला 5. चकवाल 6. मियानो 7. चोर

पाकिस्तान ने एक बार फिर रात के अंधेरे में कायराना हमला किया है। गुरुवार रात को जम्मू, पंजाब और राजस्थान में कई जगहों पर हमले किए गए। एस-400 और 'आकाश' जैसे मुस्तैद एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमला नाकाम कर दिया। इसके बाद, भारत ने जवाबी कार्रवाई में इस्लामाबाद तक मार की है। सियालकोट और लाहौर में भी ड्रोन दागे गए। भारत ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एफ-16 जेट भी मार गिराए हैं। अब इन बड़े हमलों में लाहौर का मिटना तय माना जा रहा है।

### मिस्री बोले, भारत ने नहीं बढ़ाया तनाव, 75 साल पुरानी है झूठ बोलने की नापाक आदत

## 1947 में अपने जन्म से ही झूठा है पाकिस्तान भारत ने तथ्यों के साथ खोली उसकी पोल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली।

भारत ने गुरुवार को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से प्रचार के विभिन्न माध्यमों के जरिए फैलाई जा रही झूठी और भ्रामक जानकारी का सिलसिलेवार ढंग से पूरी तरह से पर्दाफाश कर दिया है। विदेश मंत्रालय में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी में हुए संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव





विक्रम मिस्री ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने की भारत की कार्रवाई किसी भी लिहाज से तनाव को बढ़ाने वाली नहीं थी। पाकिस्तान के तमाम आरोप झूठे और उसके भ्रामक प्रचार का हिस्सा हैं। हमने अभियान के तुरंत बाद आधिकारिक रूप से यह स्पष्ट कर दिया था कि पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर किया गया था। जिसका उद्देश्य केवल पाक अधिकृत कश्मीर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### कुटने के बाद भी कायर पाक नहीं आया बाज

## पाक ने 70 से 80 मिसाइलें दागी भारत के एस-400 ने ध्वस्त कीं

- पाक के एफ-16 विमान को मार गिराया
- जैसलमेर एयरबेस पर हमला भी नाकाम

एजेंसी ▸▸ जम्मू

शाम को जम्मू एयरपोर्ट पर पाक ने 8 मिसाइलें दागीं। लेकिन, भारत की एस-400 ने 8 पाकिस्तानी मिसाइलों को मार गिराया। कुपवाड़ा, सांबा, पुंछ व राजौरी में पाक की तरफ से भारी गोलाबारी की जा रही है। तंगधार में मोर्टार दागे गए हैं। जम्मू के आरएसपुरा इलाके में ब्लैकआउट किया गया है। जैसलमेर एयरबेस पर हमला नाकाम कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने पुष्टि की है कि जम्मू नागरिक हवाई अड्डे, सांबा, आरएस पुरा, अरनिया और पड़ोसी क्षेत्रों में पाकिस्तान से 8 मिसाइलें दागी गईं और सभी को एस 400 द्वारा उन्हें मार गिराया। जम्मू यूनिवर्सिटी में 3 ड्रोन ढेर किए गए। जम्मू में पाक के एफ-16 विमान को मार गिराया है। इस बीच सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उधर, धर्मशाला में आईपीएल मैच रोक दिया है। मैदान की फ्लड लाइड बुझा दी गई है। कच्छ में ब्लैक आउट है। पोखरण में भी मिसाइल गिरा दी गई। करीब 70 से 80 मिसाइलें गिरा दी गई हैं। भारत अब वड़ा वार करने की तैयारी है।

### पंजाब, राजस्थान व कच्छ के सीमावर्ती जिलों में भी ब्लैकआउट



हमले के खतरे के मद्देनजर पंजाब और राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में भी ब्लैकआउट किया गया है। सेना और बीएसएफ ने 100 किलोमीटर के आसपास के सीमा क्षेत्रों को बंद कर दिया है।

### भारत पर हमला करके पाक दुनिया के सामने बेनकाब

- पाक ने भारत पर हमला करके बड़ी गलती कर दी। भारत ने पाक पर हमला नहीं किया। भारत ने आतंकी ठिकाने तबाह किए।
- पाक ने भारत पर हमला करके दुनिया को बता दिया कि वह आतंकियों की तरफ से लड़ाई लड़ रहा है और वह आतंकियों का पनाहगार है।

### सिख समुदाय को भी पाक ने अपना दुश्मन बनाया

इस हमले में पाक की एक मिसाइल का मुंह अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की तरफ था, जिसे भारतीय सेना ने नष्ट किया। यह पहली बार है कि पाक सेना ने सिख समुदाय को धर्मस्थल की तरफ मिसाइल छोड़ी। भारत ही नहीं, दुनिया का सारा सिख समुदाय पाक की इस करतूत से आहत व नाराज है।

### चीन मे पाक को बेचा अपना कबाड़, माल कमाया

- एचक्यू एयर डिफेंस सिस्टम चीन ने पाक को बेचा था। ऐसे कई हथियार व डिफेंस सिस्टम चीन ने उसे बेचे। पर वे चल ही नहीं रहे। पाक ने इधर, जो बाइडेन से पैसा लिया और चीन को दे दिया। पाक के पैसे से बटोरने में शी जिनपिंग किंग साबित हुए।
- पाकिस्तानी सेना को ये डिफेंस सिस्टम बता ही नहीं पा रहे कि भारत की तरफ से मिसाइल या ड्रोन कहां से आ रहे हैं और कहां जा रहे हैं?

'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाया पाक


## सफल रहा 'ऑपरेशन सिंदूर', भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगाः राजनाथ

### भारत के 15 सैन्य ठिकानों पर पाकिस्तानी हमले की कोशिश नाकाम, लाहौर में उड़ाया एयर डिफेंस सिस्टम

जम्मू-कश्मीर में पाक सेना की गोलीबारी में गई 16 भारतीयों की जान, 3 महिलाएं, 5 बच्चे शामिल।

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए की गई भारतीय सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना) की कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह से बौखला गया है। अब उसने दोनों देशों के बीच तनाव को और अधिक बढ़ाने के लिए बीते बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि में करीब 1 बजे भारत के उत्तरी तथा पश्चिमी भाग में मौजूद 15 सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला करने की कोशिश की। जिसे वायुसेना की हाईअलर्ट की मुद्रा में तैनात समूची हवाई रक्षा प्रणाली (इसमें एस-400 सिस्टम भी शामिल है) ने तुरंत नाकाम कर दिया। साथ ही पाक के अंदाज वाली जवाबी कार्रवाई में भारत ने लाहौर में एक हवाई रक्षा प्रणाली (एचक्यू9बी) ▸▸ शेष पेज 5 पर



### दोपहर में पीएम मोदी को एनएसए डोभाल ने करीब 2 घंटे ब्रीफिंग दी

एनएसए अजित डोभाल गुरुवार दोपहर को पीएम मोदी से मिले। करीब 2 घंटे तक उन्होंने पीएम को ब्रीफिंग दी। इसके बाद गृह सचिव गोविंद मोहन भी पीएम से मिले। इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह व विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद थे।

### भारत के पास यह है बड़ा अवसर

## अब एलओसी को पीछे धकेल सकता है....

भारत के पास यह स्वर्ण अवसर बन रहा है कि वह अब अब अपनी खोई जमीन हासिल कर सकता है। क्योंकि, उसे समूची विश्व बिरादरी का समर्थन हासिल है। वह एलओसी को पीछे धकेल कर अपनी खोई जमीन वापस ले सकता है।

### गुस्सा ऐसा भी...

## हैदराबाद की कराची बेकरी के सामने प्रदर्शन

पाक से जुड़े नामों पर भारत में बेहद गुस्सा है। हैदराबाद की कराची बेकरी के सामने लोग जमा हो रहे हैं। वे कह रहे हैं कि नाम बदलो। बेकरी पर हर आदमी तिरंगा झंडा लगाकर जा रहा है। बेकरी के सिंधी मालिक ने तेलंगाना के सीएम से ब्रांड नेम बचाने की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि उसके दादा कराची से आए थे और उन्होंने यह बेकरी शुरु की थी।

## पूंछ में पाकिस्तान की ओर से नागरिकों पर लगातार हो रही गोलाबारी लांस नायक समेत 10 लोगों की मौत

- बदले में भारतीय सेना नेरारा जवाब, कई पाकिस्तानी सैनिक हलाक
- सीमावर्ती इलाकों में भारत ने कडी की चौकसी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सेना के पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों के खिलाफ किये गये ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में पाकिस्तान के लगातार सीजफायर उल्लंघन ने स्थानीय लोगों के लिए गंभीर संकट पैदा कर दिया है। प्रशासन ने सीमावर्ती गांवों से लोगों को कम्युनिटी बंकरों, स्कूलों, सामुदायिक भवनों, और पुंछ शहर के आंतरिक हिस्सों में स्थानांतरित किया है। कुछ मामलों में, लोगों को राजौरी और जम्मू जैसे सुरक्षित जिलों में भेजा गया है। रिलोकेट किए गए लोगों को अस्थायी शिविरों में भोजन, पानी, और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्थानीय लोगों को सुरक्षित पर पहुंचान की जिम्मेदारी जम्मू-कश्मीर पुलिस, बीएसएफ, और जिला प्रशासन के समन्वय से सावधानीपूर्वक की जा रही है। हालांकि, गोलाबारी का दायरा और तीव्रता रिलोकेशन को चुनौतीपूर्ण बना रही है। भारतीय सेना और सरकार स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सक्रिय हैं, लेकिन अगले कुछ दिन क्षेत्र की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण होंगे। पुंछ जिले में पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर लगातार किए जा रहे संघर्षविराम उल्लंघन (सीजफायर वॉयलेशन) के कारण हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

पुंछ जिले के मेंढर, बालाकोट, और कृष्णा घाटी सेक्टरों में पाकिस्तानी सेना ने सीमापार से भारी गोलाबारी शुरू की। इसमें छोटे हथियारों, मोर्टार, और गोले शामिल थे। गुरूवार की सुबह 6:15 बजे, पाकिस्तानी सेना ने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पाक पर 'जल प्रहार' भी

## भारत ने सलाल और बगलिहार डैम के गेट खोले



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर प्रहार करने की शुरुआत उसका पानी रोककर किया था। इसके तहत चिनाब नदी पर बने सलाल और बगलिहार डैम के सभी गेट बंद कर दिए गए थे। लेकिन, अब भारत ने पाकिस्तान पर दोहरी मार की है। भारत ने दोनों डैम के सभी गेट एक साथ खोल दिए हैं। इससे एक साथ नदी में अधिक पानी जाने से पाकिस्तान में बाढ़ के हालात बन सकते हैं। भारत ने जम्मू-कश्मीर में दो जलविद्युत बांधों - सलार बांध और बगलिहार बांध के कुछ स्लुइस गेट खोल दिए हैं।

### हमें भारत से बचा लो... संसद में फूट फूटकर रोया पाकिस्तानी सांसद



पाकिस्तान की संसद में वहां के सांसद फूट-फूटकर रो रहे हैं और कह रहे हैं कि हमें भारत के प्रकोप से बचा लो। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली का है। वीडियो में दिख रहे शख्स का नाम ताहिर इकबाल है। ताहिर इकबाल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन के सांसद हैं। वह पाकिस्तानी आर्मी में मेजर भी रह चुके हैं।

### अमेरिकी दूतावास ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा

लाहौर और उसके आस-पास ड्रोन विस्फोटों, संभावित हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की खबरों के कारण लाहौर में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास ने सभी कर्मचारियों और पाक में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का निर्देश दिया है।

### पीएम मोदी ने कहा - पाकिस्तानी हमले का डोजियर तैयार किया जाए

## 'ऑपरेशन सिंदूर' : पीएम मोदी की आंतरिक सुरक्षा सलाहकार और गृह सचिव के साथ हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूरर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोवाल और केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन के साथ गुरूवार की सुबह एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक कर आंतरिक सुरक्षा और सीमावर्ती राज्यों पर तैनाती की खोज खबर ली। दोनों के साथ अलग अलग प्रधानमंत्री आवास पर चली बैठक में भारत पाकिस्तान तनाव के बीच भारतीय सुरक्षा रणनीति पर विस्तार से चर्चा करना था।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि जम्मू कश्मीर के पुंछ में सहित आम नागरिकों पर किये जा रहे पाकिस्तानी हमले का डोजियर तैयार किया जाए ताकि अंतर्राष्ट्रीय समुदायों को पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन की जानकारी मय प्रूफ दी जा सके। एनएसए डोवाल के साथ बैठक लगभग 50 मिनट तक चली। जब कि इतना ही समय गृह सचिव गोविंद



मोहन के साथ बैठक में भी लगा। गृहसचिव ने पारा मिलिट्री फोर्सेज की तैनाती, तैयारियों के साथ सिविल डिफेंस ड्रिल पर विस्तार से प्रेजेंटेशन प्रधानंत्री को दिया। ये बैठक तब और महत्वपूर्ण हो जाती है जब ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्षविराम का उल्लंघन किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर में सीमावर्ती गांवों में 13 लोगों की मौत हो गई और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए।

**हर स्थिति से निपटने को तैयार रहने के निर्देशः** प्रधानमंत्री ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने आवश्यक प्रणालियों के सुचारू संचालन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, और आंतरिक संचार प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मंत्रालयों को अपनी कार्यप्रणाली की व्यापक समीक्षा करने और किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया।

**बैठक के प्रमुख बिंदु**

- एनएसए अजीत डोवाल ने प्ररी को नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय ▸▸ शेष पेज 5 पर

## कोरियर कंपनी के दफ्तर में लगी आग



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिले के ओखला इलाके में स्थित एक कोरियर कंपनी के दफ्तर में बृहस्पतिवार को आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर मिली। उन्होंने कहा यह आग ओखला स्थित एक कोरियर कंपनी के दफ्तर में लगी थी, जिसे दोपहर एक बजे तक पूरी तरह से बुझा दिया गया था। अधिकारी ने बताया कि मामले की आगे की जांच के लिए पुलिस को सूचित कर दिया गया है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाएगी। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है।

### हमला करने वाला आरोपी भी गंभीर रूप से हुआ घायल

# खाना बनाने के झगड़े में ले ली दोस्त की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- अमर कालोनी के श्रीनिवासपुरी में हुई वारदात

साउथ ईस्ट जिले के अमर कॉलोनी थाना इलाके में स्थित श्रीनिवासपुरी में खाना बनाने को लेकर हुये झगड़े में एक दोस्त ने दूसरे की जान ले ली। इस दौरान आरोपी युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान 22 साल के राकेश के रूप में हुई है। पुलिस ने बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल आरोपी का नाम 28 वर्षीय लालजी बताया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिस जगह पर हत्या की यह वारदात हुई है, वहां पर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। ग्राउंड फ्लोर बन चुका है। काम करने वाले वर्कर इसी मकान में रहते हैं। बुधवार देर रात चार लोग वहां पर खाना बना रहे थे। इस दौरान उनकी आपस में कहासुनी हुई। राकेश ने लालजी को बोला कि जो सब्जी बना रहे हो उसमें नमक ध्यान से डालना। नमक ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस बात पर लालजी गुस्से में आ गया। उसने नसीहत ना देने की बात कहीं। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा होने लगा इसके बाद लालजी ने वहीं पर कांच की बोतल से राकेश पर ताबड़तोड़ वार कर दिये। बचाव में राकेश ने भी लालजी पर हमला किया। राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी मौके पर ही हालत खराब हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल लालजी का इलाज चल रहा है। मौके पर मौजूद लोगों के बयान पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस को पता चला कि साइट पर काम करने वाले ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के उन्नाव के रहने वाले हैं।

## ख्याला में पीट पीट हत्या का आरोपी अरेस्ट



**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में साढ़े तीन साल पहले हुई हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक वांटेड भगौड़े अपराधी को एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को तीन साल पहले कोर्ट ने भी भगौड़ा घोषित कर दिया था। जितेंद्र उर्फ ज्वाला विष्णु गार्डन इलाके का रहने वाला है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार 29 सितंबर 2021 को पश्चिम विहार इलाके के गंदा नाला रोड पर एक शख्स की डैड बॉडी मिली थी। बाद में मृतक की पहचान हुई और फिर सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हत्या पीट पीटकर की गई थी। मामले में जितेंद्र फरार हो गया था और बाद में कोर्ट ने उसे भगौड़ा भी घोषित कर दिया था। इंस्पेक्टर मनीष चौधरी के नेतृत्व वाली टीम ने इसे विष्णु गार्डन इलाके से दबोचा। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# रेप में शामिल रेलवे कर्मचारी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- तीन महीने से था फरार
- कोलकाता रेलवे में तैनात आरोपी राजस्थान से पकड़ा
- मेट्रिमोनियल साइट के जरिए हुआ था युवती का संपर्क

पश्चिमी जिले की स्पेशल स्टाफ ने रेप के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कोलकाता रेलवे में तैनात था। इसे राजस्थान से पकड़ा गया। आरोपी और युवती का संपर्क मैट्रिमोनियल साइट के जरिए हुआ था। बातचीत शुरू हुई और दोनों मिलने जुलने लगे। युवक ने बताया कि वह कोलकाता रेलवे डिपार्टमेंट में पोस्टेड है। फिर उसने शादी के लिए युवती को प्रपोज किया और एक दिन मौका देखकर युवती के साथ फिजिकल रिलेशन बना लिये। लेकिन बाद में वह शादी से मुकर गया। परेशान होकर पीड़ित युवती ने मामले की शिकायत पुलिस में की। मायापुरी थाने में एक फरवरी को शिकायत दर्ज हुई थी। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। उसका मोबाइल नंबर भी बंद था। पुलिस टीम जब कोलकाता में उसके लोकेशन पर पहुंची तो वहां नहीं मिला। इसके बाद मामले की छानबीन के लिए स्पेशल स्टाफ की टीम को लगाया गया। तीन महीने बाद आरोपी को जयपुर स्थित सिरोली गांव से पकड़ा गया। आरोपी टीकम मूलतः दौसा, राजस्थान का रहने वाला है और कोलकाता रेलवे में क्लर्क है।

# 99 लाख कैश चोरी के मामले में तीन दबोचे, 64 लाख कैश बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ और पांडव नगर थाने की पुलिस ने 99 लाख रुपये चोरी का बड़ा मामला सुलझा लिया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे कुल 64 लाख रुपये नकदी बरामद हो गई है। आरोपियों ने करीब सात लाख रुपये अपना कर्जा और इधर उधर खर्च कर दिये।

डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार 25 अप्रैल को रेडिएंट कैश कंपनी के प्रबंधक जयकिशन से एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें कहा गया कि फर्म का कर्मचारी योगेश निवासी हिम्मतगढ़, अजमेरी गेट, दिल्ली मयूर विहार फेज-1 क्षेत्र में कंपनी के 99 लाख रुपये लेकर फरार हो गया है। योगेश मूलरूप से गांव दाउदपुर, जिला प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। शिकायत पर पांडव नगर थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। दिल्ली और उत्तर प्रदेश में योगेश के ठिकानों पर छापे मारे गए, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। हाल ही में पता चला कि योगेश ने अपने भाई मुकेश, चचेरे भाई राहुल और दोस्त पंकज उर्फ सानू के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। सभी के नेपाल में छिपे होने का संदेह था। 6 मई को आरोपी मुकेश को गांव दाउदपुर, यूपी से गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ के आधार पर 51.3 लाख रुपये बरामद हो गये। आगे के प्रयासों से सह-आरोपी राहुल और पंकज को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। साथ ही 13 लाख रुपये की अतिरिक्त वसूली की गई। मुख्य आरोपी को पकड़ने और शेष चोरी की संपत्ति बरामद करने के प्रयास जारी हैं। आरोपी मुकेश और राहुल दोनों एचडीएफसी बैंक में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। पंकज उर्फ सानू रेडियंट कैश कंपनी का पूर्व कर्मचारी है।

# प्रगति मैदान टनल में कारोबारी को गोली मारने वाले दो अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- परफ्यूम कारोबारी से करना चाहते थे लूटपाट
- दो आरोपी पहले पकड़े जा चुके

तिलक मार्ग थाना एरिया के प्रगति मैदान टनल में लूट और हत्या के प्रयास मामले में वांछित दो शूटरों को को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम साहिल खान और शिवम भदौरिया बताये गये हैं। इनसे एक अत्याधुनिक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, चार कारतूस और अपराध में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद हुई है। केस में दो आरोपी पहले ही लोकल पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार साहिल खान उस्मानपुर और शिवम भजनपुरा का रहने वाला है। 2 मई को प्रगति मैदान टनल में दो मोटरसाइकिलों पर आए चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक सशस्त्र डकैती का प्रयास किया था। पैसे लूटने के लिए नोएडा निवासी 61 वर्षीय शिकायतकर्ता पर पिस्तौल से एक राउंड फायर भी किया था। उनके पेट में गोली लगी थी। शिकायतकर्ता अपनी वैगन आर कार में लगभग 5 लाख रुपये ले जा रहा था।

मामले में गोविंद उर्फ प्रशांत नामक एक आरोपी और एक नाबालिग को तिलक मार्ग थाने की पुलिस पहले ही पकड़ चुकी है। साहिल और शिवम के बारे में क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि दोनों दक्षिण दिल्ली क्षेत्र में कहीं डकैती करने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सरोजिनी नगर के पास जाल बिछाया गया और पल्सर बाइक पर सवार दो संदिग्धों को रोका गया। तलाशी के दौरान साहिल मलिक और शिवम भदौरिया के पास से दो कारतूस के साथ एक पिस्टल बरामद की गई। शिवम ने वर्ष 2023 में डीयू से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। वह बेरोजगार है। साहिल मलिक इवेंट/पार्टियों में बाउंसर का पार्ट टाइम काम करता है। गोविंद पीड़ित शिकायतकर्ता की दुकान पर काम करता था। पीड़ित का परफ्यूम के आयात निर्यात का कारोबार है। गोविंद को उसकी सभी गतिविधियों की जानकारी थी।


### मालीगॉव में प्रस्तुतकरण एवं आपूर्ति का कार्य

**ई-निविदा प्रक्यूरमेंट सूचना संख्या. 03/2025 तारीखः 06-05-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंतित किया गया हैं। **निविदा संख्या. 01255018। कार्य का नामः** डीआरजी संख्या. आरटी-6068 अनुसार 60 केजी डिरेइलिंग स्वीच का प्रस्तुतकरण एवं आपूर्ति। **निविदा परिमाणः** पीएल संख्या. 60060030605 = 06 सेट (2) पीएल. संख्या. 60060414 = 07 सेट (3) पीएल. संख्या. 60060694 = 06 सेट। **निविदा जमा होगीः 28-05-2025** तारीख में।

**नोटः** निविदा सूचना और निविदा प्र पत्रों कि विस्तृत जानकारी के लिए निविदाकर्तागण (www.ireps.gov.in) वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं। प्रत्याशित बोलीदाताओं ने, जो उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करना चाहते हैं, अगर वे इसी बीच **आईआरईपीएस** वेबसाइट पर पंजीयनकृत है, तो उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर खुद को लॉग ऑन करना होगा एवं इलैक्ट्रॉनिकैली प्रस्ताव को दाखिल करना होगा। अगर वे **आईआरईपीएस** में पंजीयनकृत नहीं है तो भारत सरकार के एक्ट 2000 के अधीन अनुमोदित एजेंसी से क्लास -III डिजिटल सिगनेचर प्राप्त करने के लिए और उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करने के लिए उन्हे सलाह दी गई हैं।

पीसीएमएम/सीओएन/मालीगॉव

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
(निर्माण संस्था)
"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"


# एलजी ने द्वारका में किया दिल्ली के पहले उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन, खिलाड़ियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने द्वारका क्षेत्र में दिल्ली के पहले उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। लगभग 23.3 एकड़ में क्षेत्र में फैला यह परिसर मुक्केबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन और ताइक्वांडो के लिए एक बेहतरीन उत्कृष्टता केंद्र साबित होगा। इस अवसर पर एलजी सक्सेना के अलावा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, विधायक कैलाश गहलोत, डीडीए उपाध्यक्ष एन सरवण कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर एलजी सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिकों के बीच स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप दिल्ली का विकास किया जा रहा है। इस मौके पर एक बार फिर 2019 में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट के लक्ष्य को दोहराया है। जिसका उद्देश्य बच्चों और युवाओं को खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने और विभिन्न शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से फिटनेस को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा इस आंदोलन के परिणामस्वरूप देश के दूरदराज के क्षेत्रों से भी बच्चे विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों में भाग लेने लगे हैं। इस बारे में डीडीए ने बताया कि एलजी सेक्सेना के निरंतर मार्गदर्शन में डीडीए तीन और उत्कृष्टता केंद्र विकसित कर रहा है। द्वारका सेक्टर 23 में फुटबॉल और हॉकी के लिए उत्कृष्टता केंद्र। डीडीए असाधारण खेल बुनियादी ढांचे को उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है, और वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी में 17 खेल परिसरों और 3 गोल्फ कोर्स का प्रबंधन कर रहा है। डीडीए के अनुसार उत्कृष्टता केंद्र में इनडोर और आउटडोर सुविधाओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। इनडोर सुविधाओं में अत्याधुनिक व्यायामशाला और मुक्केबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन, ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, योग और एरोबिक्स के लिए समर्पित स्थान शामिल हैं। आउटडोर सुविधाओं में लॉन टेनिस (6 कोर्ट) और बैडमिंटन (6 कोर्ट) के लिए सिंथेटिक टर्फ कोर्ट, साथ ही बास्केटबॉल (4 कोर्ट), नेटबॉल (2 कोर्ट), वॉलीबॉल (2 कोर्ट) और पिकल-बॉल (4 कोर्ट) के लिए कोर्ट शामिल हैं। परिसर में एक ओपन-एयर जिम, एक समर्पित जॉगिंग, वॉकिंग ट्रैक और 50 मीटर बाय 25 मीटर का एक ओलंपिक आकार का स्विमिंग पूल भी है। परिसर की भविष्य की विस्तार परियोजनाओं में एक संयुक्त फुटबॉल और हॉकी मैदान, एक सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, एक स्केटिंग रिंक, एक स्पीड ट्रैक और एक बच्चों का पार्क शामिल है। इसके अतिरिक्त, एक आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल है, जो उच्च-स्तरीय इंटरनेट और ऑडियो-विजुअल उपकरणों से सुसज्जित है, जिसमें 100 लोगों के बैठने की क्षमता है, साथ ही एक कैफेटेरिया, एक रेस्तरां और भोज की सुविधाए भी हैं। डीडीए के अनुसार यह सुनिश्चित करने के लिए कि खेल के प्रति उत्साही इन सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सकें और उच्चतम स्तरों पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नवोदित प्रतिभाओं को आगे बढ़ा सकें, सभी खेलों में पेशेवर कोचिंग भी प्रदान की जाएगी, जिसमें उत्कृष्टता केंद्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा, विशेष रूप से मुक्केबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन और ताइक्वांडो में। भारत सरकार देश भर में खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है, खेलों को राष्ट्रीय विकास के उभरते स्तंभ के रूप में मान्यता दे रही है।

## सेना का मनोबल बढ़ाने आज जंतर मंतर पर जय हिन्द यात्रा में शामिल होगी कांग्रेस पार्टी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना के मनोबल को और अधिक बढ़ाने के लिए दिल्ली कांग्रेस कमेटी शुक्रवार को जंतर मंतर पर जय हिन्द यात्रा में भाग लेंगी। यह फैसला गुरुवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव की अगुवाई में संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी कार्यवाही के लिए सराहना प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस बारे में यादव ने बताया कि राजीव भवन में हुई महत्वपूर्ण बैठक में प्रस्ताव पास करके यह निर्णय लिया है कि प्रदेश कांग्रेस भारतीय सेना के मनोबल को मजबूत करने के लिए 9 मई, 2025 को सायं 3 बजे जंतर मंतर पर जय हिन्द यात्रा में भाग लेंगी। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम में शहीद हुए 26 निर्दोष लोगों का बदला लेकर पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी कैंपों को नेस्तनाबूद करने की जवाबी कार्यवाही के लिए सराहना प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में रखे गए प्रस्ताव में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का देश में संकट के समय सरकार को दिए गए समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं ने एक सुर में इस संकट की घड़ी में भारतीय सेना और देश के साथ खड़े होने का प्रस्ताव भी पास किया। बैठक में यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, पूर्व दिल्ली मंत्री डा नरेन्द्र नाथ व मंगतराम सिंघल, रोहित चौधरी, प्रवक्ता रागिनी नायक, वरिष्ठ नेता जगजीवन शर्मा आदि मौजूद थे।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अक्षत घई** मालिक **मैसर्सः** केएल घई एंड संस बी–14/1, डबल स्टोरी, रमेश नगर, दिल्ली और 6बी/7, दुकान नंबर 2, डबल स्टोरी, मेट्रो पिलर नंबर 373 के सामने, रमेश नगर, दिल्ली ने **CC No. 5033/2018, U/s 138 NI ACT थानाः शालीमार बाग, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अक्षत घई,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अक्षत घई,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 5033/2018, U/s 138 NI ACT थानाः शालीमार बाग, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अक्षत घई,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व भारद्वाज
जेएमएफसी, कमरा नंबर 113, उत्तर–पश्चिम जिला
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5788/NW/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सद्दाम, पुत्र :** मकबूल, **पताः** मकान नंबर 31, अलीगंज, कोटला मुबारकपुर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 296/2019 U/s 33 / 58 / 38 Delhi Excise Act, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सद्दाम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सद्दाम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 296/2019 U/s 33 / 58 / 38 Delhi Excise Act, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सद्दाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंगल
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–09
कमरा नं. 286, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5774/N/2025
(Court Matter)


### जीटीबी अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# नर्सिंग स्टाफ से त्याग, करुणा और समर्पण जैसे गुणों को सीखना चाहिए : विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अस्पताल में जब किसी को तकलीफ होती है तो वे नर्स को सिस्टर कहकर बुलाते हैं मतलब नर्स हॉस्पिटल में बहनों की तरह मरीजों की देखभाल करती हैं। जब हम किसी दिन को मनाते हैं तो उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। नर्स के रूप में काम करने वाली बहनें हमें त्याग, तपस्या, करुणा की प्रेरणा देतीं हैं। हमें उनके गुणों से सीखना चाहिए और अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। ये बातें अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर विजेंद्र गुप्ता ने गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ को संबोधित करते हुए कहीं। जीटीबी अस्पताल की नर्सेज एसोसिएशन द्वारा गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस समारोह-2025 का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर जीटीबी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में रोहताश नगर के विधायक जितेंद्र महाजन और गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार उपस्थित थे। गुप्ता ने कहा कि हम कोविड के दिनों को भूले नहीं हैं।

## एनएचएआई के जरूरी कार्य के चलते बवाना क्षेत्र में 9 से 12 मई तक बिजली आपूर्ति रहेगी शटडाउन

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के बवाना क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को तीन दिन बिजली शैडिंग की दिक्कत झेलनी पड़ सकती है। इस बारे निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर डीडीएल ने बताया कि नेशनल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य के तहत बवाना-1 से बवाना क्लियर वाटर (बीसीडब्ल्यू) सर्किट 12-19 मई 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक शटडाउन की योजना बनाई है। यानी इस दौरान बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है। कंपनी का कहना है कि यह शटडाउन 66 केवी के ओवरहेड कंडक्टर को भूमिगत केबल (एक हिस्से) से बदलने के लिए किया जा रहा है, जो एनएचएआई के इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य का हिस्सा है। यह 66 केवी सर्किट बांकनेर, बवाना जेजे कॉलोनी, औचंदी, दरियापुर नांगल, घोघा गांव, बरवाला, होलम्बी कलां और बवाना गांव (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) जैसे क्षेत्रों को बिजली सप्लाई करते हैं। कंपनी का कहना है कि उपभोक्ताओं को कम से कम असुविधा हो, इसके लिए एक वैकल्पिक योजना तैयार की गई है और जरूरी इंतजाम किए गए हैं। चूंकि सामान्य रूप से इन क्षेत्रों को बिजली देने वाले सर्किट शटडाउन में रहेंगे, इसलिए कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है। विश्वसनीय आपूर्ति बनाए रखने के लिए 66 केवी नेटवर्क के लिए वैकल्पिक सर्किट का उपयोग किया जाएगा और 11 केवी स्तर पर बैंक फंडिंग की व्यवस्था की गई है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल सर्जन, कैथल | जिला सिविल हॉस्पीटल कैथल में रोडेट कंट्रोल सर्विस। | 08.05.2025 20.05.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | राज्य के सरकारी स्कूलों में इंटीग्रेशन ऑफ टेक्नोलॉजी के माध्यम से शिक्षा को परिणत करने के लिए एलईडी /टीवीएस (डिजिटल उपकरण) की अधिप्राप्ति। | 09.05.2025 23.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsncharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड ब्लीचिंग पाउडर की खरीद। | 09.05.2025 23.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsncharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/60/34589/I/88/7 दि. 08.05.25

## फायर सेफ्टी के लिए तंग और संकरी गलियों में इस्तेमाल होने वाली 'क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल्स' का सीएम ने देखा डेमो

# दिल्ली सरकार ने शुरू की आपात स्थिति से निपटने की कवायद : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके न्यया के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा अंजाम दिए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की राजधानी दिल्ली को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार करने की कवायद दिल्ली सरकार ने शुरु कर दी है। इस बाबत दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में अग्निशमन सेवाओं की क्षमता और पहुंच को बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष रूप से डिजाइन किए गए 'क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल्स' के डेमो का निरीक्षण किया। ये वाहन खासतौर पर उन तंग और संकरी गलियों में आग बुझाने के लिए तैयार किए गए हैं, जहाँ फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ियां नहीं पहुंच पाती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह एक कॉम्पैक्ट फायर और रेस्क्यू यूनिट है, जिसे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार किया गया है। इसका कॉम्पैक्ट डिजाइन इसे भीड़भाड़ वाले इलाकों और संकरी गलियों में भी आसानी से संचालित होने योग्य बनाता है। क्यूआरवी में फायर सप्रेशन सिस्टम, वाटर मिस्ट और फोम सिस्टम जैसे आधुनिक तकनीकें शामिल हैं, जो छोटे और मध्यम स्तर की आग पर काबू पाने में सक्षम हैं। इसके अलावा, इसमें कटर्स, स्प्रेडर्स, फायर एक्सटिंग्विशर और रेस्क्यू किट जैसे आवश्यक बचाव उपकरण भी मौजूद हैं। जीवन रक्षक सहायता के लिए इसमें स्ट्रेचर और फर्स्ट एड किट उपलब्ध हैं, वहीं आपात स्थितियों में बेहतर समन्वय के लिए पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम और वायरलेस कम्युनिकेशन सिस्टम भी लगाया गया है। क्यूआरवी का उपयोग शहरी अग्निकांड, ट्रैफिक हादसों, आपदाओं और बड़े सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह पारंपरिक फायर इंजनों की तुलना में ज्यादा तेज प्रतिक्रिया देता है, एक ही वाहन से आग बुझाने, राहत और चिकित्सा सहायता की सुविधा प्रदान करता है।



### फायर फाइटिंग व्यवस्था को अधिक कारगर बनाने के लिए शामिल होंगे अत्याधुनिक संसाधन

मुख्यमंत्री ने बताया कि फायर फाइटिंग व्यवस्था को और अधिक कारगर बनाने के लिए सरकार कई अत्याधुनिक संसाधन शामिल कर रही है। इनमें आर्टिकुलेटेड वॉटर टावर वाहन , 32 मीटर टर्नटेबल लैडर, मिनी फायर-फाइटिंग रोबोट और क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल्स शामिल है। उन्होंने बताया कि आर्टिकुलेटेड वाटर टावर वाहन पूरी तरह रिमोट-नियंत्रित है और थर्मल व ऑप्टिकल कैमरों से सुसज्जित है। यह उपकरण अग्निशामकों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जोखिम भरे स्थानों पर आग बुझाने में सक्षम है। वर्तमान में ऐसे दो वाहन एक कनॉट प्लेस और दूसरा लक्ष्मी नगर फायर स्टेशन पर तैनात है। इसके अतिरिक्त, 32 मीटर टर्नटेबल लैडर को भी सेवा में शामिल किया गया है, जो ऊँची इमारतों में आग बुझाने और ऊँचाई पर फंसे लोगों को बचाने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। यह लैडर फायर ट्रक पर लगा होता है और 360 डिग्री घूम सकता है, जिससे इसे किसी भी दिशा में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### फायर सर्विस के लिए रखा गया 504 करोड़ रुपए का बजट

मुख्यमंत्री ने बताया कि फायर सर्विस के लिए कुल 504 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया है, जिसमें से 110 करोड़ की राशि नई मशीनरी, उपकरण और आधुनिक टूल्स की खरीद के लिए निर्धारित की गई है। जल्द ही 100 मिनी फायर क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल्स तैनात किए जाएंगे जो विशेष रूप से तंग गलियों में ऑपरेशन के लिए उपयुक्त होंगे। हमारा उद्देश्य है कि दिल्ली फायर सर्विस देश की ही नहीं, बल्कि विश्व की सबसे आधुनिक और सजग फायर सेवा बनकर उभरे।

### सभी फायरकर्मियों को ट्रेनिंग दी जाएगी

मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सभी फायरकर्मियों को अत्याधुनिक ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि वे खुद की सुरक्षा के साथ-साथ बेहतर सेवा दे सकें। साथ ही, जल्द ही दिल्ली अग्निशमन मुख्यालय की नई आधुनिक इमारत का निर्माण भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि दिल्ली में किसी भी आग की घटना पर त्वरित, कुशल और सुरक्षित कार्रवाई जल्द से जल्द की जा सके और नुकसान को न्यूनतम किया जाए। दिल्लीवासियों और अग्निशमन कर्मियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हम हर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### दिल्ली सरकार खरीदने जा रही है 100 नए अत्याधुनिक फायर टेंडर : सूद

इस अवसर पर दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने बताया कि दिल्ली में फायर सर्विस को और सशक्त और आधुनिक बनाने के लिए दिल्ली सरकार 100 नए अत्याधुनिक फायर टेंडर खरीदने जा रही है, जो राजधानी के विभिन्न इलाकों में तैनात किए जाएंगे। इन फायर टेंडरों का उद्देश्य संकरी गलियों और भीड़-भाड़ वाले बाजारों में आग लगने पर त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देना है।

### मुख्यमंत्री ने वुमन एंबेसडरों के साथ किया संवाद



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को 12 देशों की वुमन एंबेसडर के साथ संवाद किया। इस अवसर पर सभी प्रतिनिधियों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान, महिला सशक्तिकरण, और वैश्विक साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर और सार्थक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस संवाद का मुख्य उद्देश्य वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक और विकासात्मक सहयोग को बढ़ाना और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में महिलाओं की भूमिका को सम्मानित करना रहा। इस मौके पर सेशेल्स, ट्यूनिशिया, नॉर्वे, रवांडा, चेक रिपब्लिक, स्विट्जरलैंड, तंजानिया, थाईलैंड, कंबोडिया, मालदीव, नीदरलैंड और रोमानिया की वुमन एंबेसडर शामिल रही। वुमन एंबेसडर ने दिल्ली सरकार की जनसेवा योजनाओं की सराहना की और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को लेकर सहयोग की इच्छा जताई। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने दिल्ली में स्वास्थ्य, शिक्षा, और शहरी ढांचे में हुए सुधारों की जानकारी दी और महिला सशक्तिकरण, सार्वजनिक परिवहन और डिजिटल गवर्नेंस जैसे मुद्दों पर वैश्विक सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि आज का संवाद वैश्विक मंच पर महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए सरकार का एक छोटा सा प्रयास है। वैश्विक मंच पर महिलाओं की सशक्त भूमिका को देखकर हमे गर्व होता है। ऐसे संवाद हमें न केवल नई सोच से जोड़ते हैं, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व को और भी सशक्त करने की दिशा में मार्गदर्शन भी करते हैं। उन्होंने बताया कि महिलाएं जब वैश्विक कूटनीति में नेतृत्व करती हैं, तो वह न केवल शांति और सहयोग को बढ़ावा देती हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक सकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं। दिल्ली सरकार महिलाओं के ऐसे नेतृत्व को सदैव प्रोत्साहित करती रही है और हम चाहते हैं कि हमारी राजधानी भी एक ऐसा वातावरण दे जहां हर महिला को नेतृत्व का अवसर मिले और वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाए।

### आयुर्वेद से जुड़े स्टार्ट-अप को प्रायोजित करने की योजना बना रही दिल्ली सरकार: मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली सरकार वैश्विक आयुर्वेद शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने और सदियों पुरानी भारतीय चिकित्सा प्रणाली पर केंद्रित स्टार्टअप को सहायता प्रदान करने की योजना बना रही है। अखिल भारतीय आयुर्वेद कांग्रेस को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से आयुर्वेद वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो रहा है, अन्य देश अधिक जानकारी और आयुर्वेदिक दवाओं की उपलब्धता के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आयुष मंत्रालय की स्थापना करने और नीतियां बनाकर आयुर्वेद और अन्य संबंधित औषधीय प्रणालियों को एक बड़ा मंच प्रदान करने के लिए धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की तर्ज पर दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है। आयुर्वेद क्षेत्र के विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें दिल्ली में एक वैश्विक आयुर्वेद शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहिए जिसे सरकार का समर्थन मिलेगा। हम शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के लोगों के सामने आयुर्वेदिक प्रणाली को पेश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार युवाओं को इस क्षेत्र में काम करने के वास्ते प्रोत्साहित करने के लिए आयुर्वेद आधारित स्टार्टअप को प्रायोजित करने जैसी विभिन्न पहल शुरू करने की योजना बना रही है, जबकि योग गुरुओं और विशेषज्ञों को नवाचार पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने सभी आयुर्वेद ग्रंथों और ज्ञान को डिजिटल स्वरूप प्रदान करने का भी सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में कुल 197 आयुष केंद्र संचालित हैं जहां आयुर्वेदिक दवाएं प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि इन आयुष केंद्रों में 55 आयुर्वेद, 25 यूनानी और 117 होम्योपैथी चिकित्सा से जुड़े केंद्र शामिल हैं।

# दिल्लीवासियों की समस्याओं का आपसी समन्वय के साथ शीघ्र समाधान किया जाएगा : मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों और विद्युत मंत्री ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्रियों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्रियों के साथ एक बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने पिछली सरकार के लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान और जनहित से जुड़ी प्राथमिक परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए समन्वय और साझेदारी के साथ कार्य करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक के बाद मनोहर लाल ने बताया कि दिल्ली के समग्र विकास हेतु गुरुवार को दिल्ली सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में बहन रेखा गुप्ता, और दिल्ली सरकार वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में किफायती आवास, आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली, विद्युत क्षेत्र में सुधार और सार्वजनिक स्थलों के पुनर्विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा कर पिछली सरकार के लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान और जनहित से जुड़ी प्राथमिक परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए समन्वय और साझेदारी के साथ कार्य करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक के दौरान दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। मनोहर लाल ने कहा कि पिछली सरकारों की अक्षमता के कारण पिछले 15-20 वर्षों से समस्याएं बरकरार थीं। हमारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लगातार कैबिनेट के साथ उन समस्याओं के समाधान पर चर्चा कर रही हैं जिनका सामना दिल्ली के लोग कर रहे हैं।' बैठक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिजली विभाग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अभी तक यह सब अनौपचारिक है और हम जल्द ही औपचारिक नीतियां लेकर आएंगे। हमने जमीन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और जल्द ही दिल्ली वासियों को सुविधाएं मिलेंगी और समस्याएं हल होंगी। वहीं सीएम रेखा गुप्ता ने बैठक के बाद कहा कि गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में केंद्रीय आवास और शहरी कार्य एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से शिष्टाचार भेंट कर उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर दिल्ली के विकास से जुड़े शहरी आवास, आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली,जमीन से जुड़े मुद्दों जैसे लीज होल्ड से फ्री होल्ड करना, कन्वर्जन रेट पर चर्चा, जेएनयूआरएम, लैंड पूलिंग पॉलिसी एवं दिल्ली लैंड रिफॉर्म्स एक्ट 1954 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। सीएम ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का मार्गदर्शन हमारे लिए हमेशा ही प्रेरणादायक रहा है। सीएम ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार है, जल्द ही चीजें सुव्यवस्थित हो जाएंगी।

# दिल्ली में शुरू होगी 'टैलेंट हंट योजना' हुनरमंदों को मिलेगी पहचान : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हुनरमंदों को पहचान देने के लिए दिल्ली में पहली बार 'टैलेंट हंट योजना' शुरू होगी। इससे दिल्ली के सितारों को अपनी कला और हुनर को प्रदर्शित करने का एक मंच मिलेगा। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के कला, संस्कृति और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद दी। इस बैठक में विभाग द्वारा 'टैलेंट हंट योजना' की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। योजना का उद्देश्य नवोदित कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने, मार्गदर्शन प्राप्त करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान पाने का अवसर प्रदान करना है। गौरतलब है कि इस योजना की घोषणा दिल्ली सरकार के बजट 2025-26 के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की थी। यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लक्ष्य संगीत, नृत्य, लोककला, क्लासिकल, वाद्य संगीत तथा फोटोग्राफी जैसे विभिन्न रचनात्मक क्षेत्रों में दिल्ली की अपार प्रतिभा को उभारना है। यह योजना न केवल प्रतिभाओं को तराशेगी, बल्कि उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि टैलेंट हंट योजना की शुरुआत दिल्ली को क्रिएटिविटी की वैश्विक राजधानी बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दूरदर्शी नेतृत्व में हम न केवल प्रतिभा को खोजेंगे, बल्कि उन्हें उचित मार्गदर्शन और मंच भी प्रदान करेंगे। यह पहल दिल्ली की सांस्कृतिक समृद्धि को एक नया आयाम देगी। बिना भेदभाव के दिल्ली के सभी हुनरमंद लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। साथ ही राजधानी की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने के लिए विभिन्न समुदायों से सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं और मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को आवश्यक संसाधन और नेटवर्क प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपनी कला को नए स्तर तक ले जा सकें। 'टैलेंट हंट योजना' न केवल रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में है, बल्कि दिल्ली की जीवंत सांस्कृतिक विरासत को भी सम्मानित करने का प्रयास है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने नांगलोई-नजफगढ़ सड़क की स्थिति को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जारी महा स्वच्छता अभियान के तहत दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सचिवालय में विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र की नागरिक सुविधाओं को लेकर पीडब्ल्यूडी और दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में डॉ. पंकज कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों से विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न सफाई अभियान एवं विकास कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान नांगलोई-नजफगढ़ सड़क की स्थिति, क्षेत्र में जलभराव की समस्या, सीवर की सफाई, सुपर सकर मशीनों के माध्यम से ड्रेनेज सिस्टम की सफाई और साइन बोर्ड की स्थिति जैसे प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि बरसात से पहले सभी जरूरी तैयारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने एवं सभी लंबित परियोजनाओं को शीघ्रता से शुरू किया जाए और तय समय सीमा में पूरा किया जाए। मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि जनता की सुविधाओं से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों को इस संबंध में जवाबदेह ठहराया जाएगा।

### मंदिर व सत्संग भवन पर कार्रवाई पर डीडीए ने दिया स्पष्टीकरण, कोर्ट के निर्देश पर हुआ एक्शन

**नई दिल्ली।** यमुनापार लक्ष्मी नगर स्थित प्रियदर्शनी एन्क्लेव में डीडीए द्वारा मंदिर पर कार्रवाई पर प्राधिकरण ने स्पष्टीकरण दिया है। इस मुददे पर डीडीए ने बताया है कि जे.के. मित्तल बनाम के.सी. मेहरा आयुक्त, एमसीडी अवमानना प्रकरण (सी) 339/2008 में उच्च न्यायालय के दिनांक 15 सितंबर 2023 और 14 अक्टूबर 2024 के निर्देशों के अनुपालन में प्राधिकरण ने 8 मई 2025, गुरुवार को ए-ब्लॉक प्रियदर्शनी विहार (अमेरिकी दूतावास भारतीय कर्मचारी सीएचबीएस) में कार्रवाई की गई। इसमें नर्सरी स्कूल स्थल के लिए निर्धारित 926 वर्ग मीटर भूमि पर मौजूद सत्संग भवन और मंदिर के आकार में मौजूद अनधिकृत संरचनाओं को हटाने के लिए ध्वस्तीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। डीडीए ने बताया कि प्राधिकरण ने आज सत्संग भवन का एक हिस्सा ध्वस्त कर दिया है और ध्वस्तीकरण कार्यक्रम शुक्रवार को भी जारी रहेगा।

# गत 125 वर्ष में दूसरी बार मई में सबसे ज्यादा बरसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- अगले दो दिन के लिए येलो अलर्ट जारी

दिल्ली में मई का महीना भीषण गर्मी का माना जाता है, लेकिन इस बार लगभग 125 वर्ष में यह दूसरी बार है जब रिकार्ड बारिश दर्ज हुई है। आलम यह है कि लगातार पांचवें दिन गुरुवार को भी दिल्ली में कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार 125 वर्षों में दूसरी सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई। मई माह में इस बार मौसम का मिजाज खासा बदला हुआ है। सप्ताह भर से तापमान भी सामान्य के आसपास या उसके नीचे बना हुआ है। अगले एक सप्ताह तक और कमोबेश यही स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान है। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटों में मयूर विहार में सबसे ज्यादा 20.5 मिमी पानी बरसा। जबकि सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच हल्की बारिश दर्ज की गई। आईएमडी के आंकड़े बताते है कि अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.0 डिग्री ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से -0.5 नीचे है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शुक्रवार का भी दिल्ली में बारिश व 40-50 किमी तेजी वाली हवाएं चल सकती है। जबकि अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की और गिरावट भी संभव है। जबकि शनिवार से अगले तीन चार दिनों तक दिल्ली में मौसम सुहाना दिखाई देगा। बादलों के बीच से सूरज की तांक झांक बनी रहेगी लेकिन तेवर नर्म ही रहने की ज्यादा संभावना है। यानी कहा जा सकता है कि मई माह के मध्य के बावजूद दिल्ली राहत वाली दिखाई देगी।

### कृष्णा नगर में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, शाहदरा साउथ जोन में मेगा सफाई अभियान जोरों पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने गुरुवार को यमुनापार शाहदरा साउथ जोन अंतर्गत कृष्णा नगर वार्ड और मंडावली वार्ड में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने की बड़ी मुहिम चलाई। इस कार्रवाई में निगम की टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से दुकानों के आगे किए गए अवैध निर्माण और सड़क किनारे लगी अस्थायी दुकानों को हटा दिया। निगम के अनुसार यह पूरी कार्रवाई उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दिशा निर्देश पर चल रहे 20 दिवसीय मेगा सफाई अभियान' का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है। इस बारे में शाहदरा साउथ जोन के डिप्टी कमिश्नर बादल कुमार ने जानकारी दी कि यह कार्रवाई अतिक्रमण के खिलाफ निगम की सतत नीति का हिस्सा है। जनहित और सार्वजनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है।

## दिल्ली सरकार ने नगर निकायों को दिया ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार

# अब ध्वनि प्रदूषण नियमों के उल्लंघन की शिकायत पर होगी तुरंत कार्रवाई, लोगों को शोर से मिलेगी राहत : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए बड़ा कदम उठाते हुए स्थानीय निकायों को उल्लंघन पर सीधे कार्रवाई करने का अधिकार दे दिया है। इससे शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो सकेगी और लोगों को ध्वनि प्रदूषण से राहत मिलेगी। इस बात की जानकारी गुरुवार को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रण में करने के लिए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) अधिनियम, 2000 में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं जिनमें स्थानीय निकायों को सशक्त किया गया है। संशोधित नियमों के मुताबिक अब नगर निगमों और स्थानीय निकायों के अधिकारी राजधानी में ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई कर सकेंगे। इसके अलावा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को भी कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया है। साथ ही डिप्टी कमिश्नर (राजस्व), सब डिवीजन मजिस्ट्रेट (राजस्व), पुलिस कंट्रोल रूम के सहायक पुलिस आयुक्त, सभी सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी (रेलवे और हवाई अड्डों सहित) और असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर (ट्रैफिक) भी अब प्रदूषण नियंत्रण नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया आरंभ करने के लिए सक्षम होंगे। इन अधिकारियों को जांच और नोटिस जारी करने समेत अभियोजन एवं रोकथाम की कार्रवाई करने का अधिकार होगा। अधिकार क्षेत्र में इस विस्तार से उस कमी को दूर करने की कोशिश की गई है, जिसके तहत पहले अधिकारियों के सिर्फ एक सीमित वर्ग को ही ध्वनि प्रदूषण नियमों के तहत कार्रवाई करने का अधिकार प्राप्त था। सरकार के इस निर्णय से विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और पशुओं को राहत मिलेगी जो अपने आस-पास हो रहे अत्यधिक शोर से परेशान होते हैं। नये नियम में अब नागरिकों को भी यह स्पष्ट कर दिया गया है कि ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ किससे शिकायत करनी है, ताकि शिकायत निवारण की प्रक्रिया तेज, स्थानीय और अधिक जवाबदेह हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि यह कदम उठाने से पहले राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के निर्देशों और वरिष्ठ पर्यावरण अधिकारियों, कानूनी सलाहकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की गई व्यापक समीक्षा बैठक की गई। फिर दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग द्वारा विधि विभाग, डीपीसीसी एवं अन्य संबंधित निकायों से परामर्श के आधार पर मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल की स्वीकृति के बाद लिया गया है। इस कदम का मकसद ध्वनि प्रदूषण नियमों को और अधिक प्रभावी बनाना है ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# गुप्ता ने थैलेसीमिया रोगियों के लिए सहयोग का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस 2025 के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता ने सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वे "थैलेसीमिया रोगियों के लिए देखभाल, गरिमा और आशा से भरे भविष्य की दिशा में सामूहिक प्रयास करें"। उन्होंने थैलेसीमिया से जूझ रहे रोगियों और उनके परिवारों की दृढ़ता की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। वहीं अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस 2025 के अवसर पर, वैश्विक "ब्रिंग लाइट टू थाल" अभियान के तहत गुरुवार की शाम को दिल्ली विधानसभा को लाल रोशनी में रोशन किया गया। यह प्रतीकात्मक पहल थैलेसीमिया रोगियों के प्रति एकजुटता दर्शाने और इस आनुवंशिक रक्त विकार के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई। यह कार्यक्रम दिल्ली विधानसभा परिसर में नेशनल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता उपस्थित थे। गुप्ता ने कहा कि भारत थैलेसीमिया से सर्वाधिक प्रभावित देशों में से एक है, जहां 5 करोड़ से अधिक वाहक और प्रतिवर्ष अनुमानित 12,000 से 15,000 बच्चे थैलेसीमिया मेजर के साथ जन्म लेते हैं।

**खबर संक्षेप**

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 12 मई को

**फरीदाबाद।** जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक 12 मई को प्रातः 10.30 बजे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सम्मेलन केन्द्र, सेक्टर-12 में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी डीसी विक्रम सिंह ने दी। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन और वन्यजीव, सहकारिता, सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह करेंगे।



### मोटरसाइकिल छीनने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** कट्टा के बट्ट से हमला करके मोटरसाईकिल छीनने के मामले में आरोपी आशीष को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया बॉबी निवासी शास्त्री कालोनी पल्ला फरीदाबाद ने थाना पल्ला में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया 22 अप्रैल को रात 3 बजे अपने घर से ग्यासी की कोठी पर जा रहा था तभी रास्ते में आशीष जाट व उसके एक दोस्त ने उसे रोक लिया व देसी कट्टा के बट्ट से हमला कर उसकी मोटरसाइकिल छीन कर भाग गए।



### फ्रॉड के मामले में 2 आरोपियों को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड फ्रॉड के मामले में साइबर थाना एनआईटी ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना एनआईटी में एनआईटी निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 10 जुलाई 2024 को उसके पास ठगों का कॉल आया और बताया कि इंडस्लैंड बैंक से बोल रहे है तथा इंश्योरेंस के लिए पेमेंट करने की बात कही। बाद ठगों ने उसे इंडस्लैंड बैक एप की सेंटिग चैंज करने को कहा और इसके बाद उसका फोन हैक हो गया। उसके फोन पर एक ओटीपी आया और उसके खाता से 203,302 रुपए कटने का मैसेज प्राप्त हुआ।





# देशवासियों को सरकार व भारतीय सेना पर है गर्वः नेहा शालिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर गुरुग्राम के सेक्टर-103 में चिंतामणी डेवलपर की साइट पर भाजपा की प्रवक्ता नेहा शालिनी दुआ ने कामगारों को मिठाईयां बाटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इससे पहले उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अपनी जान गवां चुके लोगों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। नेहा ने कहा कि गत 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने पहलगाम में निहत्थे 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना को लेकर देशवासियों में जबरदस्त रोष था। सरकार ने भी घोषणा की थी कि वे आतंकवादियों को घर में घुसकर ही मारेंगे। सरकार ने अपना वायदा पूरा कर दिया है।

**खास बातें**

- मोदी सरकार जो कहती है वह डंके की चोट पर करके दिखाती है
- 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने पहलगाम में निहत्थे 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी
- इस घटना से देशवासियों में जबरदस्त रोष था



## प्रवक्ता ने कामगारों को मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया

देशवासियों को देश की सरकार व भारतीय सेना पर गर्व है। नेहा ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाकर जो आतंकवादी ठिकानों का खात्मा किया है वह आतंक और आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब है। मोदी सरकार ने साफ कर दिया कि आतंकवाद को करारा जवाब देने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार जो कहती है वह डंके की चोट पर करके दिखाती है। नेहा ने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है। हमारी सेना ने आतंकवाद को मुंह तोड़ जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि व उनके परिजनों के साथ न्याय है। भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक से आज पूरे देश में खुशी का माहौल है। मोदी सरकार किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए तैयार है। मोदी सरकार के इस एक्शन से देश और प्रदेश की जनता में खुशी का माहौल है।

### कमिश्नर ने कहा-नालों के साथ अतिक्रमण हटाने के अभियान को रखें जारी

# अधिकारी मानसून से पहले शहर के सभी नाले और नालियों की सफाई करवाना करें सुनिश्चितः धीरेंद्र खड़गटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद नगर निगम के नवनियुक्त कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने कल दोपहर बाद निगम का कार्यभार संभालने के बाद आज निगम मुख्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम मुख्यालय में सभी जोन के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उसके बाद अधिकारियों के साथ मीटिंग कर सभी को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराए।

निगम के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित सभी जोन के अधिकारियों के साथ मीटिंग में पहुंचने पर निगम के अधिकारियों ने नवनियुक्त कमिश्नर का पुष्प गुच्छक देकर स्वागत किया। निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करवाना और अतिक्रमण से शहरवासियों को राहत प्रदान करना रहेगी। उन्होंने कहा कि निगम की कार्यप्रणाली में सुधार करना भी उनकी प्राथमिकता रहेगी। निगम कमिश्नर का पद संभालने के आज सभी अधिकारियों के साथ हुई पहली मीटिंग में बाद उन्होंने निगम के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें दिशा निर्देश दिए हैं कि बरसात से पहले नालों की सफाई कराई जाए ताकि लोगों को परेशानी न आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की शहर की सफाई के साथ साथ शहर की सुंदरता के लिए कार्य करें। सड़कों के डिवाइडर और चौक-चौराहो को फूल वाले पौधे लगाकर सुंदर बनाने की दिशा में कार्य करें।



**कमिश्नर ने नागरिकों की समस्याएं सुनी**

निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने मुख्यालय निरीक्षण के दौरान जोन 2 के कार्यालय में खड़े हुए नागरिकों से उनकी समस्या भी सुनी,जिन्होंने अपना नाम राहुल और विनीत बताया वह सेक्टर 46 के रहने वाले थे अपनी प्रॉपर्टी आईडी में नाम अपडेट और मोबाइल नंबर करवाना के लिए आए थे। निगम कमिश्नर के आदेशों पर तुरंत प्रभाव से दोनों व्यक्तियों की समस्याओं को दूर कर उन्हें सूचित किया। निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं की निगम कार्यालय मे अपनी समस्याओ की शिकायत लेकर आने वाले लोगों कार्यालय के चक्कर ना कटवाए और उनकी समस्याओं का समाधान करें। इस बैठक में एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल, मुन्सिपल कमिश्नर विजय पाल यादव, जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार,जॉइंट कमिश्नर हितेन्द्र कुमार, जॉइंट कमिश्नर द्विजा,जॉइंट कमिश्नर करण सिंह भदौरिया, मुख्य अभियंता विवेक गिल,अधिक्षण अभियंता ओमवीर सिंह, एसटीपी सतीश पाराशर, एमओएच डॉक्टर नीतीश परवाल, सीनियर आर्किटेक्ट बीएस ढिल्लों, एक्सईन पद्म भूषण, एक्सईन नितिन कादियान, एक्सईन ओमदत्त, एक्सईन ओपी कर्दम, महेंद्र रावत और सुशील ठाकरान, सभी क्षेत्रीय कर अधिकारी, सफाई निरीक्षक मुख्यालय बिसन तेवतिया सहित सभी विभागों के जोन हेड एसडीओ और जेई सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### खनन मंत्री पवार ने पाली क्रेशर जोन में मारा छापा

## किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पाली क्रेशर जोन में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया जब हरियाणा के खनन मंत्री कृष्ण लाल पवार ने क्रेशर जोन में अचानक छापा मारा। मंत्री के इस अचानक छापेमारी का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में खनन संबंधी गतिविधियों की वास्तविक स्थिति की जांच करना तथा राज्य सरकार को संभावित राजस्व हानि से बचाना था।


जोन के एक क्रेशर पर मंत्री कृष्ण लाल पवार ने लगभग एक घंटे तक जांच पड़ताल की। मंत्री पंवार को काफी समय से शिकायत मिल रही थी की कुछ लोग सरकार को लाखों का चूना लगाकर राजस्व को नुकसान पहुंच रहे हैं। उन्होंने संबंधित दस्तावेजों, ट्रक लोडिंग डेटा, वजन रजिस्टर, चालान की प्रतियां और गेट एंट्री लॉग्स की जांच की। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कहीं किसी स्तर पर अनियमितता तो नहीं बरती जा रही है। हरियाणा सरकार का इरवन्ना 55 टन है। अगर इससे ज्यादा कोई लोडिंग करता है तो 4 से 5 लाख का चालान काट दिया जाता है, जबकि राजस्थान से आ रही गाड़ियों पर 70 से 80 टन पत्थर आ रहा है और बड़ी बात ये है कि क्रेशर वाले 55 टन से ज्यादा पत्थर खरीद नहीं सकते तो गाड़ियों पर राजस्थान से आ रहे 70 तन से अधिक वजन की गाड़ियां कहां खाली हो रही है। 15 से 20 टन पत्थर कहां गायब हो जा रहा है। सरकार को लाखों करोड़ों का चूना कौन लग रहा है।

जिस पर खनन मंत्री से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे भी ऐसी शिकायतें मिली थी इसलिए मैं यहां फरीदाबाद क्रेशर जोन पर पहुंचा और इसकी जांच करवाई जाएगी ताकि सरकार को कोई भी राजस्व को नुकसान ना पहुंचा सका। जिस क्रेशर जोन पर मैं पहुंचा हूं वहां पर सब कुछ ठीक मिला है, लेकिन अगर कोई सरकारी कर्मचारी या क्रेशर जोन मालिक किसी भी तरह से सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा रहा है तो उसको बक्शा नहीं जाएगा। सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर हेड ऑफिस पंचकूला से स्टेट जियोलॉजीस्ट दीपक हुड्डा और माइनिंग इंजीनियर संजय संभावाल, जिला खनन अधिकारी कमलेश बिडलान, आरटीए अधिकारी के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारी व पाली चौकी पुलिस मौजूद रही।

# दो दिन में पुलिस के साथ अलग-अलग मुठभेड़ में लुटेरे काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सोमवार को एक ही रात में चार मुठभेड़ के दौरान आठ बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली गाजियाबाद पुलिस ने बुधवार की रात में भी अपराधियों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखा। बुधवार की रात में पुलिस ने तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र से मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर बदमाशों को लंगड़ा कर दिया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के दो साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। वही सोमवार के रात में गिरफ्तार किए गए 25 हजार के इनामी बदमाश तरकश को भी पुलिस ने भाग दौड़ करके गिरफ्तार कर लिया है। तरकश सोमवार की रात में गिरफ्तारी के बाद पुलिस को चकमा देकर हिरासत से फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस में खलबली मच गई थी और इसमें दो पुलिस कर्मियों को निलंबित भी कर दिया गया था।



एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि लोनी पुलिस ने चिरोड़ी गांव की तरफ जाने वाले मार्ग सकलपुर गांव के सामने रजवाड़ों के पुल के पास बुधवार की रात में दिल्ली एनसीआर में सक्रिय सटीक लुटेरे जुल्फिकार को गिरफ्तार किया है। जुल्फिकार के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह चिरोड़ी गांव का रहने वाला है। उस पर गाजियाबाद, मेरठ व हापुड़ जिलों के थानों में एक दर्जन से ज्यादा अपराधिक मामले दर्ज हैं । उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। उधर एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शालीमार गार्डन पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान शातिर लुटेरे अदनान को गिरफ्तार किया है। वह सुंदर नगरी दिल्ली का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि शालीमार गार्डन अंतर्गत अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए राजेन्द्र नगर में ब्लॉक नम्बर 4 व 5 की तरफ जाने वाले रास्ते में प्रेम गली कट पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी एक मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति तेज गति से प्रेम गली के ओर से आते दिखाई दिए। जब पुलिस पार्टी द्वारा इन्हें रोकने का इशारा किया गया तो ये दोनों व्यक्ति अपनी मोटर साइकिल मोड़कर भागने लगे शक होने पर पुलिस पार्टी द्वारा इनका पीछा किया तो पुलिस पार्टी को पीछा आता देख पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ फायर किया। जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लग गई।

# 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जजों के बनाए गए 17 बेंचः रीतू यादव

### लोक अदालत में फैसला होने पर सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं, समय व पैसे की होती बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव रीतू यादव के सक्षम नेतृत्व में की देखरेख में जिला अदालत सेक्टर 12 में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में लोगों की आपसी सहमति से केसों के निपटान के लिए अदालत में 17 बेंच लगाए जाएंगे। सीजेएम रीतू यादव ने बताया ने बताया कि लोक अदालत में केस का फैसला होने पर जिसकी सुप्रीम कोर्ट तक कोई अपील नहीं होती कोर्ट फीस वापस हो जाती है तथा केस का फैसला हमेशा के लिए हो जाता है। जिससे पैसे व समय की बचत होती है और आपस में प्रेम भाव बना रहता है। सीजेएम रीतू यादव ने बताया कि मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं के लिए एलडी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम कुमार, साथ-साथ सुश्री अर्चना गोयल, पैनल अधिवक्ता, सदस्य तथा एलडी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री ज्योति लांबा के साथ रईस खान पैनल अधिवक्ता, सदस्य को नियुक्त किया गया है।



इसी प्रकार विद्युत अधिनियम मामलों के लिए अजय शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ संगीता भाटी पैनल अधिवक्ता,सदस्य नियुक्त किया गया है। पारिवारिक न्यायालय के मामलों के बेंच केसों के लिए सुश्री सौरभ गुसाईं, एलडी अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय के साथ मुकेश कुमार पैनल अधिवक्ता, सदस्य नियुक्त किया गया है।

## एसी भिजवाने के नाम पर रेस्तरां संचालक से ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में एसी भिजवाने के नाम पर रेस्तरां संचालक से 11 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम के सेक्टर-107 की एक सोसाइटी में रहने वाले अभिषेक जैन ने कहा कि उसका चाय व खाने का रेस्तरां है। जिसके लिए उसने पुराने एसी लगवाने के लिए गूगल पर फोन नंबर सर्च किया। जिस पर बातचीत करने के बाद अभिषेक से पांच हजार रुपए पहले भेजने के लिए कहा गया। वहीं बाकी रुपए दूसरे दिन एसी लगवाने के बाद देने के लिए कहा गया। अभिषेक ने दिए गए नंबर पर 16 अप्रैल को रुपए भेज दिए। अभिषेक से दूसरे दिन 17 अप्रैल को छह हजार रुपए और मांगे गए। यह पेमेंट भी अभिषेक ने कर दी। अभिषेक के पास फिर फोन आया और जीएसटी के नाम पर उससे 5,460 रुपए एक नए अकाउंट नंबर पर भेजने के लिए कहा गया। वहीं उससे वायदा किया गया कि ये रुपए रिफंड कर कर दिए जाएंगे। अभिषेक ने पेमेंट करने से मना कर दिया और उनसे पता पूछा, जो उसे गलत बताया गया।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में जन जागरण यात्रा 10 मई को

### यात्रा का शुभारंभ महामंत्री धर्मपाल सिंह करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारत माता सांस्कृतिक संस्थान के तत्वावधान में 10 मई को एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में गाजियाबाद में एक विशाल जन जागरण यात्रा एवं भारत माता महाआरती का आयोजन किया जाएगा। नवयुग मार्केट स्थित एक बैंक्वेट हॉल में एक प्रेस वार्ता भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने यह जानकारी दी। मयंक गोयल ने बताया कि देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं विकास की गति को तेज करने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव अत्यंत आवश्यक है।

इस जन जागरण यात्रा का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह करेंगे। यात्रा की शुरुआत ठाकुरद्वारा स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी। इसके पश्चात गुरुकुल के सनातनी छात्रों एवं पुरोहितों द्वारा शंखनाद, ढोल-नगाड़ों व घंटा-घड़ियाल के साथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। भारी संख्या में युवाओं की सहभागिता इस यात्रा को एक जन आंदोलन का रूप देगी। यात्रा मार्ग में विविध सांस्कृतिक झांकियों के माध्यम से अनेकता में एकता की झलक प्रस्तुत की जाएगी। यात्रा का मार्ग ठाकुरद्वारा से प्रारंभ होकर चंद्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा, सेठ मुकुंद लाल इंटर कॉलेज, नवयुग मार्केट होते हुए दुर्गा भाभी चौक से बाएँ मुड़ते हुए शहीद स्थल पर समाप्त होगी। समापन स्थल पर एक सुसज्जित मंच पर महाआरती एवं जन संदेश का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। यात्रा के दौरान लगभग 25 स्थानों पर स्वागत एवं अभिनंदन विभिन्न रूपों में किया जाएगा।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर संस्थापक ड्यूनेंट को दी श्रद्धांजलि

## समाज के जरूरतमंद व आपदा में फंसे लोगों की मदद करना संस्था का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वीरवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस एवं रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनेंट की जयंती के अवसर पर डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के प्रधान विक्रम सिंह ने रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनेंट को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जिसकी स्थापना जेनेवा में 1863 में सर जीन हेनरी ड्यूनेंट ने की थी। संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद व आपदा में फंसे लोगों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा के लिए जीन हेनरी ड्यूनेंट को वर्ष 1901 में नोबेल शांति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।



**विश्व रेड क्रॉस दिवस 8 मई को मनाते हैं**

विश्व रेड क्रॉस दिवस प्रति वर्ष 8 मई को मनाया जाता है एवं इसी दिन रेडक्रॉस के संस्थापक सर हेनरी डुनेंट का जन्म 1828 को जिनेवा, स्विट्जरलैंड में हुआ था। इस मौके पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेंद्र सोरोत, रेडक्रॉस उपाधीक्षक पुरुषोत्तम, संरक्षक विमल खंडेलवाल, प्रो. डॉ एमपी सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सूटकेस में बंद मिले शव की गुत्थी गुरुग्राम पुलिस ने सुलझाई

# रुपए के विवाद में केमिस्ट ने की थी युवती की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सूटकेस में बंद मिले युवती के शव की गुत्थी को गुरुग्राम पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने न केवल युवती की पहचान की है बल्कि युवती की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने वाले दो युवकों को भी काबू कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में से मुख्य आरोपी कैमिस्ट है जबकि उसका साथी निजी ड्राइवर है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

आरोपियों ने गला दबाकर युवती की हत्या करने की बात प्रारंभिक तौर पर कबूल की है। पुलिस प्रवक्ता एएसआई संदीप की मानें तो 3 मई को एक व्यक्ति ने सूटकेस में युवती का शव पड़े होने की सूचना दी थी। युवती की पहचान नहीं हो पाई थी जिसके कारण इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर मिली लीड के बाद सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन के आसपास लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जिसके बाद पुलिस ने मृतका की पहचान मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली 33 वर्षीय प्रवीण उर्फ रिया के रूप में हुई जो नाथूपुर में रहती थी।



**आरोपियों को अदालत में पेश किया**

मामले में जांच करते हुए सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने यूपी के रहने वाले दिनेश कुमार व उत्तराखंड के रहने वाले विप्लव विश्वास को काबू कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों ही सिकंदरपुर में किराए पर रहते हैं। दिनेश कैमिस्ट शॉप पर काम करता है जबकि विप्लव निजी ड्राइवर है। मामले में आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि 2 मई की रात करीब दो बजे आरोपी दिनेश महिला को साथ लेकर सिकंदरपुर में अपने किराए के कमरे पर गया था। रात को आरोपी दिनेश और मृतका रिया ने शराब का सेवन किया। इस दौरान दोनों के बीच रुपयों के लेनदेन के विवाद में झगड़ा हो गया। जिसके बाद दिनेश ने रिया की गला, मुंह दबाकर हत्या कर दी। शव को ठिकाने लगाने के लिए वह सुबह एक सूटकेस लाया और अपनी मदद के लिए विप्लव को बुला लिया। उसके बाद विप्लव के साथ देर रात को शव को सूटकेस में बंद कर जंगल में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले रही है। आरोपियों से पूछताछ में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सबसे कम ब्याज पर ननि बॉन्ड से 50 करोड़ जुटाए

**वाराणसी।** यहां नगर निगम ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अपने प्रथम नगर निगम बॉन्ड के माध्यम से 50 करोड़ की राशि सफलतापूर्वक जुटाई है। यह बॉन्ड 8.01% कूपन रेट पर जारी हुआ, जो अब तक यूपी में किसी भी नगर निगम द्वारा प्राप्त सबसे कम ब्याज दर है। इस निर्गम को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इलेक्ट्रॉनिक बिडिंग प्लेटफॉर्म पर प्राइवेट प्लेसमेंट के ज़रिए संपन्न किया गया।




### मॉक ड्रिल के लिए दूल्हे ने रोक दी बारात

**पूर्णिया।** ऑपरेशन सिंदूर के बीच भारत और पाकिस्तान में तनाव चरम पर है। दुश्मन की ओर से हवाई हमले से बचने की रिहर्सल करते हुए देश भर में बुधवार को नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। बिहार के पूर्णिया जिले से एक रोचक मामला सामने आया है। यहां शादी से पहले देश की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक दूल्हे ने मॉक ड्रिल के चलते अपनी बारात रोक दी।



### क्यूआर कोड से मिलेगा बिहार विस का टिकट

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने टिकट पर मंथन शुरू कर दिया है। कांग्रेस ने हर विसा सीट पर टिकट दावेदारों से आवेदन मांगे हैं। पार्टी ने एक क्यूआर कोड जारी किया है। इसे स्कैन कर कोई भी व्यक्ति कांग्रेस के टिकट के लिए आवेदन कर सकता है।




# लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की पहली यूनिट उत्पादन को तैयार

यूपी की राजधानी लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की एक और यूनिट खुलेगी। इसका उद्घाटन 11 मई को होगा। साढ़े तीन साल पहले शुरू हुई पहली यूनिट भी अब उत्पादन के लिए पूरी तरह से तैयार है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत अपनी सामरिक क्षमता को और धार देने जा रहा है। दुनिया की सबसे विध्वंसक मानी जाने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' का निर्माण अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजना डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर 11 मई को ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण यूनिट का उद्घाटन किया जायेगा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा स्थापित की जा रही यह यूनिट 300 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार हुई है और भारत को आत्मनिर्भर रक्षा प्रणाली की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि दिलाने वाली है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि योगी सरकार ने दिसंबर 2021 में ब्रह्मोस प्रोजेक्ट के लिए लखनऊ में 80 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क आवंटित की थी। सिर्फ 3.5 वर्षों में इस परियोजना को निर्माण से उत्पादन की अवस्था तक लाना प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है।

### साढ़े तीन वर्ष में यह यूनिट बनकर उत्पादन के




डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का संचालन कर रही यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही ने बताया कि योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश सरकार की ओर से ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग के लिए भूमि निशुल्क उपलब्ध कराई गई है और यूनिट के विकास पर लगातार नजर रखी गई है। नतीजा, मात्र साढ़े तीन वर्ष में यह यूनिट बनकर उत्पादन के लिए तैयार है। लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस के साथ ही अन्य डिफेंस इक्विपमेंट्स बनाए जाने की तैयारी है, जो डिफेंस सेक्टर में लखनऊ और उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान देने का काम करेगा।

### रणनीतिक मिसाइल का बनना बेहद खास माना जा रहा

पाकिस्तान के साथ जारी तनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश में ब्रह्मोस जैसी रणनीतिक मिसाइल का बनना बेहद खास माना जा रहा है। यह कदम भारत की सैन्य ताकत को और मजबूत करेगा और उत्तर प्रदेश को देश की रक्षा में एक खास भूमिका निभाने वाला राज्य बना देगा। इस प्लांट के शुरू होने से उत्तर प्रदेश सीधे तौर पर देश की सुरक्षा और विकास में योगदान देगा। यह एक बड़ी और जरूरी परियोजना है जिसमें उत्तर प्रदेश की बड़ी भागीदारी होगी। ब्रह्मोस मिसाइल की यह यूनिट राज्य की पहली अत्याधुनिक और हाई-टेक यूनिट होगी। इससे उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर में एयरोस्पेस से जुड़ी इकाइयों और उद्योगों का विकास होगा। साथ ही, राज्य में नई और आधुनिक निर्माण तकनीकें भी शुरू हो सकेंगी।

## योगी सरकार ने तैयार किया खास प्लान

# यूपी के सभी 75 जिलों के 25 लाख किसानों को लिए बड़ी खुशखबरी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25 लाख नए किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी 75 जिलों में कमिश्नर और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 71 लाख से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सुविधा प्रदान की है।

प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का कार्य तेज कर दिया है। इस कार्य के अंतर्गत सहकारी और व्यवसायिक बैंकों की सहायता से कार्ड का वितरण किया जा रहा है। भारत सरकार ने भी सभी पात्र किसानों को केसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए हैं, ताकि वे फसली ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकें।

### बदलेगा किसानों का भविष्य



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेती-किसानी को फायदे का सौदा बनाने की योजना तैयार की है। जिसका उद्देश्य ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और कृषि को आर्थिक रूप से मजबूत करना है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना इसी नीति का हिस्सा है, जिससे किसानों को समय पर आर्थिक मदद मिलती है और वे साहूकारों के चंगुल में फंसने से बचते हैं।

### फसली ऋण वितरण में तेजी

किसान क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए फसली ऋण वितरण में भी वृद्धि दर्ज की गई है। इस योजना के अंतर्गत किसानों को खेती के लिए आवश्यक धनराशि बैंक से कम ब्याज पर उपलब्ध कराई जाती है. जिससे वे उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक आदि की खरीद कर सकें। इससे न केवल उनकी पैदावार बढ़ती है, बल्कि आय भी दोगुनी होती है। प्रदेश सरकार ने आने वाले वित्तीय वर्ष में 25 लाख नए किसानों को केसीसी योजना से जोड़ने की योजना बनाई है। इसके लिए जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाए जाएंगे और पात्र किसानों को चिन्हित कर कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।

### प्रदेश का पहला गरीबी मुक्त ग्राम बना जालौन का रंगौली गांव

**जालौन।** जिले के डकोर ब्लॉक के रंगौली गांव यूपी का पहला ऐसा गांव है, जो पूरी तरह से गरीबी से मुक्त हो चुका है। यहां की कई पीढ़ियों ने गरीबी से आजाद होने का जो सपना देखा था, अब प्रशासन ने उसे सच कर दिखाया है। अब यहां हर परिवार अच्छी आय के साथ अच्छा जीवन-यापन कर रहा है। रागौली, यूपी का वह पहला गांव है, जिसे मुख्यमंत्री योगी ने 'जीरो पॉवर्टी मिशन' के तहत चुना है। पिछले साल महात्मा गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री ने 'जीरो पॉवर्टी' मिशन को लांच किया था।
इस अभियान के तहत 25 लाख गरीब परिवारों को गरीबी के दलदल से निकालने का लक्ष्य रखा गया था। इस योजना के तहत जिले में 12000 से ज्यादा ऐसे परिवारों को चुना गया। इसके तहत रगौली गांव के कुल 705 परिवारों का प्रशासन ने सर्वे कराया। इसमें 22 परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे थे। इस पर डीएम राजेश कुमार पांडेय ने इन परिवारों को इस मिशन से जोड़ने का काम शुरू किया।

## 2024-25 में मंजूर किए गए 8077 लोन

# प्रधानमंत्री रोजगार योजना में बिहार का देश में तीसरा स्थान

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। योजना के क्रियान्वयन में देश में बिहार ने तीसरा स्थान हासिल की है। पहले स्थान पर जम्मू-कश्मीर व दूसरे स्थान पर तमिलनाडू है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेशभर से 35 हजार 406 लोन लेने के लिए आवेदन आए। आवेदनों को उद्योग विभाग ने बैंक भेजे , जिनमें 8 हजार 77 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत आवेदनों के अंतर्गत 14 हजार 899 लाख की राशि स्वीकृति प्रदान की गई है।

### स्वीकृति प्रदान करने में बिहार देश में अव्वल

बिहार को पीएमईजीपी आवेदनों की जांच स्वीकृति प्रदान करने में देश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि आवेदन स्वीकृति के मामले में राज्य तीसरे स्थान पर रहा। सबसे खास बात यह रही कि बिहार ने 115 प्रतिशत की सैंक्शन दर हासिल की है, जो योजना के सफल क्रियान्वयन को दर्शाता है।

# 7 लाख रुपए बिल का केस हार गया

▶ अब महिला को देना होगा 2 करोड़; पूरा मामला

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन को मात्र 7.13 लाख रुपए का बिल काटना महंगा साबित हो रहा है। लग रहा कि उसके एवज में कम से कम दो करोड़ रुपए चुकाने पड़ेंगे। मध्यस्थता में इस रकम की मांग जिला प्रशासन से की गई थी। हालांकि केस के अनुसार यदि राशि देनी पड़ी तो यह रकम दो करोड़ से काफी अधिक होगी। यह मामला फिलहाल जिला प्रशासन के लिए गले की फांस बन चुका है। और मामला इसलिए इतना पेचीदा हो गया, क्योंकि इस केस में प्रशासन की ओर से कोर्ट में कभी गंभीरता से पैरवी ही नहीं की गई।

## पेज एक का शेष...

### 1947 में अपने जन्म ...

(पीओके) और पाकिस्तान के अंदर मौजूद आतंकवादी कैंपों को नष्ट करना था। इसमें उसके किसी सैन्य ठिकाने या नागरिकों को निशाना नहीं बनाया गया है। लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान का यह कहना कि भारत के कदम से तनाव बढ़ा है। यह सरासर झूठ है। झूठ बोलने की पाकिस्तान की 75 साल पुरानी आदत है। जो 1947 में उसके जन्म के साथ ही शुरू हो गई थी। आजादी के इसी साल पाक की सेना ने जम्मू- कश्मीर पर हमला किया और फिर उससे अपना पल्ला झाड़ लिया। लेकिन जब भारत वहां गया और उसने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सामने पाक के हमले के प्रमाण प्रस्तुत किए तो उसका झूठ पूरी तरह से बेनकाब हो गया। मिस्त्री ने अपने पूर्व बयान का जिक्र करते हुए दोहराया कि हमने उनके किसी भी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया। लेकिन अगर उनकी तरफ से ऐसी कोई कार्रवाई की जाती है तो भारत उसका जवाब देने के लिए तैयार है।

**टीआरएफ ने दो बार ली हमले की जिम्मेदारी:** उन्होंने कहा कि पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम में किया गया आतंकी हमला तनाव बढ़ाने वाला था। न कि भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई। जिसके जरिए भारत की सेनाओं ने केवल आतंकी हमले का जवाब दिया है। इस हमले में पाकिस्तान के पाले हुए लश्करे तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) का हाथ था। उसकी तरफ से एक नहीं दो बार इस हमले की जिम्मेदारी ली गई। पहले हमले के 24 घंटे के अंदर टीआरएफ बोला कि उसने ये हमला किया है और फिर उसके अगले दिन भी उसने हमले की बात कबूली। लेकिन उसके बाद भी पाकिस्तान झूठ बोल रहा है। कर्नल कुरैशी और सिंह ने भी कहा कि भारत का जवाब तनाव बढ़ाने वाला नहीं है। हमने पहलगाम में किए गए वास्तविक आतंकी हमले पर प्रतिक्रिया की है। इस दौरान पाक के किसी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। मिस्त्री ने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र की 1267 समिति के समक्ष पेश किए गए अपने अर्धवार्षिक ब्योरे में भी टीआरएफ के बारे में जानकारी दी थी। जल्द ही समिति की एक और बैठक होगी। जिसमें अपडेट के साथ और तथ्य रखे जाएंगे। दिलचस्प ये है कि पाक ने यूएनएससी की एक हालिया बैठक के बाद जारी वक्तव्य में टीआरएफ का नाम शामिल नहीं करने दिया।

**पूरी दुनिया के पास हैं आतंकिस्तान के सबूत:** विदेश सचिव ने कहा, जो पाकिस्तान कहता है कि आतंकवाद में उसकी कोई भूमिका नहीं है और उनके देश में कोई आतंकी नहीं है। उसकी पोल तो बीते दिनों खुद उनके ही रक्षा मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से खोलते हुए कहा था कि आतंकी समूहों के साथ उनका रिश्ता है। भारत कहता रहा है कि पाक आतंकवाद का एपीसेंटर है। इसके पुख्ता प्रमाण न केवल भारत के पास हैं। बल्कि पूरी दुनिया की सरकारों और एजेंसियों के पास भी मौजूद हैं। कई अंतरराष्ट्रीय आतंकी हमलों में पाकिस्तान का हाथ होने का तथ्य सामने आ चुका है। हम सभी को पता है कि ओसामा बिन लादेन कहां मिला था और किसने उसे शहीद कहा था। पाक में यूएन और अन्य देशों की सरकारों द्वारा वैश्विक रूप से प्रतिबंधित लश्करे तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों की मौजूदगी है, उन्हें पाक का समर्थन है।

**आतंकियों को देता राजकीय सम्मान:** उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पहलगाम हमले की वैश्विक जांच एक संयुक्त जांच समिति से कराने की मांग कर रहा है। उसने झूठ बोला की भारत की कार्रवाई में उसके नागरिक मारे गए। अगर ऐसा होता तो आतंकियों के जनाजे को पाक के झंडे में लपेटकर सेना के अधिकारियों के शामिल होने और राजकीय सम्मान देने की तस्वीरें वायरल क्यों होतीं? भारत ने पाक द्वारा इतिहास में उसपर किए गए कई जघन्य आतंकी हमलों (मुंबई, पठानकोट) के बाद भी जांच बिठाई थी, भारतीय सैन्य ठिकाने का दौरा कराया, उसे तमाम सबूत दिए। लेकिन इसके बावजूद उसकी तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। इसलिए अब पाकिस्तान को जांच की मांग करने का कोई अधिकार नहीं है।

**धार्मिक कट्टरता बढ़ाता पाक, मारे गए 3 भारतीय:** पाकिस्तान का भारत पर उसकी धार्मिक जगहों पर हमला करने का आरोप भी खोखला है। इसके पीछे उसकी मंशा अपने भ्रामक प्रचार अभियान को सांप्रदायिक रंग देते हुए कट्टरता और आतंकवाद को बढ़ावा देने की है। पाकिस्तान की बीती रात एलओसी पर की गई गोलीबारी में एक सिख समुदाय को निशाना बनाया गया है। जिसमें कुल 3 भारतीयों की दुखद मृत्यु हो गई है। पाक की धार्मिक कट्टरता का प्रमाण उनके सेनाप्रमुख ने हाल के समय में अपने बयान से दिया था। भारत और दुनियाभर के लोगों ने पहलगाम हमले की निंदा की है। जिससे पाकिस्तान धार्मिक कट्टरता के अपने एजेंडे को फैलाने में कामयाब नहीं हो सकेगा।

**सिंधु जल समझौते पर किया बेनकाब:** विदेश सचिव ने कहा, सिंधु जल संधि को लेकर भी पाक झूठ बोल रहा है। पिछले करीब दो साल से भारत ने कई बार उसे इस मामले में पुनर्समीक्षा को लेकर नोटिस भेजे थे। लेकिन उसने इन सभी को अनसुना कर दिया। पाकिस्तान के भारत पर किए गए हमलों (1965, 1971 युद्ध शामिल) के बावजूद हमने बीते 65 साल तक इस समझौते को निभाया है। जो भारत के धैय और सहनशीलता का मजबूत प्रमाण प्रस्तुत करता है। लेकिन अब इसे आतंकवाद के साथ स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अपने इसी मत के साथ भारत ने सिंधु जल समझौते को रद्द किया है।

**दुनिया की भावना का करते सम्मान:** पहलगाम हमले के बाद से ही दुनिया के कई देश हमारे संपर्क में हैं। प्रधानमंत्री ने कई शीर्ष नेताओं से बातचीत की है। कई अन्य नेताओं के साथ भी वह संपर्क में हैं। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की बातचीत की प्रक्रिया भी जारी है। इसके जरिए हमने पहलगाम जैसे बर्बरतापूर्ण हमले का तथ्य दुनिया के सामने रखा है। यह बताता है कि हमें जिम्मेदारी के साथ जवाबदेह होना चाहिए। हमले के संबंध में भारत दुनिया के तमाम देशों द्वारा प्रदर्शित की गई भावनाओं का सम्मान करता है।

### सफल रहा 'ऑपरेशन सिंदूर'...

को निशाना बनाते हुए उसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। इस पूरी कवायद के बीच देश के अंदर फिलहाल किसी तरह का जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन दूसरी ओर भारत ने पाकिस्तान को दो टूक अंदाज में ये भी साफ कर दिया है कि अगर उसने भारत के किसी सैन्य ठिकाने पर हमला किया तो उसी के अंदाज में उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। भारत का ऑपरेशन सिंदूर जारी है, तीनों सशस्त्र सेनाएं पूरी मुस्तैदी के साथ दुश्मन की हर हरकत पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय और सूत्रों के हवाले से मिली है।

**तनाव बढ़ाता पाक, मिलेगा माकूल जवाब: रक्षा मंत्री**

मंत्रालय ने बताया, बीते 7 मई को ही विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने ये स्पष्ट कर दिया था कि पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने पाक में मौजूद आतंकी ठिकानों के खिलाफ एक केंद्रित, गैर-भड़काऊ और जिम्मेदारी पूर्ण कार्रवाई की। जिसमें पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को कतई निशाना नहीं बनाया गया। लेकिन अगर देश में किसी सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया गया तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। उधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजधानी में आयोजित नेशनल क्वालिटी कॉन्क्लेव-25 में कहा कि देश की सेनाओं के उच्च-गुणवत्ता वाले हथियारों से लैस होने की वजह से ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया। भारत हमेशा से ही एक जिम्मेदार देश की भूमिका में रहा है। लेकिन अगर किसी ने हमारे धैर्य और संयम का गलत फायदा उठाने की कोशिश की। तो उसे उसका माकूल जवाब मिलेगा।

भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने के लिए किसी भी हद तक जाएगा। हम भविष्य में जिम्मेदारी वाली प्रतिक्रिया के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

**भारत में डर पैदा करने की थी मंशा:** मंत्रालय ने बताया कि भारत के जिन 15 सैन्य ठिकानों को पाकिस्तान ने अपनी मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की है। उनमें उत्तरी और पश्चिमी भारत में मौजूद अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज शामिल हैं। लेकिन उसकी इस हिमाकत को भारत ने अपने एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा पूरी तरह से बेअसर कर दिया है। इन हमलों के जरिए पाक की मंशा भारत में डर पैदा करने की थी। वहीं, पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण सहित पुष्टि कई जगहों से बरामद किए गए मलबे से मिलती है। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से अपना मानसिक संतुलन खो चुके पाक ने भारत के खिलाफ जिस तरह से यह कार्रवाई की है।

उसकी शुरुआत बीती 7-8 मई की मध्य रात्रि के बाद लगभग 1 बजे से हुई थी। जो कि कुछ घंटों तक चली। हमले से पाक, भारत की हवाई रक्षा प्रणाली को निशाना बनाने की कोशिश में था। जिसमें वह पूरी तरह से विफल रहा। दुश्मन ने अपनी कार्रवाई में मिसाइलों के साथ लायटरिंग म्यूनिशन का भी प्रयोग किया। ये एक प्रकार का हमलावर ड्रोन (संभवतः कामिकाज़ी) होता है, जो करीब 6 से 8 घंटे तक हवा में रहकर अपने लक्ष्यों का चुनाव कर उन पर निशाना लगा सकता है। इसकी मारक क्षमता करीब 200 किलोमीटर तक है। सूत्र कहते हैं कि पाकिस्तान के 100 अधिक लक्ष्यों को सटीक वार से निशाना बनाकर ध्वस्त किया गया है। भारतीय ठिकानों पर हमला करने के लिए इस्तेमाल की गई मिसाइल का जो मलबा मिला है। वो पाकिस्तान की पीएल-15 मिसाइल बताई जा रही है। जिसकी मारक क्षमता 150 किलोमीटर है।

**नापाक गोलीबारी में 16 नागरिकों की मौत:** मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) में मोर्टार और तोप से गोलीबारी की है। जिसमें अब तक कुल 16 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है और 59 घायल हैं। इसमें 3 महिलाएं और 5 बच्चे शामिल हैं। मारे गए (13 लोग) और घायलों (44 लोग) में ज्यादा संख्या पुंछ के लोगों की है। देश की सेना की तरफ से नापाक फायरिंग का उसी की भाषा में करारा जवाब दिया जा रहा है। पाक सेना पहलगाम आतंकी हमले के 48 घंटे बाद से ही एलओसी और आईबी में भारत की सेना की चौकियों की तरफ गोलीबारी कर रही है। यहां बता दें कि बीते बुधवार को नापाक फायरिंग में भारतीय सेना का एक जवान भी शहीद हो गया है।

### पूंछ में पाकिस्तान की ओर...

बालाकोट सेक्टर में फिर से गोलाबारी और मोर्टार हमले किए। इस गोलाबारी में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया, जिसमें एक गुरुद्वारे पर भी हमला हुआ। गुरुद्वारे की दीवारों पर गोलियों और धमाकों के निशान देखे गए। गोलाबारी के परिणामस्वरूप, 10 स्थानीय लोगों की मौत हुई, जिनमें एक महिला और दो बच्चे शामिल थे, जबकि 38 लोग घायल हुए। एक भारतीय जवान, लांस नायक दिनेश कुमार, पुंछ में गोलाबारी के दौरान शहीद हो गए। पुंछ शहर और सीमावर्ती गांवों में तनाव बढ़ गया है। गोलाबारी के कारण कई घर और संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थानीय लोग डर के माहौल में जी रहे हैं, और शहर सुनसान हो गया है। पाकिस्तान द्वारा रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने के कारण सामान्य जनजीवन ठप हो गया है। स्कूल, बाजार, और अन्य सार्वजनिक स्थान बंद हैं। पाकिस्तान ने पुंछ, राजौरी, कुपवाड़ा, बारामूला, और अखनूर जैसे कई सेक्टरों में लगातार 11 दिनों तक सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है।

**रिलोकेशन के स्थान:**

**कम्युनिटी बंकर:** पुंछ के सीमावर्ती गांवों में बने कम्युनिटी बंकर स्थानीय लोगों के लिए प्राथमिक शरणस्थली बन गए हैं। ये बंकर गोलाबारी के दौरान तत्काल सुरक्षा प्रदान करते हैं।

**नजदीकी स्कूल और सामुदायिक भवन:** कुछ परिवारों को सीमा से दूर स्कूलों, सामुदायिक भवनों, और सरकारी इमारतों में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया है। ये स्थान गोलाबारी के दायरे से बाहर हैं और बुनियादी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

**पुंछ शहर के आंतरिक इलाके:** कई परिवारों को पुंछ शहर के अपेक्षाकृत सुरक्षित आंतरिक हिस्सों में स्थानांतरित किया गया है, जहां गोलाबारी का खतरा कम है।

**अन्य जिले:** कुछ मामलों में, लोगों को पड़ोसी जिलों जैसे राजौरी या जम्मू के सुरक्षित क्षेत्रों में भेजा गया है, खासकर उन परिवारों को जिनके घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

**भारतीय सेना का जवाब:**

भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया है। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचाया गया, जिसमें कई सैनिक घायल हुए।

सेना ने 740 किलोमीटर लंबी एलओसी पर निगरानी बढ़ा दी है और घुसपैठ रोधी ग्रिड को मजबूत किया है।

**सुरक्षा उपाय:**

- पुंछ सहित पांच सीमावर्ती जिलों (राजौरी, पुंछ, कुपवाड़ा, बारामूला, और जम्मू) में हाई अलर्ट जारी किया गया है।
- बीएसएफ और सीआरपीएफ की अतिरिक्त टुकड़ियां तैनात की गई हैं।
- भारत ने अपने S-400 एयर डिफेंस सिस्टम का उपयोग कर पाकिस्तान की मिसाइलों को नष्ट किया, जिससे हवाई हमले का खतरा कम हुआ।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' : पीएम मोदी...

सीमा पर मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी।

- पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन और इसके जवाब में भारत की कार्रवाइयों पर चर्चा हुई।
- सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलबीर सिंह ने सीमा पर स्थिति और बढ़ी हुई सतर्कता के बारे में जानकारी दी।

आंतरिक सुरक्षा और आतंकी गतिविधियों पर नजर:

- बैठक में देश के भीतर संभावित आतंकी गतिविधियों और उनकी रोकथाम के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ।
- गृह मंत्रालय के तहत सिविल डिफेंस के महानिदेशक विवेक श्रीवास्तव ने नागरिक सुरक्षा के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी दी।
- केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), और अन्य अर्धसैनिक बलों की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला

# बढ़ाई गई लोक कलाकारों की पेंशन, दो हजार की जगह अब मिलेंगे चार हजार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग की आज पर्यटन भवन में समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोक कलाकारों के लिए कलाकार कल्याण बीमा योजना शुरू की जाए। इसके साथ ही कलाकारों के पंजीकरण से लेकर कार्यक्रम आवंटित एवं भुगतान किये जाने तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी बनायी जाये। किसी भी कलाकार को कार्यक्रम आवंटित करते समय इस संबंध में जारी शासनादेश का 100 फीसदी पालन सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रमों के आवंटन में भेदभाव पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजा जायेगा। उन्होंने वृद्ध कलाकारों की



मासिक पेंशन 2000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 4000 रुपए किए जाने के निर्देश दिए।

### *कलाकारों के लिए पांच सदस्सीय समिति गठित करने के निर्देश*

*पर्यटन मंत्री ने यह भी निर्देश दिए गए 1 अप्रैल से कार्यक्रमों के आवंटन में शत प्रतिशत शासनादेश का अनुपालन किया जाय। बड़े एवं मंहगे कलाकारों की जगह स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाय, इससे पंजीकृत सभी कलाकारों को प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। कलाकारों को कार्यक्रम आवंटन से लेकर भुगतान की कार्रवाई के अनुश्रवण के लिए पांच सदस्सीय समिमि गठित की जाए।*

## 17 शहरों के लिए शासनादेश जारी

# रात में घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने वालों को देना होगा पार्किंग शुल्क

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

जिनके घरों में चार पाहिया गाड़ी खड़ी करने की सुविधा नहीं है, उन लोगों को सड़कों पर रात में गाड़ी खड़ी करने के एवज में पार्किंग शुल्क देना होगा। नगर निगम रात्रि पार्किंग के लिए कुछ स्थान भी आरक्षित करेंगे। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने फिलहाल 17 शहरों के लिए उत्तर प्रदेश नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण और प्रचालन) नियमावली-2025 की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी है। इसके साथ ही शहरों में जाम की समस्या को देखते हुए त्योहारों व मेलों के मौके पर फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग की वैकल्पिक सुविधा दी गई है। हरियाली वाले स्थानों पर पार्किंग का ठेका नहीं दिया जाएगा। अधिसूचना के मुताबिक पहले चरण में लखनऊ, कानपुर, आयोध्या, अलीगढ़, आगरा, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, प्रयागराज, फिरोजाबाद, बरेली, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, शाहजहांपुर व सहारनपुर के लिए यह सुविधा होगी। नगर निगमों में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय कमेटी होगी। सहायक अभियंता को इसका सदस्य सचिव बनाया जाएगा। कमेटी 90 दिनों में पार्किंग स्थलों की सूची जारी करेगी। पीपीपी मॉडल पर भी पार्किंग की सुविधा विकसित करने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा।

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# सबसे प्यारी-सबसे न्यारी मेरी मां





हर बच्चे को अपनी मां बहुत प्यारी होती है। बच्चे उनकी कुछ खास खूबियों की वजह से उन्हें दुनिया की बेस्ट मम्मी मानते हैं। बता रहे हैं कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट, अपनी मम्मी की ये खूबियां। साथ में यह भी बता रहे हैं कि इस बार मदर्स-डे पर उनकी क्या प्लानिंग है? वे अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेंगे?

## वह हमेशा दूसरों के लिए सोचती हैं: जारा वारसी



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में जारा वारसी हप्पू सिंह की छोटी बेटी चमची का रोल निभा रही है। उसने दर्शकों का दिल जीत रखा है। मदर्स-डे के अवसर पर वह पूछने पर कि वह अपनी मम्मी में क्या-क्या खूबियां देखती है? जारा बताती है, 'मेरी मम्मी की खास बात यह है कि वह अपने लिए नहीं, हमेशा दूसरों के लिए सोचती हैं। फैमिली में हर किसी का ख्याल रखती हैं। मेरी मम्मी मेरी बेस्ट फ्रेंड, टीचर और सुपर वूमेन हैं। यही वजह है कि मैं उन्हें वर्ल्ड की बेस्ट मॉम मानती हूं।' जारा मदर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में बताती है, 'मैंने अपने बचपन की फोटोज सेलेक्ट कर छोटा-सा वीडियो बनाया है। साथ ही मैं उनके लिए खुद से ग्रीटिंग कार्ड बना रही हूं।' मदर्स-डे के मौके पर जारा अपनी मम्मी के लिए क्या कोई खास मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं उनसे यही कहना चाहती हूं, मम्मी, आप मेरी सबसे बड़ी आइडियल हैं। मैं चाहती हूं कि जब मैं बड़ी हो जाऊं तो आप मुझ पर गर्व करें। लव यू मम्मा।' *

## मां मेरी सबसे अच्छी गुरु हैं: आन तिवारी



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'वीर हनुमान' में आन तिवारी बाल हनुमान की भूमिका निभा रहा है। अपनी भूमिका से उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर लिया है। आन से यह पूछने पर कि उसकी मां की क्या विशेषता है, वह बताता है, 'मेरी मां में बहुत सारी विशेषताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी विशेषता की बात करूं तो वह है, उनका जबरदस्त आत्मविश्वास, कभी हार न मानना।' इस बार मदर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में आन बताता है, 'मेरी मां को गाने सुनना पसंद है और मुझे सिंगिंग। इसलिए मैं मम्मी के लिए एक गाने का रियाज कर रहा हूं, जो मदर्स-डे वाले दिन उन्हें गाकर सुनाऊंगा। जिसे सुनकर मम्मी बहुत खुश होंगी।' इस स्पेशल डे पर आन अपनी मां को क्या खास मैसेज देना चाहेगा, वह बताता है, 'मैं अपने परिवार से दूर रहकर अपनी मां के साथ 'वीर हनुमान' की शूटिंग कर रहा हूं। मां के साथ बिताए हर पल बहुत खास हैं। उनके साथ होने की वजह से ही मैं हर काम आसानी से कर पाता हूं। मैं अपनी मां से यही कहूंगा-आप मेरी सबसे अच्छी गुरु हैं।' *

## मेरी दिली ख्वाहिश है, मम्मी को प्राउड फील कराऊं : वृही कोडवारा



सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में वृही कोडवारा, स्वरा का रोल प्ले कर रही है। दर्शक उसके अभिनय से बहुत प्रभावित हैं। अपनी मम्मी की कोई ऐसी खास बात, जो वृही को सबसे ज्यादा अच्छी लगती है, पूछने पर वह बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर छोटी-बड़ी बात ध्यान से सुनती हैं, कभी गुस्सा नहीं करतीं। उनकी प्यारी स्माइल मेरा हर दिन हैप्पी बना देती हैं। मेरी मम्मी वर्ल्ड की बेस्ट मॉम हैं।' मदर्स-डे पर वृही उन्हें कैसे सरप्राइज करेगी? वह बताती है, 'इस दिन मैं मम्मी के लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, उसमें खुद अपने हाथों से मैसेज लिखूंगी। मैं पूरे दिन मम्मी को रेस्ट दूंगी, कोई शरारत नहीं करूंगी।' मदर्स-डे पर वृही अपनी मम्मी को मैसेज देना चाहती है, 'मैं बड़ी होकर मम्मी का हर सपना पूरा करना चाहती हूं। मैं उन्हें प्राउड फील कराऊं, यह मेरी दिली ख्वाहिश है। लव यू मम्मा।' *

## उन्हें वह खुशी दूंगा, जिसकी वे हकदार हैं: अहनफ खत्री



अहनफ खत्री जी टीवी के पॉपुलर शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन का किरदार निभा रहा है। अपनी मम्मी की खूबियां पूछने पर वह बताता है, 'मेरी मम्मी बहुत अच्छा खाना बनाती हैं। मेरे साथ टाइम स्पेंड करती हैं, जिससे मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरी मम्मी बेस्ट मॉम हैं।' मदर्स-डे को अहनफ किस तरह खास बनाएगा, वह बताता है, 'मैं मम्मी के लिए एक स्पेशल लेटर अपने हाथों से लिखूंगा और उन्हें दूंगा, साथ ही एक ड्रॉइंग भी बनाकर दूंगा। मैं खुद उनका फेवरेट केक बनाऊंगा, क्योंकि उस दिन उनका बर्थ-डे भी है। मम्मी गिफ्ट पाकर बहुत खुश हो जाती हैं, इसलिए मैं उन्हें एक सुंदर-सा गिफ्ट भी दूंगा।' मदर्स-डे पर अहनफ अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगा, वह बताता है, 'इस दिन मम्मी को यह कहना चाहूंगा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। मम्मी मेरी बहुत केयर करती हैं, स्टडीज में बहुत हेल्प करती हैं। जब मैं बड़ा हो जाऊंगा तो मम्मी को वो सारी खुशी दूंगा, जिसकी वह हकदार हैं। आई लव माय मॉम।' *

प्रस्तुति: बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / डॉ. मोनिका शर्मा

# अपनी लविंग मॉम को ऐसे कराओ हैप्पी फील



बच्चो, मम्मा हर पल तुम्हारे लिए कितना कुछ करती हैं, है ना! तुम पर अपना खूब सारा प्यार-दुलार बरसाती हैं। तुम्हारी पसंद का टेस्टी खाना बनाती हैं। जब कभी तुम रूठ जाते हो तो तुम्हें प्यार से मनाती हैं। तुम जब बीमार हो जाते हो या तुमको चोट लग जाती है तो रात-रात भर जागती हैं। पढ़ाई में हेल्प करती हैं, तुम्हारे संग खेलती हैं। तुम्हारी बातें पूरे ध्यान से सुनती हैं और मजेदार बातों पर तुम्हारे संग खूब हंसती-खिलखिलाती हैं। जिस तरह तुम्हें अपनी मम्मा से ढेर सारा प्यार, सपोर्ट पाकर अच्छा लगता है, वैसे ही मम्मा भी चाहती हैं कि तुम उनसे खूब सारा प्यार करो, उनकी केयर करो और जरूरत पड़ने पर उनकी हेल्प भी करो। तुमको ऐसा जरूर करना चाहिए। तुम उनको किस-किस तरह से हैप्पी फील करवा सकते हो, यहां बता रहे हैं।

**कहो थैंक यू:** जरा सोचो, मां तुम्हारी पसंद-नापसंद का कितना खयाल रखती हैं। तुमसे पूछकर ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर बनाती हैं। जब वो तुम्हारे लिए फेवरेट डिश बनाएं, तो उनसे जरूर कहो, 'सुनो मेरी प्यारी मां, आज लंच/डिनर बहुत टेस्टी है। थैंक यू!' इसी तरह स्टडी में जब भी मॉम तुम्हारी हेल्प करें तो उनको थैंक यू जरूर कहो, इससे उनको बहुत अच्छा लगेगा।



**मम्मी की पसंद का खयाल:** मूवी देखने जाते समय या रेस्टोरेंट में खाना खाते समय क्या तुम मम्मी से उनकी पसंद के बारे में पूछते हो? घर-बाहर कहीं कुछ खाने-पीने से पहले मम्मा को भी प्यार से उनकी पसंद जरूर पूछो। इससे उनको अच्छा फील होगा।


**साथ में बातें करो, हंसो-मुस्कुराओ:** जब भी मां फ्री हों, उनसे खूब बातें करो। उनको अपनी हॉबीज, अपने स्कूल रूटीन के बारे में, अपने फ्रेंड्स के बारे में बताओ, हंसो-मुस्कुराओ। यही सब बातें मां को सुकून देती हैं, उन्हें खुश रखती हैं। मां को खुश रखना, उनकी केयर करने का सुंदर तरीका है। जब कभी किसी बात पर वे उदास हों तो उनसे लिपटकर कहो, 'मुस्कुरा दो ना मम्मा!' तुम्हारे ऐसे कहते ही उनका मूड हैप्पी हो जाएगा।

**करो मां की हेल्प:** मां किसी काम में मदद करने के लिए कम ही कहती हैं। लेकिन तुम खुद आगे बढ़कर छोटे-छोटे कामों को करने में मां की मदद करो। तुम अपनी बुक्स और दूसरी चीजों को अरेंज करके या अपने छोटे-मोटे काम खुद करके भी अपनी प्यारी मम्मा की हेल्प कर सकते हो।

**केयरिंग मॉम की केयर:** तुम्हारी केयर करने में मम्मा कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। जितना पॉसिबल हो तुम्हें भी उनकी केयर करनी चाहिए। मां घर के सारे काम समय से करने की भाग-दौड़ में लगी रहती हैं। इसीलिए जब कभी भी मां आराम कर रही हो तो उनको डिस्टर्ब ना करना भी एक तरह से उनकी केयर करना ही है। अगर तुम्हारी मॉम वर्किंग हैं, तो ऑफिस से लौटने पर मम्मा को पानी लाकर दो। उन्हें काम से ब्रेक लेकर टाइम पर खाना खाने और आराम करने के लिए कहो। अगर कभी उनका सिर दर्द हो तो उनके माथे पर बाम लगा दो। मां से कहो कि तुम्हें भी उनकी परवाह है। प्यार भरी तुम्हारी ऐसी बातों और बर्ताव से ही मां का मन खुश हो जाएगा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# सीख देती कहानियां



एक नया कहानी-संग्रह 'मोती की नाराजगी' कुछ समय पहले छपकर आया है। यों इस किताब की लगभग सभी कहानियां, जानवरों की हैं या उनके इर्द-गिर्द की बातों को लेकर। पर इसकी एक कहानी में एक बच्चे का अपने पिता के साथ मेले जाने का किस्सा भी है। किताब के शीर्षक वाली कहानी में मोती कुत्ता अपनी मालकिन से एक गौरैया के कारण नाराज हो जाता है। लेकिन फिर भी गौरैया के बच्चों पर मुसीबत आने पर वह तुरंत उनकी मदद करने आ जाता है। जानवर हमारे किस तरह मददगार होते हैं, यह 'दोस्तों ने जान बचाई' कहानी में पढ़ा जा सकता है। 'गलती की सजा' अपने बड़ों की बात न मानने के परिणाम को दिखाता किस्सा है। इसी तरह 'दावत महंगी पड़ी' एक शैतान कौवे की कहानी है और 'बात समझ में आ गई' शरीर की बनावट के महत्व को बताती है। *

**किताब:** मोती की नाराजगी, **लेखक:** पवन कुमार वर्मा, **चित्र:** दिलीप कुमार, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंकी :** तुम आंखें बंद करके चॉकलेट क्यों खा रही हो?
**मिंकी :** क्योंकि कल मम्मी ने मुझसे कहा था कि चॉकलेट की तरफ देखना भी मत!
**-हर्षित, रायपुर**

**पप्पू :** अगर काली बिल्ली तुम्हारा रास्ता काट दे, तो इसका क्या मतलब है?
**गप्पू :** इसका मतलब है कि काली बिल्ली मुझसे ज्यादा जल्दी में है।
**-काव्या, बिलासपुर**

**टीचर :** अच्छा बताओ, समांतर रेखाएं (पैरेलल लाइंस) एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**रोहन :** सर, क्योंकि उनके दांत नहीं होते हैं।
**-आर्यन, रोहतक**

## जीके क्विज-153

1. रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट का क्या नाम है?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को किस पद पर नियुक्त किया गया है?
4. इंटरनेशनल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
5. भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या कितनी है?
6. 1857 की क्रांति के दौरान झांसी में क्रांतिकारियों का नेतृत्व किसने किया था?
7. कौन-सा ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक परिक्रमा करता है?
8. विश्वप्रसिद्ध पेंटिंग 'मोनालिसा' किसकी कृति है?
9. किस गैस को 'लाफिंग गैस' के नाम से भी जाना जाता है?
10. भारत का सबसे बड़ा रेगिस्तान थार, किस राज्य में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-153 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-152 का उत्तर :** 1.भूषण रामकृष्ण गवई, 2.झारखंड, 3.धर्मेंद्र प्रधान, 4.भारत और चीन, 5.बिहार, 6.बिहार, 7.स्विट्जरलैंड, 8.डॉ. मदन कटारिया, 9.गुरु नानक देव, 10.भुवनेश्वर

**जीके क्विज-152 का सही उत्तर देने वाले:** सौरभ-बिलासपुर, लाभांश-दुर्ग, नीटू-कोरबा, रमेश-कोरबा, एकता-ईमेल से, कबीर-हिसार, तृप्ति-रायपुर, आदर्श-कोरबा, संगम-रायपुर, दिवाकर-भोपाल, जतिन-रोहतक, कविश-रायगढ़, रतन-दुर्ग, अर्पित-बिलासपुर, हर्ष-बेमेतरा, तान्या-महासमुंद, प्रेम-दुर्ग

ऐसा कोई दिन नहीं होता था, सुबह मम्मी के बिना उठाए मोनू उठ जाए। लेकिन उस दिन वह सुबह खुद ही जल्दी उठ गया। इतना ही नहीं, उसने अपने सभी काम स्वयं किए। मम्मी को कुछ नहीं करना पड़ा। मम्मी को यह देखकर बड़ा अचरज हुआ कि एकाएक मोनू में यह बदलाव आया कैसे? यह बदलाव सिर्फ एक दिन के लिए था या हमेशा के लिए?



कहानी
नागेश पांडेय 'संजय'

# प्रॉमिस

'उठो बेटा, मोनू। नहीं तो स्कूल के लिए देर हो जाएगी।' रोज ही जब तक यह रटा-रटाया वाक्य आठ-दस बार मोनू के कानों में नहीं पड़ता, उसकी नींद कहां खुलती है। लेकिन आज न जाने क्या हुआ, मोनू खुद ही उठ गया। उठ ही नहीं गया, बिना कहे सुबह के अपने सारे काम भी निपटाए। मोनू ने अपने कमरे की सफाई की, अपनी स्टडी टेबल साफ की, कॉपी-किताबें बुक शेल्फ में करीने से रखी। अपने कपड़े भी वॉर्डरोब में तहाकर रखे। अपने शूज में पॉलिश की। एक दिन पहले स्कूल के टाइमटेबल के हिसाब से बुक्स और कॉपियां भी बस्ते में रखीं ताकि सुबह हड़बड़ी न रहे। मतलब सारे के सारे काम आज उसने खुद किए।

'क्या हो गया है इसे? यह एकदम इतना बदल कैसे गया?' मन ही मन यह सोचते हुए मम्मी ने टेबल पर नाश्ता लगाया। नाश्ते में मोनू की फेवरेट लौकी की पकौड़ी थी। उसने पहली बार इसे मामा के गांव में खाया था और फिर उसका ऐसा स्वाद चढ़ा कि पनीर की पकौड़ियां भूल गया। लेकिन आज हमेशा की तरह मोनू नाश्ते पर टूट नहीं पड़ा। उसने पहले मम्मी के गले में हाथ डाला। उनके माथे को चूमा फिर बोला, 'मम्मी मुंह खोलो, आ करो..।'

'अरे! मैं अभी थोड़े ही खाऊंगी.. तू खा न।' लेकिन मोनू कहां माना। उसने नाश्ते का पहला कौर मम्मी के मुंह में रख ही दिया और उन्हें प्यार से देखने लगा।

मम्मी भौंचक, 'क्या हुआ है तुझे? मैं सपना देख रही हूं क्या!'

'सपना नहीं, सब सच है मम्मी!' पहले मोनू थोड़ा शर्माया फिर बोला, 'मम्मी, आपको पता है न आज कौन-सा डे है?'

मम्मी तुरंत बोलीं, 'संडे है, और क्या, अच्छा अब समझी। आज स्कूल नहीं जाना है, रेस्ट का दिन है। तभी आज खुद सारा काम कर डाला है।'

'नहीं मम्मी, संडे-वंडे की कोई बात नहीं। आज मदर्स-डे है।' मोनू ने चहकते हुए बताया। 'अच्छा.. अच्छा.. अब समझी! कितना अच्छा हो अगर मदर्स-डे रोज हो तो...।' मोनू ने मम्मी की बात पूरी न होने दी। उनके मुंह पर हाथ रखते हुए अनमना-सा बोला, 'ओह मम्मी! अब मुझे चिढ़ाओ नहीं। आगे से मैं अपना सारा काम खुद ही करूंगा। मैंने संकल्प ले लिया है।'

'गुड.. वेरी गुड!' मम्मी की खुशी का ठिकाना न था। तब तक अंदर से पापा आ गए। एकदम बोल उठे, '...और इसके पास आपके लिए एक गिफ्ट भी है। इसने मुझसे...।' वह यह बोलते-बोलते रुक गए, जैसे कोई चूक हो गई हो। चूक तो हुई ही थी। उन्होंने मोनू से प्रॉमिस किया था कि मम्मी को इस बारे में कुछ नहीं बताएंगे।

'ओह पापा! आपने सारा सरप्राइज बेकार कर दिया।' मोनू रूठ सा गया।

'सॉरी.. सॉरी.. बेटा...!' पापा को अहसास हो गया था कि गलती हुई। मोनू संयत हुआ, बोला, 'नहीं पापा.. प्लीज। अब सॉरी नहीं बोलिए। मैं भी तो आपकी और मम्मी की बताई कितनी बातें भूल जाता हूं। मुझसे भी तो गलती होती है। मुझे तो अपनी गलती का अहसास भी नहीं होता, क्योंकि मोबाइल गेम में ऐसा खो जाता हूं कि मुझसे क्या करने को कहा गया था, इसका भी होश नहीं रहता।'

पापा हंसने लगे। मम्मी ने भी भावुक होकर मोनू को गले से लगा लिया। दोनों के मुख से एक ही बात निकली, 'अरे वाह! यह तो बड़ा समझदार हो गया है।'

'और मम्मी यह समझदारी मुझे मिली इस कहानी से।' कहते हुए मोनू ने अपने बस्ते से एक पत्रिका निकाली और झट से पन्ने पलट कर उसमें छपी कहानी 'सरप्राइज गिफ्ट' उन्हें दिखा दी।

मम्मी की खुशी का ठिकाना न था, वह बोलीं, 'अरे वाह! जो बातें हम तुझे न समझा सके। वह एक कहानी ने समझा दी। लाओ, यह पत्रिका मुझे दे दो। मैं भी यह कहानी पढ़ूंगी।' 'मम्मी यही नहीं, आप बाकी कहानियां भी पढ़ना और रोज मुझे एक-एक कर सुनाना। आप खूब कहानियां पढ़ा करें। मुझे सुनाया और समझाया करें। मैं खुद पढ़ता हूं तो बहुत से कठिन शब्दों के अर्थ समझ में नहीं आते और मैं कहानी बीच में ही छोड़ देता हूं।' मोनू एक सांस में यह सब कह गया। पापा जल्दी से कमरे के अंदर जाकर बाहर आते हुए बोले, 'अरे, जब इतना सब हो ही गया है तो फिर मोनू का गिफ्ट भी आपको दिखा ही देते हैं। देखो, यह तस्वीर मोनू ने बनाई है, इसे अपनी ही पॉकेट मनी से फ्रेम कराने के लिए मुझसे कहा था।'

मम्मी ने लपक कर वह तस्वीर पापा के हाथों से ले ली। मोनू ने मम्मी का प्यारा-सा चित्र बनाया था। नीचे लिखा था, 'मेरी प्यारी मम्मी, हैप्पी-मदर्स-डे। अब मैं आगे से आपकी हर बात मानूंगा, प्रॉमिस।'

मम्मी ने तस्वीर को सीने से लगा लिया और आंखों की गीली हो चुकी कोरों को पोंछने लगीं। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



# मम्मी का गिफ्ट

है मदर्स-डे आने वाला,
मम्मी को क्या दें उपहार!
बहन और भाई मिल बैठे,
दोनों करने लगे विचार।
गुल्लक, पॉकेटमनी मिलाकर,
रुपए जुड़े तीन सौ चार।
इतने में क्या चीज मिलेगी,
महंगा है सारा बाजार।
छोड़ो, सरप्राइज क्या देना,
हुए एकमत और तैयार।
चलो चलें, मम्मी से पूछें,
गिफ्ट उन्हें क्या दें इस बार!
मम्मी सुनकर हंसीं जोर से,
गिफ्ट तुम्हारा रहा उधार।
ओ मेरी आंखों के तारों,
तुम ही हो मेरा उपहार।
यह ही सुंदर गिफ्ट तुम्हारा
अपनी मां से सच्चा प्यार।
पढ़ो, बढ़ो, खुश रहो लाडलो
जग-मग कर दो यह संसार।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां दिए गए एक समान दिखने वाले दो चित्रों में मम्मी अपनी प्यारी बिटिया के पास इस इंतजार में बैठी है कि वह गहरी नींद में सो जाए। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, पांच मिनट में फटाफट अंतर खोजो।



उत्तर : 1.बाईं तरफ फ्लावर-पॉट में लगे प्लांट में एक ब्रांच ज्यादा दिख रही है। 2.विंडो से बाहर आकाश में स्टार्स के साथ-साथ मून भी दिख रहा है। 3.पलंग के नीचे, मम्मी के पैर के पास एक कैट बैठी हुई है। 4.बुक-शेल्फ के ऊपर एक पॉट में प्लांट लगा हुआ है। 5.बुक-शेल्फ में रखे फोटो फ्रेम में फोटो भी लगी हुई है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां मदर्स-डे से रिलेटेड एक अधूरा चित्र और उसके बगल में कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : A-4, B-1, C-2, D-3

## 20 से 31 मई तक मनाया जाएगा लोक माता देवी अहिल्या बाई का त्रिशताब्दी समारोहः सीएम डॉ. यादव

# मूर्ति कला का केंद्र बनेगा उज्जैन, वीर भारत संग्रहालय की गैलरी में दिखेगा इसके युगों-युगों की ऐतिहासिक महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश का उज्जैन सृष्टि के आरंभ से ही महत्वपूर्ण रहा है। उज्जैन को मूर्ति कला के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां से प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार मूर्तियां उपलब्ध कराई जाएंगी। जिन बड़ी मूर्तियों को पत्थर से बनाना कठिन होगा, उन्हें धातुशिल्प से बनाया जाएगा। अब ऐतिहासिक रूप से अलग-अलग युगों में उज्जैन के महत्व पर केंद्रित गैलरी वीर भारत संग्रहालय में विकसित की जाएगी। इसके साथ ही मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों पर भी गैलरी होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर भारत न्यास, वीर भारत संग्रहालय और महादेव मूर्ति कला कार्यशाला की गतिविधियों की मंत्रालय में समीक्षा के दौरान यह दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि विकसित हो रहे संग्रहालय के विकास से संस्कृति, कला और स्थापत्य के विशेषज्ञों को जोड़ने के साथ-साथ भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक में लोकमाता देवी अहिल्या बाई के त्रिशताब्दी समारोह के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे।

**खास बात**

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर भारत न्यास, वीर भारत संग्रहालय और महादेव मूर्ति कला कार्यशाला की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान दिए दिशा-निर्देश




### महिला स्व-सहायता समूहों के विशाल सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई का त्रिशताब्दी समारोह 20 से 31 मई तक मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 20 मई को मंत्रि-परिषद की बैठक राजवाड़ा इंदौर में होगी। इसके साथ ही महेश्वर, इंदौर, भोपाल और उज्जैन में अन्य आयोजन भी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन और सुशासन की प्रतीक थीं। त्रिशताब्दी समारोह के अंतर्गत मालवा-निमाड़ क्षेत्र के महिला स्व-सहायता समूहों का विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाए।

### कार्यों पर विचार-विमर्श

बैठक में कोठी महल और परिसर के उन्नयन के लिए जारी गतिविधियां, वीर भारत न्यास के कार्यों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में वीर भारत संग्रहालय के अंतर्गत विकसित होने वाली गैलरियों की विषय-वस्तु का प्रस्तुतिकरण किया गया। उज्जैन में पत्थर, संगमरमर, ग्रेनाइट और धातु आदि के मूर्तिशिल्प को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित महादेव मूर्ति कला कार्यशाला कर गतिविधियों की भी समीक्षा हुई।

### *वीर भारत संग्रहालय में भारत के कालखंडों के तेजस्वी व्यक्तित्व घटनाओं की मिलेगी जानकारी*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतवर्ष के गौरवशाली अतीत से परिचय तथा प्रेरणा वर्तमान की अनिवार्य आवश्यकता है। इसीलिए उद्देश्य से ही राज्य सरकार उज्जैन में वीर भारत संग्रहालय विकसित कर रही है। वीर भारत संग्रहालय में भारत के सभी कालखंडों के तेजस्वी व्यक्तित्व और घटनाओं को रेखांकित किया जाएगा। देश के शूरवीरों, विचारकों, दार्शनिकों, ऋषियों, लेखकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों के योगदान का भी यहां उल्लेख होगा। भारत उत्कर्ष पर केंद्रित शोध, अनुसंधान, फैलोशिप और अध्ययन की गतिविधियां वीर भारत न्यास के अंतर्गत संचालित होंगी। प्रथम चरण में उज्जैन के कोठी महल में वीर भारत संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वीर भारत संग्रहालय से विश्वविद्यालय, अकादमिक संस्थाओं और विज्ञान के शिक्षण, प्रशिक्षण व शोध से जुड़ी संस्थाओं को भी जोड़ा जाए।*

# करोड़ों की ठगी के आरोपी 'बंटी-बबली' पुलिस के शिकंजे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर



एक हाई-प्रोफाइल ठगी कांड का चौंकाने वाला खुलासा करते हुए जशपुर पुलिस ने 150 करोड़ रुपये की अंतरराज्यीय धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया है। बंटी-बबली स्टाइल में देशभर के व्यापारियों को करोड़ों का चूना लगाने वाले गिरोह के दो मुख्य आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। पत्थलगांव निवासी व्यापारी अमित अग्रवाल से राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के नाम पर 5.70 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। ठगों ने सीएसआर फंड से जुड़ा बताकर स्कूली बच्चों के लिए स्वेटर सप्लाई का लालच दिया। मामले की तह तक जाते-जाते पुलिस को पता चला कि यह एक संगठित और अत्यंत शातिर ठगी नेटवर्क है, जो देश के कई राज्यों में सक्रिय था। एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल की अगुवाई में टीम दिल्ली भेजी गई। जाल इतना बारीकी से बुना गया कि पुलिस ने खुद को मंत्रालय का अधिकारी बताकर 1000 करोड़ के ऑर्डर का लालच दिया और आरोपियों को दिल्ली के होटल ताज में बुलवाया। आरोपी अनीता उपाध्याय को शक न हो, इसके लिए पुलिस अफसर ने सादी वर्दी में स्थानीय मॉडल को असिस्टेंट बनाकर भेजा। होटल में मीटिंग के बहाने अनीता को फंसाया गया और फिर उसके जरिये मुख्य आरोपी रत्नाकर उपाध्याय तक पुलिस पहुंच गई। दिल्ली की सड़कों पर मोबाइल लोकेशन बदलते हुए रत्नाकर लगातार पुलिस को चकमा देता रहा। लेकिन जशपुर पुलिस ने हार नहीं मानी और सागरपुर में एक मेडिकल स्टोर के पास उसे दबोच लिया। दिल्ली पुलिस के आने तक उसे मजबूती से पकड़े रखा गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस गिरोह के पास लखनऊ में 24 फ्लैट, दिल्ली में 2 फ्लैट और एक लग्जरी रेंज रोवर गाड़ी है। इन संपत्तियों पर भी कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। गिरोह ने 15 राज्यों में एजेंटों के माध्यम से सीएसआर फंड की योजनाओं में फायदा दिलाने का झांसा दिया।

# महुआ शराब मामले में पंद्रह आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

## शराब निर्माण के उपकरण व सामग्री जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

जिले के ग्राम धमकी (पारधीपारा) में पुलिस ने अवैध महुआ शराब मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में उपकरण व सामग्री जब्त किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने बताया कि प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर सुबह लगभग 6 बजे ग्राम धमकी स्थित पाराधीपारा क्षेत्र में संदिग्ध मकान की घेराबंदी कर एक साथ दबिश दी गई। मौके पर 15 आरोपी पुरुषों व महिलाओं को अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण, संग्रहण व विक्रय में संलिप्त पाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से कच्चा महुआ, तैयार महुआ शराब, प्लास्टिक ड्रम, एल्यूमीनियम बर्तन, पाइप, उबालने की भट्टियां व अन्य निर्माण संबंधी उपकरण बड़ी मात्रा में बरामद किए गए। जब्त की गई सामग्री व शराब का मूल्य आंकलन उपरांत विधिसम्मत कार्रवाई के लिए संलग्न किया जा रहा है। समस्त आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धारा अंतर्गत मामला दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

## प्रॉपर्टी विवाद में चचेरे भाई की हत्या

**बस्तर।** जिले के लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम गरदा बोदापारा में दो चचेरे भाई के बीच चल रहे जमीन विवाद के चलते एक ने दूसरे का गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी ने घटना को अंजाम देने के बाद इस मामले की जानकारी गांव के कोटवार को दी। मामले की जानकारी देते हुए लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी रवि बैगा ने बताया कि ग्राम गडदा बोदापारा निवासी सायबो कवासी के द्वारा अपने चचेरे भाई मासो कवासी का गमछा से गला दबाकर हत्या कर दी। ग्राम गडदा बोदापारा पहुंचकर देखने पर सायबो कवासी के घर आंगन मे मासो कवासी का मृत शरीर पड़ा हुआ था।

# प्रदेश के सभी शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी हॉस्टल सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कामकाजी महिलाओं के लिए प्रदेश के सभी शहरों में हॉस्टल उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन शक्ति अंतर्गत सखी-निवास सुविधा का विस्तार अधिक महिला कर्मचारी वाले औद्योगिक क्षेत्रों में भी किया जाए। बालिकाओं और महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने तथा उनके कौशल उन्नयन के लिए विभागीय समन्वय से गतिविधियां चलाई जाएं।

### *चना और अन्य प्रोटीन स्रोत अनिवार्य रूप से होंगे उपलब्ध*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंगनबाड़ियों में पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक माह में कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। प्रोटीन युक्त भोजन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए चना और अन्य प्रोटीन स्रोत अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों के साथ मंदिरों में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग भी आंगनबाड़ियों की बेहतरी के लिए किया जाए। बैठक में कुपोषण मुक्त झाबुआ के लिए चलाए गए मोटी आई अभियान पर लघु फिल्म भी दिखाई गई।*

### आंगनबाड़ी केंद्र शासकीय भवनों में संचालित हों

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय-सीमा निर्धारित कर यह सुनिश्चित किया जाए की सभी जिलों में आंगनबाड़ियां शासकीय भवनों में संचालित हों। इसके लिए स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास और जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों के उपलब्ध भवनों का भी उपयोग किया जाए। जिला स्तर पर पंचायत राज संस्थाओं, नगरीय निकायों के सहयोग तथा सांसद-विधायक निधि, डीएमएफ एवं अन्य संसाधनों से प्राथमिकता के आधार पर भवन बनाए जाएं।

## जल दर्पण पोर्टल शिकायत निवारण कॉल सेंटर शुरू

**भोपाल।** बुधवार को 'जल दर्पण पोर्टल' तथा फीडबैक एवं शिकायत निवारण प्रणाली कॉल-सेंटर का शुभारंभ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने किया। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल और कॉल-सेंटर हितग्राहियों को अपनी समस्याएं सीधे विभाग तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेंगे।

# ऑपरेशन सिंदूरः ढोल की थाप पर किया डांस, आतिशबाजी कर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूजःभोपाल

पाकिस्तान में स्थित आतंकी शिविरों पर भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक से देश में गर्व और खुशी की लहर है। राजधानी भोपाल में राजनीतिक दल, संगठनों और लोगों ने जमकर जश्न मनाया। ढोल की थाप पर डांस किया। जगह-जगह कई लोगों ने मिठाई भी बांटी। शहर में धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

***भारतीय सेना ने बेटियों के सिंदूर का बदला आतंकियों को मिट्टी में मिलाकर लियाः रामेश्वर*** *- ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि देश की जनता ने जो चाहा था, देश की सेना ने वो जवाब दिया है। भारतीय सेना ने बेटियों के सिंदूर का बदला आतंकियों को मिट्टी में मिलाकर लिया है। आज भारत की सेना ने दुनिया को बता दिया कि हम अपने नागरिकों की, अपने देश के प्रति हमेशा तैयार और सजग हैं।*

***हनुमान चालीसा का पाठ कर अधिवक्ताओं ने मिष्ठान वितरित की, जमकर किया डांसः*** *विधिक संवाददाता. भोपाल। पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर सफल होने पर बुधवार को भोपाल न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। अधिवक्ताओं ने मिष्ठान वितरित कर बधाइयां देते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए।*


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलायेगी:–

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:10 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## चिंतन

# भारत आतंकवाद के खिलाफ दुस्साहस बंद करे पाक फौज

ऑपरेशन सिंदूर से डर कर पाकिस्तान वो गलतियां कर रहा है, जिसका उसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। भारत ने स्पष्ट कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई दहशतगर्दी के खिलाफ थी, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। भारत सरकार की ओर से एयर स्ट्राइक के बाद और फिर अगले दिन दो-दो बार साफ किया गया है कि भारत का एक्शन आतंकवाद के खिलाफ नपा-तुला था, पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ सैन्य हमला करेगा, जैसा कि वह दो दिन से प्रयास कर रहा है, तो उसे अंजाम भुगतना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की फौज सीमा पार से जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी तोपों का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर नागरिकों को निशाना बना कर अकारण अंधाधुंध गोलीबारी कर रही है, जिसका भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है। इसमें तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। पाकिस्तानी फौज ने भारत के जम्मू-कश्मीर व पंजाब में 15 सैन्य ठिकानों को लक्षित करके मिसाइल हमले किए, जिसे भारतीय रक्षा प्रणाली ने नाकाम किया। भारतीय सेना ने पाक फौज को जवाब देते हुए लाहौर में पाक की वायुरक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने का प्रयास किया। इन्हें एकीकृत काउंटर मानवरहित विमान प्रणाली (ग्रिड और वायु रक्षा प्रणाली) द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। भारत की सख्त चेतावनी है कि पाकिस्तान की ऐसी गैर-जिम्मेदाराना हरकत से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ेगा और भारत तनाव नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान दुस्साहस करेगा तो भारत दोगुनी प्रबलता से जवाब देगा। भारत व पाक के बीच बढ़ रहे सैन्य तनाव के बाद से भारत में उच्च स्तर पर बैठकें हो रही हैं। इस बीच अमेरिका, ईरान, सऊदी अरब की ओर से तनाव कम करने के कूटनीतिक प्रयास हो रहे हैं। अमेरिका लगातार भारत व पाकिस्तान के संपर्क में है, ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान से भारत पहुंचे हैं और सऊदी अरब के विदेश मंत्री बिना किसी पूर्व निर्धारित शेड्यूल के नई दिल्ली पहुंचे हैं और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिले हैं। सब बातचीत के केंद्र में भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ रहा तनाव है। भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है कि पहलगाम टेरर अटैक के बाद भारत का एक्शन केवल और केवल आतंकवाद के खिलाफ है। चूंकि इस टेरर अटैक की जिम्मेदारी द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली और यह आतंकी गुट पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का मुखौटा तंजीम है, जो पाकिस्तान को भी पता है। तो भारत ने टीआरएफ, लश्कर और जैश से जुड़े आतंकी अड्डों पर कार्रवाई की। अपने यहां के आतंकी अड्डों पर ऐसी कार्रवाई पाकिस्तान को करनी चाहिए थी, लेकिन वह आतंकवाद को नीतिगत स्तर पर पालता-पोसता रहा है। भारत पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों व साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाने व उसे सजा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। साथ ही भारत शांति भी चाहता है। पाकिस्तान भारत की इस भावना का सम्मान करे और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भूमिका निभाए। पाकिस्तान की फौज को स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने खिलाफ आतंकवाद के किसी भी हमले का कठोरता से जवाब देगा।

# भारत ने कर दिखाया अद्भुत पराक्रम



ऑपरेशन सिंदूर
अवधेश कुमार

पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में घुसकर एक साथ अनेक जगहों पर मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमले में भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़ी और साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस बार भारत ने 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया।

सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध भारत के अद्भुत पराक्रम को पूरे विश्व ने देखा। पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में घुसकर एक साथ अनेक जगहों पर मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमले में भारत ने 11वें दिन पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़ी और साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस बार भारत ने इसके साथ 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया। वैसे भी जब जैश ए मोहम्मद का प्रमुख मसूद अजहर बयान जारी कर रो रहा है कि उसके 10 लोग मारे गए और वह क्यों नहीं मर गया तो फिर संदेह का कारण नहीं है।

22 फरवरी 2019 के बालाकोट हवाई बमबारी पर भी हमारे देश के नेताओं ने कटाक्ष किया, उसका उपहास उड़ाया। इस बार सबके मुंह बंद हैं क्योंकि पाकिस्तान ने स्वयं स्वीकार किया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने सबसे पहले कहा कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। वास्तव में जब प्रधानमंत्री ने मधुबनी की सभा से कहा कि इस बार की कार्रवाई दुश्मन की कल्पना से परे होगी तो साफ था कि पूर्व की दो कार्रवाइयों से ज्यादा बड़ी, विस्तृत और आतंकवाद की दृष्टि से प्रभावी एवं निर्णायक कार्रवाई हो सकती है। जैसा कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने बताया कि भारत ने आत्मरक्षा के तहत कार्रवाई की है और इस बात का ध्यान रखा गया कि आम नागरिकों और सैनिक ठिकानों को हमारी मिसाइलें स्पर्श न करें। उन स्थानों को देखिए जहां-जहां मिसाइल हमले हुए, तब पता चल जाएगा कि कितनी बड़ी कार्रवाई थी। बताया गया कि जिन नौ ठिकानों पर हमले किए गए, उसके पीछे भारतीय सेना का मकसद क्या था। दोनों महिला जवानों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। जिन नौ ठिकानों की पहचान कर बर्बाद किया गया उनमें आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। एक, नियंत्रण रेखा से 30 किलोमीटर दूर मुजफ्फराबाद का सवाईनाला कैंप लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। दो, सैयदना बिलाल कैंप (पीओजेके) जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना है जहां हथियारों और विस्फोटकों को रखा जाता था, जंगल में जिंदा रहने का प्रशिक्षण मिलता था। तीन, कोटली गुलपुर भी संगठन- लश्कर-ए-तैय्यबा का अड्डा था। यहां के आतंकी जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ में सक्रिय थे।

चौथा निशाना नियंत्रण रेखा से 9 किलोमीटर दूर भींबर का बरनाला कैंप था जहां हथियारों की हैंडलिंग, बारुदी सुरंग आईईडी और जंगल में बचे रहने का प्रशिक्षण मिल जाता था। पांचवां मिसाइल हमला



नियंत्रण रेखा से 13 किमी दूर अब्बास कैंप कोटली पर किया गया जहां लश्कर के आतंकवादी आत्मघाती तैयार किए जाते थे। पाक अधिकृत कश्मीर के इन ठिकानों को नष्ट करने के बाद मिसाइल पाकिस्तानी सीमा के भीतर चल रहे आतंकी ठिकानों पर गरजे। एक, सबसे पहले अंतराष्ट्रीय सीमा से 6 किमी दूर और जम्मू-कश्मीर के सांबा-कठुआ के सामने सरजल कैंप सियालकोट पर हमला किया। दूसरे नंबर पर अंतराष्ट्रीय सीमा से 12-18 किमी दूर सियालकोट का महमूना जोया कैंप था जो हिजबुल का बड़ा अड्डा था, यहां से कठुआ में आतंकवादी गतिविधियां चलतीं थीं। पठानकोट वायु सेवा अड्डे पर हमले की योजना यहीं बनी थी। तीसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18-25 किमी दूर हाफिज सईद के मुरीदके में मरकज-तैयबा था जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आतंकवादी प्रशिक्षित हुए। अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर दूर बहावलपुर में मरकज सुभानअल्लाह पर हमला किया। यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है जो आतंकवादियों का व्यापक सुरक्षित केंद्र है, जहां भर्ती से लेकर वैचारिक हथियारों के प्रशिक्षण और उन्हें सीमा पार करने सहित सारी व्यवस्थाएं थी। मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग भी मिसाइल के प्यारे हो गए। भारत को बर्बाद करने की कसमें खाने वाले मसूद आज फूट-फूट कर रोए तो कल्पना कर सकते हैं कि हमला उसके सारे सपनों को एकबारगी ध्वस्त करने वाला साबित हुआ है। इसमें मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसका पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों के साथ उसके करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। इसमें आतंकवादी कमांडर इकबाल करी के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। बिलाल आतंकी शिविर के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है। बहावलपुर के बाहरी इलाके में कराची-तोरखाम राजमार्ग पर 15 एकड़ में फैले मरकज सुभान अल्लाह मसूद अजहर का किला था जो 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले सहित अनेक हमलों का केंद्र रहा है। मसूद अजहर का घर मरकज सुभान अल्लाह में ही है। इस तरह देखें तो भारतीय सेना ने केवल पहलगाम हमले के दोषियों को ही सजा नहीं दी बल्कि पिछले लंबे समय से आतंकवादी हमला करने के मुख्य केंद्रों और भविष्य के षड्यंत्र रचने वाले केन्द्रों को भी तबाह कर दिया। वास्तव में एक-एक हमले पर कार्रवाई से भारत पर आतंकवादी हमले का खतरा टल ही नहीं सकता क्योंकि आप जितने मारेंगे उतने आतंकवादी ये केंद्र पैदा कर लेंगे। तो पहला रास्ता यही था कि उन सारे चिन्हित केन्द्रों को नष्ट कर दिया जाए। उनके लिए भविष्य में भी गतिविधियां आसान नहीं होंगी क्योंकि अब वहां भारत सहित विश्व भर की दृष्टि होगी। क्या आप सोच सकते हैं कि मुरीदके जैसा अड्डा लश्कर या तैय्यबा या हाफिज जल्दी निर्माण कर सकता है? क्या मसूद अजहर की अब हैसियत मार्केट सुभान के पुनर्निर्माण की है? निश्चय ही प्रधानमंत्री जब तीन-तीन बार तीनों सेना के प्रमुखों और दो बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से मिलते हैं तथा गृह मंत्री अमित शाह लगातार बैठकें कर रहे हैं तो उसकी परिणति इतनी ही बड़ी होनी थी जिनमें लंबे समय के लिए भारत सीमा पार के बड़े आतंकवादी खतरों से मुक्त हो जाए। मुनीर इस्लाम और कलमा के नाम पर पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर के गले की नस बताते हैं और उसके लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करते हैं तो आगे उनको इससे बड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जब भारत का राजनीतिक नेतृत्व सीमा पार आतंकवाद को जड़मूल से नष्ट करने का संकल्प ले चुका हो तो सेंड बालवीर उसके अनुरूप उत्साह के साथ तैयारी करते हैं। आगे पाकिस्तान ने नहीं माना तो उसके गर्दन की नस दबने का भी समय आ जाएगा।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण

डॉ. मोनिका राज



# संयम से संकल्प तक का नाम है 'ऑपरेशन सिंदूर'

भारत की विदेश और रक्षा नीति में समय-समय पर परिवर्तन देखने को मिला है, किंतु 7 मई 2025 को हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की रणनीतिक सोच को एक नया आयाम दिया। यह सैन्य कार्रवाई न केवल एक कूटनीतिक सन्देश थी, बल्कि यह उस ज्वलंत संकल्प का प्रतीक थी जो अब भारत को केवल सहने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि निर्णायक कार्यवाही करने वाला राष्ट्र बनाता है। पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले ने भारत की संवेदनाओं को झकझोर दिया और इसका उत्तर एक ऐसे रूप में आया, जो संयम के साथ सटीकता और गंभीरता से भरा था। ऑपरेशन सिन्दूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की बदलती नीति, आत्मनिर्भर सोच और आतंक के खिलाफ उसकी अडिग प्रतिबद्धता का परिचायक है। इसने न केवल भारत की सैन्य शक्ति को दर्शाया, बल्कि कूटनीतिक स्तर पर भी यह संदेश दिया कि भारत अब अपनी सुरक्षा के लिए किसी की अनुमति का मोहताज नहीं रहेगा। भारत ने 7 मई 2025 की सुबह जो सैन्य कार्रवाई की, वह सिर्फ एक और जवाबी हमला नहीं था। यह एक निर्णायक मोड़ था, एक नई रणनीतिक विचारधारा का उद्घोष जिसने यह स्थापित किया कि अब भारत सिर्फ पीड़ित नहीं रहेगा बल्कि एक सक्रिय, सशक्त और निर्णायक शक्ति के रूप में उभरेगा। "ऑपरेशन सिन्दूर" के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के भीतर स्थित आतंकवादी ठिकानों पर जो प्रहार किए, वे कई दृष्टियों से अभूतपूर्व थे, रणनीतिक, राजनीतिक, कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक। यह कार्रवाई किसी आकस्मिक क्रोध का परिणाम नहीं थी, बल्कि एक सुविचारित, रणनीतिक प्रतिक्रिया थी, जिसकी नींव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने रखी थी। इसके जवाब में ऑपरेशन सिन्दूर एक ऐसा सशक्त वक्तव्य बन गया, जिसने आतंकी गुटों और उनके संरक्षकों को स्पष्ट संकेत दिया कि अब भारत हर प्रहार का जवाब उसी भाषा में देगा। इस सैन्य कार्रवाई का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह था कि भारत ने इसे बिना अंतरराष्ट्रीय समर्थन या सहमति के एकतरफा अंजाम दिया। यह उस पारंपरिक सोच का पूर्ण निषेध था जिसके तहत भारत वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय समुदाय की स्वीकृति या समर्थन की प्रतीक्षा करता रहा। नई दिल्ली ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो, तो वह अब 'वैश्विक अपेक्षाओं' से बंधा नहीं रहेगा। भारत की यह आत्मनिर्भर और निर्णायक नीति एक नए भू-राजनीतिक युग की शुरुआत का संकेत है। ऑपरेशन सिन्दूर ने कई स्तरों पर संदेश दिए। सबसे पहले, यह भारत की आतंकवाद विरोधी नीति में स्थायी परिवर्तन का प्रतीक है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक्स और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक्स के बाद, 2025 की यह कार्रवाई दर्शाती है कि अब भारत आतंकवादी हमलों को केवल एक सुरक्षा चुनौती नहीं, बल्कि एक युद्ध जैसा कृत्य मानता है। और इस युद्ध का उत्तर अब सीमित शब्दों में नहीं, बल्कि सटीक प्रहारों में मिलेगा। दूसरे, भारत ने पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही 'परमाणु धमकी' की रणनीति को पूर्णतः निष्क्रिय कर दिया है। पाकिस्तान ने अतीत में बार-बार परमाणु हथियारों का डर दिखाकर भारत को किसी भी निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया से रोका था। लेकिन ऑपरेशन सिन्दूर इस मिथक को तोड़ता है। भारत ने पाकिस्तान के भीतर नौ ठिकानों को नष्ट किया, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के मुख्यालय और लॉन्च पैड शामिल थे और यह सब बिना किसी परमाणु प्रतिक्रिया की आशंका के। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारत अब 'कूटनीतिक शालीनता' नहीं, बल्कि 'रणनीतिक जवाबदेही' की राह पर चलेगा। इस ऑपरेशन ने घरेलू स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण सन्देश भेजा है। भारत की जनता ने इस कार्रवाई को एक न्यायोचित कदम माना है। पहलगाम के शहीदों के लिए यह न्याय का प्रतीक बना है। इसने देश में आत्म-विश्वास और सुरक्षा की भावना को प्रबल किया है। साथ ही, यह सरकार के लिए एक राजनीतिक पूंजी भी बनी है, जिससे वह वैश्विक मंचों पर अधिक दृढ़ता से आतंकवाद के विरुद्ध अपनी आवाज़ उठा सकती है। यह कार्रवाई भारत की उस चेतना का प्रतीक है जो अब न्याय, प्रतिरोध और निर्णायकता के मार्ग पर अग्रसर है। ऑपरेशन सिन्दूर न केवल एक सैन्य अभियान था, बल्कि यह भारत की नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति, कूटनीतिक स्वतंत्रता और वैश्विक दृष्टिकोण का संकल्प भी है। पाकिस्तान के लिए इस ऑपरेशन का सबसे बड़ा सन्देश यही है, अब संयम की परीक्षा नहीं ली जाएगी। अब भारत हर वार का जवाब देगा तथ्य, ताकत और रणनीति के साथ।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है।

## जिन लोगों में है मतभेद वे कभी नहीं होते सफल



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे।पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मां की भूमिका को सलाम

एक मां परिवार की रीढ़ होती है और उसे अपनी भूमिका बखूबी निभाने के लिए एक मजबूत आधार की जरूरत होती है। हर मां अपने बच्चों के लिए दिनभर भागदौड़ करती है, वह भी अपना ख्याल रखे बिना। अगर मां बीमार पड़ जाए तो ऐसा लगता है कि सारे काम रुक गए हैं, इसलिए अपनी हेल्थ के साथ-साथ अपनी मां की हेल्थ भी अच्छी होना जरूरी है। इस बार मदर्स डे पर आप अपनी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के लिए उन्हें हेल्थ से जुड़े कुछ तोहफे गिफ्ट कर सकते हैं, जो आपकी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के साथ-साथ उन्हें फिट भी बनाएंगे।

\- अमित पटवा, दुर्ग

## ट्रेंड

### क्वॉलिटी कार्रवाई



पाकिस्तान और पीओके में, जिस तरह से हमारी आर्म्ड फोर्सेज ने आतंकी कैंपों को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गौरव का विषय है। कोई हमारे संयम का फायदा उठाने की कोशिश करेगा तो उसे कल की तरह 'क्वॉलिटी कार्रवाई' का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री


### शहादत पर गर्व



जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी का डटकर सामना करते हुए हरियाणा के पलवल के बेटे, जवान दिनेश कुमार शर्मा ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। आपकी शहादत पर प्रत्येक देशवासी को गर्व है।

\- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा


### जवानों को सलाम



हम चाहते थे कि इस सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री भी आएं और संक्षिप्त में अपनी बात रखें कि किस तरह आतंकवाद के खिलाफ हमारे जवानों ने हिम्मत दिखाई। हम हमारे जवानों को सलाम करते हैं और उनका अभिनंदन करते हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### सटीक प्रहार



युद्ध की बयानबाजी के बिना 'ऑपरेशन सिंदूर' उन क्षेत्रों और संगठनों पर एक सटीक प्रहार है, जिन्होंने निर्दोष नागरिकों को मारने वाले भयानक आतंकवादी का समर्थन किया था।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में अर्धनारीश्वर शिव की प्रतिमा प्रदर्शित



सिंगापुर में स्थित इंडियन हैरिटेज सेंटर (आईएचसी) में भगवान शिव के 'अर्धनारीश्वर' स्वरूप की नृत्य मुद्रा वाली दुर्लभ कांस्य प्रतिमा प्रदर्शित की गई है। यह प्रतिमा उन 60 अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है, जिन्हें सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों ने हैरिटेज सेंटर को दान किया है। 'अर्धनारीश्वर' भगवान शिव का एक रूप है, जिसमें आधा शरीर पुरुष (शिव) और आधा महिला (पार्वती) का होता है। आईएचसी ने बुधवार को अपनी 10वीं वर्षगांठ के मौके पर मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान बताया कि इन कलाकृतियों में खूबसूरती से गढ़ा गया, सोने का एक नक्काशीदार कड़ा भी शामिल है, जिस पर दो मोरों की आकृति बनाई गई है। इनमें से तीस कलाकृतियां पहले से ही लिटिल इंडिया परिसर में स्थित आईएचसी में प्रदर्शित हैं। यह प्रदर्शनी सिंगापुर के भारतीय और दक्षिण एशियाई समुदायों के इतिहास एवं विरासत को प्रदर्शित करती है। सलमा मोइज (84) ने कहा कि पिछली पीढ़ियों के अनुभवों को दर्ज करना और यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इन धरोहरों को ऐसी जगह रखा जाए जहां उनकी देखभाल हो और उन्हें सम्मान के साथ सराहा जाए।

## ऑफ बीट

# सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू



तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आएं हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। /"प्लैनेटोरियम/" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है। ऑरेरी और ब्रह्मांड के अन्य यांत्रिक मॉडल जैसे आकाशीय ग्लोब ही बाहरी परिप्रेक्ष्य से दृश्य प्रस्तुत करते हैं। तारों और ग्रहों को वास्तविक रूप से देखने की इच्छा 20वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बढ़ी, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से होने वाले प्रदूषण ने रातों में दिखने वाले आकाश को धुंधला कर दिया था। जर्मनी के म्यूनिख में स्थित डॉयचे संग्रहालय के प्रथम निदेशक ओस्कर वॉन मिलर जैसे लोग तारों और ग्रहों से सभी को रूबरू कराना चाहते थे। दिलचस्प बात यह है कि वॉन मिलर के करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हुई थी।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

जो काम कर रहे हैं, करते रहिए..., सर्वदलीय बैठक में एयरस्ट्राइक की जमकर हुई सराहना

# भारतीय सेना के 'पराक्रम' की तारीफ करते हुए विपक्ष ने दिखाई एकजुटता कहा- नेतस्नाबूद करें 'आतंकियों के ठिकाने', हम सब हैं सरकार के साथ

**सर्वदलीय बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे शामिल हुए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च कर पाकिस्तान में आतंकियों के नौ ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में सभी दलों के नेताओं ने एयरस्ट्राइक की सराहना की और सरकार के हर निर्णय, सेना की हर कार्रवाई में साथ देने की बात कही। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई इस बैठक में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बैठक में शामिल नहीं होने का मुद्दा उठाया। खरगे ने बैठक में यह भी कहा कि जो काम कर रहे हैं, करते रहिए। हम आपके साथ हैं। उन्होंने बैठक में राफेल मार गिराने के पाकिस्तानी दावे का भी जिक्र किया, लेकिन किसी ने भी इस विषय पर सरकार से जवाब देने को नहीं कहा। सर्वदलीय बैठक के बाद बाहर आए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमें जो बताया गया, हमने वह सुन लिया। हमने सरकार को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि हम इस घड़ी में सरकार के साथ खड़े हैं। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की सराहना की है।

> कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमें जो बताया गया, हमने वह सुन लिया। हमने सरकार को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि हम इस घड़ी में सरकार के साथ खड़े हैं। हमारी पहली प्राथमिकता हमारा अपना देश है।

**खरगे ने कहा एयरस्ट्राइक सराहनीय कदम**

ऑपरेशन सिंदूर में **100** से ज्यादा आतंकी मारे गए

सांसद सुप्रिया सुले ने बठिंडा में फाइटर जेट का मामला उठाया

ओवैसी ने कहा टीआरएफ के खिलाफ अभियान चले



### सुप्रिया सुले ने पूछी वायरल वीडियो की सच्चाई

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने बठिंडा में फाइटर जेट मार गिराए जाने वाले दावे से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट का मुद्दा उठाया। बैठक की शुरुआत में सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में जानकारी दी। सभी पार्टियों के नेताओं ने सरकार के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि हम साथ हैं। बैठक के बाद बाहर आए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे अच्छा बताया।

**तो फिर करेंगे कार्रवाई: रिजिजू**

दिल्ली के पार्लियामेंट एनेक्सी में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहीं। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक से बाहर आने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी रक्षा मंत्री के बयान को दोहराया। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। ऑपरेशन जारी है, इसलिए सटीक संख्या बताना मुश्किल है। पाकिस्तान ने उकसाया तो फिर कार्रवाई करेंगे।

### यह समय एकजुटता का राहुल गांधी बोले

मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि हमने कहा है कि देशहित में सरकार के साथ रहेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम एकजुट हैं और शुरुआत से ही सरकार के साथ हैं।



उन्होंने यह भी कहा कि हां, कुछ चिंताएं हैं लेकिन ठीक है। यह समय एकजुटता का है। बैठक के बाद राहुल गांधी ने बाहर आकर कहा कि हम सभी ने सरकार को समर्थन दिया है। सभी दलों के नेताओं को बोलने के लिए 4 से 5 मिनट का समय दिया गया। कांग्रेस के साथ ही समाजवादी पार्टी ने भी सर्वदलीय बैठक से प्रधानमंत्री की गैरमौजूदगी का मुद्दा उठाया।

## पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट करने का प्रयास करना चाहिएः ओवैसी

सर्वदलीय बैठक के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की सराहना की है। मैंने यह भी सुझाव दिया कि हमें रेजिस्टेंस फ्रंट



(टीआरएफ) के खिलाफ एक वैश्विक अभियान चलाना चाहिए। मैंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार को अमेरिका से इसे (टीआरएफ) आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने का अनुरोध करना चाहिए। हमें एफएटीएफ में पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट करने का भी प्रयास करना चाहिए। ओवैसी ने कहा, सरकार के पास कश्मीर में पाकिस्तान से भिड़ने और कश्मीरियों को अपनाने का सुनहरा अवसर है। पुंछ में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उन्हें आतंकवाद पीड़ित घोषित किया जाना चाहिए। सरकार को उन्हें मुआवजा देना चाहिए और उनके लिए घर मुहैया कराने चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान के संघर्ष विराम उल्लंघन के कारण उन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि (ऑपरेशन सिंदूर से) यह है कि भवालपुर और मुरीदके, दो ज्ञात आतंकवादी स्थल नष्ट कर दिए गए।

### एक पखवाड़े में दूसरी सर्वदलीय बैठक

इससे पहले 24 अप्रैल को पार्लियामेंट एनेक्सी में 2 घंटे तक सर्वदलीय बैठक हुई थी। इसमें 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में पहलगाम के बायसरन घाटी में आतंकी हमले की जानकारी दी गई थी। इस आतंकी घटना में 25 टूरिस्ट और एक स्थानीय घोड़ेवाले की मौत हो गई थी। 14 दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने माना था कि पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि अधिकारियों ने मीटिंग में विपक्षी नेताओं को सुरक्षा में हुई चूक के बारे में जानकारी दी।



## स्टेडियम को उड़ाने की मिली धमकी, आईपीएल से पहले बढ़ाई सुरक्षा

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाई अलर्ट पर जयपुर**

राजस्थान की राजधानी जयपुर एक बार फिर सुरक्षा के लिहाज से केंद्र में आ गई है। गुरुवार सुबह सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। यह धमकी सुबह 9:13 बजे राजस्थान क्रीड़ा परिषद को ईमेल के माध्यम से भेजी गई, जिसमें लिखा था- ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा।



### स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में हैः मंत्री राठौड़



राज्य के खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी की सूचना मिलने के बाद मैंने प्रशासन और सुरक्षा अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं और प्रदेश की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन घबराएं नहीं, सब कुछ सुरक्षित और नियंत्रण में है।

**कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली**

धमकी भरा ईमेल मिलते ही क्रीड़ा परिषद के अधिकारियों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम), बम निरोधक दस्ता, साइबर सेल और जयपुर पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। स्टेडियम को खाली करवा कर पूरे परिसर को सील कर दिया गया और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई।

### मैच से पहले बढ़ी सुरक्षा

एसएमएस स्टेडियम में आने वाले दिनों में एक महत्वपूर्ण आईपीएल मैच होना है, ऐसे में इस धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर आ गई हैं। मुख्य प्रवेश द्वारों पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं और प्रत्येक आगंतुक की गहन जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है।

### साइबर जांच शुरू, संदिग्ध की तलाश

पुलिस की साइबर टीम ईमेल भेजने वाले की पहचान में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार, ईमेल की भाषा और संदर्भ ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी हो सकती है, इसलिए जांच एजेंसियां इसे बड़ी साजिश के एंगल से भी देख रही हैं। पुलिस और प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह या डर में न आएं और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## लोकप्रिय हुआ ऑपरेशन सिंदूर, बिहार में जन्मी बेटी का नाम सिंदूरी तो बेटे का नाम रखा सिंदूर, फौज में भेजने का सपना

मुजफ्फरपुर।पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की रात बिहार के मुजफ्फरपुर में जन्मे 12 नवजात का नाम उनके परिवारों ने सिंदूर रखा है। वहीं, कटिहार का परिवार अपनी बेटी को 'सिंदूरी' बुलाएगा। पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक थी। इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। कटिहार में जन्मी बच्ची सिंदूरी के परिजन का कहना है कि पाकिस्तान पर हमले और उसी दिन उसी दिन बेटी के जन्म से वे सभी बेहद खुश हैं। कटिहार में बच्ची की मां राखी कुमारी के कहा-दो खुशी एक साथ आई हैं। घर में बेटी का जन्म हुआ और उधर पाकिस्तान पर हमला। मैं अपनी बेटी को फौज में भेजूंगी, ताकि वह देश की सेवा करे। सिंदूरी के परिजन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के साथ आम भारतीय भी खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं। यह लम्हा सिर्फ एक नामकरण नहीं, देशभक्ति और भावनात्मक जुड़ाव की एक मिसाल बन गया है।



### जन्मदिन के साथ ऑपरेशन सिंदूर का जश्न भी मनाएंगे

मुजफ्फरपुर के बोचहा प्रखंड के कन्हारा निवासी हिमांशु राज ने अपनी बहन की बेटी का नाम सिंदूर रखा है। वे हर साल अपनी बेटी के जन्मदिन के साथ ऑपरेशन सिंदूर का जश्न भी मनाएंगे। हिंमाशु राज कहते हैं कि पाकिस्तान पर हमले के दौरान उनकी भांजी का जन्म हुआ है। इसलिए उसका नाम इन्होंने सिंदूर रखा है। हम लोगों ने हमले का वीडियो देखा, तो बहुत अच्छा लगा है। वहीं, बच्ची के पिता कहते हैं, नाम से भी फर्क पड़ता है। इससे बच्चे पर अच्छा असर पड़ेगा।

### बड़ा होकर देश की सेवा करेगा पोता

सीतामढ़ी के बेलसंड थाना क्षेत्र की रहने वाली वंदना देवी ने अपने पोते का नाम सिंदूर रखा है। वंदना देवी का कहना है कि उनका पोता बड़ा होकर सेना में जाकर देश की सेवा करेगा। वहीं, मोतिहारी के फेनहारा के रहने वाले दवा कारोबारी अनिकेत कुमार ने भी अपने नवजात बेटे का नाम सिंदूर रखा है। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को उचित जवाब दिया है। बच्ची की दादी मधु देवी कहती हैं कि पोता हुआ है। उसका नाम सिंदूर रखा है। क्योंकि ये नाम बहुत अच्छा लगा। मुजफ्फरपुर अस्पताल के नवजात शिशु विशेषज्ञ डॉ.सिद्धार्थ ने बताया, 'कल हमारे अस्पताल में 12 बच्चों का जन्म हुआ है। लड़का हो, या लड़की हो बच्चे का नाम सिंदूर रखा गया है। ये गर्व की बात है।

मुंबई से हवाई यात्रा करना हुआ महंगा, बढ़ाया गया यूडीएफ

## अब घरेलू यात्रा के लिए चुकाने होंगे 175 रुपए

**नई दिल्ली।** एईआरए (एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी) ने 16 मई से नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया है। अब मुंबई से घरेलू यात्रियों को 175 रुपए देने होंगे। अभी यह 120 रुपये वसूल की जाती है। मुंबई से हवाई यात्रा करना अब महंगा होने जा रहा है। एईआरए (एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी) ने नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया है। अब मुंबई से घरेलू यात्रियों को 175 रुपए देने होंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के इकोनोमी और बिजनेस क्लास के यात्रियों से अलग-अलग शुल्क वसूला जाएगा। घरेलू यात्रियों के लिए 175 रुपए निर्धारित किया गया है। संशोधित शुल्क 16 मई लागू होगा। यह 31 मार्च 2029 तक वसूल किया जाएगा। नियामक ने गुरुवार को कहा कि घरेलू यात्रियों से हर उड़ान पर 175 रुपए लिए जाएंगे। यह फैसला इसलिए लिया गया है कि सभी हितधारकों के बीच वैमानिकी शुल्क बराबर बांटा जाए। इसके साथ ही नया शुल्क चार साल तक लागू रहेगा। इससे पहले यूजर डेवलपमेंट फीस अगस्त 2024 तक हर उड़ान पर घरेलू यात्रियों से 120 रुपए ली जाती थी।

एईआरए ने 16 मई से नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया



**अंतरराष्ट्रीय उड़ान में क्लास के अनुसार होगी यूडीएफ**
अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए क्लास के अनुसार से अलग- अलग यूडीएफ तय किया गया है। इकोनोमी और बिजनेस क्लास यात्रियों के लिए यह अलग-अलग होगा। इकॉनमी क्लास में अंतरराष्ट्रीय उड़ान करने वाले यात्रियों को प्रति उड़ान 615 रुपए यूडीएफ होगा। वही बिजनेस क्लास में अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने के लिए 695 रुपए देना होगा।

### लैंडिंग और पार्किंग शुल्क कम किए गए

एईआरए ने कहा इस शुल्क से हम यात्रियों की सुविधाओं में सुधार की जाएगी। उन्होंने कहा कि एयरलाइनों के लिए लैंडिंग और पार्किंग शुल्क को भी कम कर दिया गया है। समान हवाई अड्डों के शुल्कों को ध्यान में रखते हुए नई शुल्क लागू की जाएगी।

**यूपी कांग्रेस अध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ी**

## राफेल पर नींबू मिर्च लगाकर बयान देने वाले अजय राय पर प्रकरण दर्ज

खिलौने पर नींबू मिर्ची लटकाकर राफेल विमान को लेकर बयानबाजी करने के मामले में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी के चेतगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने और बयान जारी कर अफवाह फैलाने की धारा में अभियोग दर्ज किया गया है। मुकदमा राष्ट्रवादी हिन्दू शक्ति वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व छावनी क्षेत्र निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता की तहरीर पर दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज कराने वाले प्रदीप गुप्ता ने बताया कि वह बीते पांच मई को अपने संगठन के कार्यालय जगतगंज, लहुराबीर पर पदाधिकारियों संग बैठे थे कि उनको जानकारी हुई कि अजय राय ने एक खिलौना विमान को नींबू मिर्ची बांधकर मीडिया के सामने जारी किया है।



### भारतीय सेना उपहास उड़ाया था

खिलौना विमान की तुलना भारत के राफेल विमान से करते हुए राफेल लड़ाकू विमान को बेकार बताते हुए भारतीय सेना का उपहास किया है। बताया कि अजय राय के इस कृत्य से दुश्मन देश पाकिस्तान में देश का उपहास किया गया है। अजय राय की इस प्रकार की गतिविधियां भारतीय सेना का मनोबल गिराने का न केवल कुप्रयास था बल्कि शत्रु राष्ट्र पाकिस्तान का भी मनोबल बढ़ाने वाला तथा राष्ट्रविरोधी माहौल को बढ़ावा देने का कुत्सित प्रयास भी था।

पंजाब के कृषि मंत्री सिंह खरीफ की फसलों संबंधी राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में लिया

## पंजाब ने केंद्र से की अपील, फसल विविधीकरण हेतु प्रति हेक्टेयर 17,500 रुपए दिए जाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वह राज्य में फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए खरीफ सीजन के दौरान धान के विकल्प के तौर पर मक्का, कपास और अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती करने वाले किसानों को 17,500 रुपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से नकद प्रोत्साहन राशि दे।

खुड्डियां ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 10 जून, 2024 को जारी पत्र के माध्यम से फसल विविधीकरण कार्यक्रम के तहत राज्य में धान के विकल्प संबंधी संशोधित निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत खरीफ सीजन के दौरान धान की जगह कोई अन्य वैकल्पिक फसल की खेती करने वाले किसानों को 17,500 रुपए प्रति हेक्टेयर के हिसाब से नकद प्रोत्साहन राशि देने के बारे में कहा गया था। प्रति किसान 5 हेक्टेयर तक इस योजना के तहत लाभ ले सकता है। इस पत्र की निरंतरता में पिछले साल नवंबर और दिसंबर में दो और जारी किए गए पत्रों में इस नकद प्रोत्साहन राशि देने का कोई जिक्र नहीं किया गया, जिसने किसानों के लिए अनिश्चितता की स्थिति पैदा कर दी है। खुड्डियां केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा यहां पूसा कॉम्प्लेक्स में खरीफ की फसलों संबंधी आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-2025 में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने किया।

पंजाब के कृषि मंत्री ने कहा कि भारत सरकार से अनुरोध किया गया है कि वह पराली के उचित प्रबंधन पर आने वाले अतिरिक्त खर्च के बदले किसानों को प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा देकर समर्थन और सहयोग करे ताकि वायु प्रदूषण से निपट सकें।

कहा, पहले किसान परंपरागत बीज बोते रहते थे लेकिन 10 साल से पहले सीड बदल देना चाहिए

## खरीफ में जरूरत से ज्यादा 178.48 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध, बीज बदलाव अच्छी बातः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली के पूसा कैंपस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन- खरीफ 2025 अभियान में हुई चर्चा के साथ-साथ खरीफ की बुआई से पहले कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की तैयारियों और रणनीतियों के बारे में जानकारी दी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर सहित विभिन्न राज्यों से आए कृषि मंत्री भी उपस्थित रहे। चौहान ने कहा कि जहां तक खरीफ में बीज का सवाल है, बीज की आवश्यकता है 164.254 लाख क्विंटल की और हमारे पास पर्याप्त बीज 178.48 लाख क्विंटल उपलब्ध है। हम सभी राज्यों की मांग के अनुसार उन्नत बीज उपलब्ध करा पाएंगे. खुशी की बात ये है कि सीड रिप्लेसमेंट की दर बढ़ रही है। पहले किसान परंपरागत बीज बोते रहते थे लेकिन 10 साल से पहले सीड बदल देना चाहिए। 10 साल हो जाने पर बीज की गुणवत्ता अच्छी नहीं रहती। उन्होंने कहा कि ये बैठक बहुत गंभीरता से हुई है। हमने तय किया है कि रबी की बैठक एक नहीं, दो दिन की होगी। चौहान ने बताया कि आज राज्यों के कृषि मंत्रियों, केंद्र और राज्य सरकार और आईसीएआर और अन्य संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों और वर्चुअल जुड़े सभी पदाधिकारियों के साथ सारगर्भित चर्चा हुई है। राज्यों के बेहतर प्रदर्शन और किसानों की मेहनत के कारण खरीफ के रकबे में वृद्धि हुई है, वहीं खरीफ 2023-24 के दौरान चावल का क्षेत्रफल 40.73 मिलियन हेक्टेयर था, जो खरीफ 2024-25 में 43.42 मिलियन हेक्टेयर हो गया है। चावल का उत्पादन खरीफ 2023-24 में 113.26 मिलियन टन था, जो खरीफ 2024-25 में 120.68 मिलियन टन हो गया है। इसी तरह, खरीफ में 2023-24 के दौरान मक्का का क्षेत्रफल 8.33 मिलियन हेक्टेयर था, जो खरीफ 2024-25 में 8.44 मिलियन हेक्टेयर हो गया और मक्के का उत्पादन खरीफ 2023-24 में 22.25 मिलियन टन था, जो खरीफ 2024-25 में 24.81 मिलियन टन हो गया है।

शिवराज सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में कुल खाद्यान्न क्षेत्र में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें चावल और मक्का में प्रमुख वृद्धि देखी गई है। समान रूप से खरीफ 2024 में कुल खाद्यान्न उत्पादन में पिछले वर्ष 2023 खरीफ उत्पादन की तुलना में 6.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें चावल, मक्का और ज्वार आदि फसलों में उच्च उत्पादन देखा गया है। विपरीत जलवायु परिस्थितियों के बावजूद हमारे खाद्यान्न का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है।

भाखड़ा नंगल बांध के कंट्रोल रूम के संचालन में हस्तक्षेप नहीं कर सकती राज्य सरकारें

## हाईकोर्ट के आदेश का पालन करे पंजाब सरकार, हरियाणा को दे पानीः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पंजाब सरकार को अब तो कम से कम पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए हरियाणा के लिए 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ने चाहिए।

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बांध की सुरक्षा के नाम पर उसके संचालन में बाधा डालना स्वीकार्य नहीं है। पंजाब को केंद्र के आदेश मानने होंगे। सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि पानी पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, हरियाणा का उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए। कुमारी सैलजा ने हरियाणा के किसानों को राहत देने की दिशा में केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। कुमारी सैलजा ने कहा कि दो मई को हुई बैठक के आलोक में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हरियाणा को अतिरिक्त 4500 क्यूसेक कृषि जल तत्काल छोड़ा जाए। हरियाणा के किसान लंबे समय से जल संकट झेल रहे हैं। उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश आ चुका है, तो इस पर टालमटोल करने का कोई औचित्य नहीं है। केंद्र सरकार आगे आए और हरियाणा को उसका जल अधिकार दिलवाए। कुमारी सैलजा ने कहा कि पानी को लेकर अभी तक पंजाब सरकार का रवैया सहयोगात्मक नहीं रहा है, हरियाणा को एक बूंद पानी न देने की जिद पर अड़ा हुआ है। एक मई को पंजाब पुलिस द्वारा कथित रूप से भाखड़ा नंगल बांध के कंट्रोल रूम पर नियंत्रण लेने की घटना ने स्थिति को और जटिल बना दिया।

# भारत-पाक के बीच तनाव बढ़ने से दोनों देशों के लिए ऋण जोखिम बढ़ेगाः एसएंडपी

भाषा ▸▸| नई दिल्ल

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से दोनों देशों के लिए ऋण जोखिम भी बढ़ेगा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

एसएंडपी ने भारत और पाकिस्तान को सकारात्मक परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' और 'सीसीसी+' (स्थिर परिदृश्य) रेटिंग दे रखी है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में उसे संप्रभु क्रेडिट रेटिंग पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं दिखता है। अगले दो से तीन सप्ताह तक तनाव के उच्च स्तर पर बने रहने की आशंका है और दोनों पक्षों की ओर से महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई की जा सकती है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बयान में कहा, '' भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता शुरू होने से क्षेत्रीय ऋण जोखिम बढ़ गया है, खासकर इसमें शामिल दोनों देशों के लिए...। जिससे लंबे समय तक सीमित और छिटपुट टकराव का रास्ता बनेगा।

### एसएंडपी ने कहा

*एसएंडपी ने कहा कि उसका अनुमान है कि भारत मजबूत आर्थिक वृद्धि बनाए रखेगा जिससे क्रमिक राजकोषीय सुधार जारी रह सके। पाकिस्तान सरकार भी अपनी अर्थव्यवस्था की बहाली और राजकोषीय स्थिरता का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित रखेगी। दोनों देशों के पास मौजूदा तनाव को लंबे समय तक जारी रखने का कोई आधार नजर नहीं आता। रेटिंग एजेंसी ने पिछले सप्ताह अमेरिकी व्यापार नीति पर अनिश्चितता का हवाला देते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।*

भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार एवं बुधवार की दरमियानी रात पाकिस्तान एवं पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत ये सैन्य हमले किए गए। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की जान गई थी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि उनके देश को भारत द्वारा थोपे गए युद्ध के इस कृत्य का ''करारा जवाब'' देने का पूरा अधिकार है। हालांकि, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ़ ने कहा कि अगर भारत स्थिति को शांत कर दे तो उनका देश तनाव ''समाप्त'' करने के लिए तैयार है।

## गूगल में फिर से छंटनी, 200 कर्मियों को दिखाया बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज गूगल में फिर से छंटनी की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, कंपनी ने अपने ग्लोबल बिजनेस यूनिट में से करीब 200 कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया है। गूगल के लिए यह टीम दुनियाभर में सेल्स और पार्टनरशिप का काम देखती है। बताया जा रहा है कि बड़ी-बड़ी टेक कंपनियां आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक फोकस कर रही हैं। एक बड़े पैमाने पर इंडस्ट्री में बदलाव हो रहा है और शायद इसी वजह से कर्मचारियों की भी छंटनी हो रही है। बता दें कि गूगल ने पिछले महीने ही प्लेटफॉर्म और डिवाइस डिवीजन से सैकड़ों कर्मचारियों को निकाल दिया था, जिसमें एंड्रॉइड, पिक्सेल और क्रोम शामिल थे। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने 2023 की शुरुआत में 12,000 कर्मचारियों की छाटनी किए जाने के अपने प्लान का ऐलान किया था, जो कंपनी के टोटल वर्कफोर्स का लगभग 6 परसेंट है। दिसंबर 2024 तक गूगल में कर्मचारियों की संख्या 183,000 से अधिक थी।

### स्टारलिंक को दूरसंचार विभाग ने दी मंजूरी

# मस्क की स्टारलिंक को मिला आशय पत्र भारत में उपग्रह संचार सेवाओं का रास्ता खुला

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*अमेरिका के अरबपति उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने दूरसंचार विभाग से मंजूरी मिलने के बाद भारत में उपग्रह संचार सेवाएं मुहैया कराने की ओर एक और कदम बढ़ाया है। उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को उपग्रह संचार सेवाओं के लिए आशय पत्र जारी कर दिया गया है। हालांकि, परिचालन शुरू करने से पहले उसे अभी लाइसेंस हासिल करना होगा।*

स्टारलिंक एक उपग्रह इंटरनेट सेवा प्रदाता है। एयरोस्पेस विनिर्माता एवं अंतरिक्ष परिवहन कंपनी स्पेसएक्स द्वारा 2002 में इसकी स्थापना की गई थी। यह उपग्रह प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर दुनिया भर में उच्च-गति, कम-बाधा वाली ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदान करती है।

### स्टारलिंक का जियो व एयरटेल से इंटरनेट पहुंचाने समझौता

कंपनी ने भारत में अपने ग्राहकों तक स्टारलिंक का उच्च गति वाला इंटरनेट पहुंचाने के लिए शीर्ष दो दूरसंचार कंपनियों रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के साथ समझौता किया है। पारंपरिक उपग्रह सेवाओं के उलट स्टारलिंक पृथ्वी की सतह के अपेक्षाकृत सबसे करीब निम्न पृथ्वी कक्षा या एलईओ उपग्रहों (पृथ्वी से 550 किलोमीटर ऊपर) का इस्तेमाल करती हैं।

### उपग्रह की संख्या अभी 7000

पारंपरिक उपग्रह सेवाएं आमतौर पर भूस्थिर उपग्रह पर निर्भर करती हैं। एलईओ उपग्रहों की संख्या अभी 7,000 है जो बढ़कर 40,000 से अधिक हो जाएगी।स्टारलिंक का उपग्रह इंटरनेट स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन गेमिंग और वीडियो कॉलिंग के लिए सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है।



- संचार सेवाओं के लिए आशय पत्र जारी कर दिया गया
- परिचालन से पहले अभी लाइसेंस हासिल करना होगा
- स्टारलिंक एक उपग्रह इंटरनेट सेवा प्रदाता है

*डाउनलोड गति 200 एमबीपीएस तक : डाउनलोड की गति आमतौर पर 50 से 150 एमबीपीएस के बीच होती है, कभी-कभी यह 200 एमबीपीएस तक भी पहुंच जाती है। अधिकतर उपयोगकर्ता 100 एमबीपीएस से अधिक की गति का अनुभव करते हैं। स्टारलिंक तेजी से विस्तार कर रही है।*

*आसमान से ब्रॉडबैंड : स्टारलिंक उपग्रह 'आसमान से ब्रॉडबैंड' पहुंचाने के लिए जमीनी स्टेशन और उपयोगकर्ता टर्मिनल के साथ सामंजस्य स्थापित करते हैं।*

### आपदा के समय महत्वपूर्ण साबित हुई सेवाएं

अभी उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और एशिया, दक्षिण अमेरिका तथा अफ्रीका के कुछ हिस्सों सहित कई क्षेत्रों में यह सेवाएं मुहैया करा रही है। प्राकृतिक आपदाओं और संघर्षों के दौरान यह अक्सर महत्वपूर्ण साबित हुआ है। यूक्रेन और उसकी सेना को स्टारलिंक द्वारा प्रदान की जाने वाली रणनीतिक इंटरनेट सेवाएं इसका एक उदाहरण है।

### 100 से अधिक देशों में फैली है सेवाएं

स्पेसएक्स ने 2024 में तूफान हेलेन और मिल्टन से प्रभावित क्षेत्रों के लिए अपनी स्टारलिंक ब्रॉडबैंड सेवाएं मुफ्त में मुहैया कराई थी। स्टारलिंक की सेवाएं आज 100 से अधिक देशों में फैली हुई हैं। अब कंपनी की नजर भारत के आकर्षक सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा बाजार पर है। फिक्की-ईवाई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2022 के 8.4 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2033 तक 44 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

### बिना किसी बाधा के सेवाएं देने में सक्षम

*यह अत्यधिक ठंड, गर्मी, ओलावृष्टि, भारी बारिश और यहां तक कि आंधी के समय एवं दूरदराज इलाकों में बिना किसी बाधा के सेवाएं मुहैया कराने में भी सक्षम है। यह खासतौर पर ग्रामीण और उन इलाकों के लिए उपयुक्त है, जहां फाइबर या केबल जैसे पारंपरिक इंटरनेट माध्यम नहीं पहुंच पाए हैं।*

## सैमसंग ने 2024 में 10,000 करोड़ रुपए के टीवी बेचे

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सैमसंग ने भारतीय बाजार में टेलीविजन की बिक्री 2024 में 10,000 करोड़ रुपये के पार हो जाने के बाद इस साल दहाई अंक में वृद्धि का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सैमसंग का मानना है कि बड़े स्क्रीन (55 इंच एवं उससे बड़े) वाले टीवी और कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी से लैस नए फीचर की मांग बढ़ने से यह वृद्धि संभव हो सकेगी। सैमसंग में वरिष्ठ निदेशक विपलेश डांग ने कहा कि भारतीय टीवी बाजार के लगभग एक-तिहाई हिस्से पर काबिज होना है, जिसमें प्रीमियम खंड सबसे तेजी से बढ़ रहा है। 2024 टीवी उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, जिसमें बिक्री में गिरावट आई लेकिन सैमसंग को सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं और हमें बाजार की वृद्धि से आगे निकल जाने की उम्मीद है। मूल्य के लिहाज से हमने 10,000 करोड़ रुपये का कारोबार किया और हम इस मुकाम को हासिल करने वाले इकलौते ब्रांड रहे। अब हम इस साल दहाई अंक में वृद्धि की उम्मीद रखते हैं।"

## टाटा केमिकल्स को 67 करोड़ रुपए का घाटा

**नई दिल्ली।** टाटा केमिकल्स को मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 67 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। एक साल पहले की अवधि में कंपनी को 818 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कुल आय मामूली घटकर 3,551 करोड़ रुपये रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 3,589 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का शुद्ध मुनाफा पिछले वर्ष के 449 करोड़ रुपये से घटकर 354 करोड़ रुपये रह गया। कुल आय भी पिछले वित्त वर्ष के 15,707 करोड़ रुपये से घटकर 15,112 करोड़ रुपये रह गई। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, टाटा केमिकल्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आर. मुकुंदन ने कहा, 'भारत में वृद्धि जारी रहने के बावजूद बाजार की स्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं। जबकि चीन, अमेरिका और पश्चिमी यूरोप में फ्लैट और कंटेनर ग्लास की मांग में कमी के कारण मामूली गिरावट देखी जा रही है।'

## रिलायंस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' ट्रेडमार्क आवेदन लिया वापस

**नई दिल्ली।** 'रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल)' ने यह कहते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' शब्द के लिए अपना ट्रेडमार्क आवेदन वापस ले लिया है कि उसके एक कनिष्ठ अधिकारी ने अनजाने में यह आवेदन दे दिया था, जबकि इसके लिए वह अधिकृत नहीं था। 'रिलायंस' ने एक बयान में कहा कि उसका ''ऑपरेशन सिंदूर (शब्द) को ट्रेडमार्क बनाने का कोई इरादा नहीं है। यह एक ऐसा शब्द है, जो अब भारतीय बहादुरी के एक प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बन गया है। भारतीय सशस्त्रबलों ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के विरुद्ध जो कार्रवाई की है उसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। रिलायंस ने कहा, ''रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जियो स्टूडियोज ने अपना ट्रेडमार्क आवेदन वापस ले लिया है, जिसे एक कनिष्ठ अधिकारी ने अनजाने में दे दिया था, जबकि इसके लिए वह अधिकृत नहीं था। इससे पहले, चार आवेदन बुधवार को पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक के कार्यालय में दायर किए गए थे, जिसमें ऑडियो एवं वीडियो सामग्री जैसी मनोरंजन संबंधी सेवाओं के लिए इस शब्द का उपयोग करने की मांग की गई थी। उनमें एक आवेदन रिलायंस का था। सभी चार आवेदकों ने सात मई को सुबह 10.42 बजे और शाम 6.27 बजे के बीच 'नाइस' वर्गीकरण के वर्ग 41 के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन दिया था।, जिसमें शिक्षा और प्रशिक्षण सेवाएं, फिल्म और मीडिया उत्पादन, लाइव प्रदर्शन एवं कार्यक्रम, डिजिटल सामग्री वितरण और प्रकाशन तथा सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां शामिल हैं।

**पीएनबी के लाभ में 52 फीसदी का इजाफाः** नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक का बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 52 प्रतिशत उछलकर 4,567 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष की चौथी तिमाही में बैंक ने 3,010 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## जाम की निजात दिलाने के लिए किया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** नरेला एमसीडी जॉन के डीसी राकेश कुमार जी को उत्कृष्ट कार्य नरेला क्षेत्र में निरंतर इंक्रोचमेंट हटाने नरेला की सबसे बड़ी समस्या जाम से निजात दिलाने व साफ सफाई की व्यवस्था उत्तम करवाने हेतु जनहित पूर्वांचल सोसाइटी नरेला के महासचिव विनीत कुमार नरेला मंडी के सदस्य संतोष यादव, सत्येंद्र झा, शम्भु झा, अमित मिश्रा व बबलू यादव ने उनके कार्यालय में जाकर मिथिलांचल की मान व सम्मान पाग दुपट्टा व मोमेंटो से स्वागत किया और भविष्य में भी नरेला क्षेत्र में जाम से निजात मिले उसके लिए शुभकामना दी।



# लगातार आगे बढ़ती रहेगी भारत की अर्थव्यवस्था, अमेरिका-चीन रह जाएंगे पीछे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

### देश का विनिर्माण सेक्टर हुआ मजबूत

*भारतीय अर्थव्यवस्था की इस मजबूती के बीच उसकी तेज होती मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी है। भारत अपनी विनिर्माण क्षमता पर फोकस कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश की परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) नंबर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जो इसे दुनिया के कई दूसरे देशों से अलग रखता है। कई दूसरे पैमानों से मिले-जुले संकेतों के मिलने के बावजूद भारत का व्यापक आर्थिक परिदृश्य स्वस्थ बना हुआ है।*

कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि आने वाले महीनों में दुनिया की इकोनॉमिक ग्रोथ में कमी आने वाली है। अमेरिका और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भी मंदी का शिकार हो सकती हैं।रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 90 बेसिस पॉइंट की गिरावट आने की संभावना है, जबकि चीन की ग्रोथ में 60 बेसिस पॉइंट्स की कमी आ सकती है। हालांकि, इसके विपरीत भारत के सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को बनाए रखने की संभावना है। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि भले ही वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही की आय उम्मीद से कम रही हो और पाकिस्तान के साथ भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा हो, लेकिन भारतीय शेयर बाजार ने हालिया गिरावट के बाद जोरदार वापसी की है। घरेलू निवेशक भारतीय शेयरों पर जमकर पैसा लगा रहे हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भी लगातार दूसरे महीने जमकर खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट में इस बात की भी चेतावनी दी गई है ।

- सोने की कीमत घटकर 99,250 रुपए प्रति 10 ग्राम

## सोना 1,500 रुपए टूटा, चांदी में 740 रुपए का नुकसान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,500 रुपये घटकर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता सोने की कीमत बुधवार को 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चार दिन से जारी तेजी के सिलसिले को तोड़ते हुए, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 1,550 रुपये घटकर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में यह 1,00,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जिंस और मुद्रा जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''कई वैश्विक और घरेलू उत्प्रेरकों के एक साथ काम करने के कारण सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव रहा। त्रिवेदी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बृहस्पतिवार को ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने में भारी गिरावट आई। यह उनके द्वारा किए गए वादों में से पहला सौदा था, जिससे सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों में मुनाफावसूली शुरू हो गई।

चांदी की कीमत बुधवार के बंद भाव 98,940 रुपये प्रति किलोग्राम से 740 रुपये गिरकर 98,200 रुपये

## सीमा पर तनाव गहराने से शेयर बाजार में बिकवाली, सेंसेक्स 412 अंक फिसला

एजेंसी ▸▸| मुंबई



भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच कारोबार के आखिरी घंटे में तगड़ी बिकवाली होने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 412 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 140 अंक फिसल गया।

अंतिम घंटे में बिकवाली का जोर रहने से यह तेजी से नीचे आ गया। देश के कुछ सीमावर्ती शहरों को पाकिस्तान द्वारा निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की खबर सामने आते ही बिकवाली तेज हो गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 411.97 अंक गिरकर 80,334.81 अंक पर बंद हुआ और इसके 23 शेयर नुकसान में रहे। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला था और लिवाली से एक समय 80,927.99 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। कारोबार बंद होने से एक घंटा पहले के सत्र में यह 759.17 अंक लुढ़क कर 79,987.61 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। निफ्टी भी 140.60 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,273.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 264.2 अंक गिरकर 24,150.20 अंक पर आ गया था।



## पतंजलि विवि, पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर

**हरिद्वार।** भारत के प्राचीन गौरवमयी ज्ञान परम्परा के संरक्षण के लिए संकल्पित सर्वश्रेष्ठ शोध संस्थान पतंजलि विश्वविद्यालय व पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य परस्पर सहयोग एवं शैक्षणिक समन्वय हेतु एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर हुए। समझौता ज्ञापन पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली की कार्यान्वयन समिति व नैक कार्यकारी समिति के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धि ने हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उक्त एमओयू के माध्यम से आईकेएस प्रभाग के अंतर्गत विविध विषयों पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, कार्यशाला व सम्मेलन आदि के आयोजन हेतु पतंजलि विश्वविद्यालय को आईकेएस केंद्र के रूप में मान्यता दी जा सकेगी। साथ ही पतंजलि विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध शोध संस्थान पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर किए जा रहे विद्वत्तापूर्ण कार्यों के प्रकाशन और प्रसार के लिए एक संयुक्त परियोजना भी प्रारंभ की जा सकेगी।आचार्य जी ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय और पीआरएफटी इस कार्य के निष्पादन में अपनी वैज्ञानिक जनशक्ति का प्रयोग करेंगे। आईकेएस प्रभाग भारतीय इतिहास को समर्पित एक संग्रहालय की स्थापना पर पतंजलि विश्वविद्यालय, आईकेएस केंद्र के साथ मिलकर काम करेगा, जिसमें न केवल पुरातात्विक कलाकृतियाँ शामिल होंगी। बल्कि ऐतिहासिक ज्ञान, वैज्ञानिक साक्ष्य और भारतीय ज्ञान प्रणाली का व्यापक प्रतिनिधित्व भी होगा। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय भारत के प्राचीन ज्ञान और ज्ञान के दस्तावेजीकरण और संरक्षण पर आईकेएस प्रभाग की परियोजनाओं में सहयोग करेगा, जिसमें अनुष्ठान, संगीत, पांडुलिपियां, प्राचीन सभ्यता, सामाजिक-आर्थिक पहलू, भाषाएं, चिकित्सा और उपचार पद्धतियां, शासन पद्धतियां, रक्षा प्रणाली, प्राकृतिक आपदाओं- बाढ़, सूखा आदि से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके शामिल हैं।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5861




**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5860 का हल**








# अपने पहले ही सीजन में चमके ये आठ खिलाड़ी, इनमें से दो की उम्र 18 से भी कम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में अब तक 54 मैच खेले जा चुके हैं। धीरे-धीरे यह लीग अपने अंजाम तक पहुंचने जा रही है। इस सीजन कई ऐसे खिलाड़ी मिले, जिन्होंने अपने पहली ही सीजन में मिले मौके को पूरी तरह भुनाया। इनमें से कुछ ने शतक लगाकर तहलका मचा दिया। वहीं, कुछ ने गेंदबाजी में अपनी धाक जमाई। इस लिस्ट में आठ खिलाड़ी हैं, जिनमें से चार बल्लेबाज और तीन गेंदबाज हैं, एक गेंदबाजी ऑलराउंडर है। लिस्ट में दो की उम्र 18 साल से भी कम है, जबकि दो की उम्र 25 साल है और बाकी की उम्र 18 से 25 साल के बीच में है। हालांकि, कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और फिर बेंच पर बैठा दिए गए। आइए इन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं...



### प्रियांश आर्या

दिल्ली प्रीमियर लीग में अपनी धाक जमाने के बाद इस खिलाड़ी को आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स ने काफी उम्मीदों के साथ खरीदा। प्रियांश पंजाब की उम्मीदों पर खरे उतरे। उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बल्लेबाजी ने अब तक इस लीग में 11 पारियों में 347 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। दिल्ली प्रीमियर लीग में प्रियांश ने एक ओवर में लगातार छह गेंद पर छह छक्के जड़े थे।

### आयुष म्हात्रे

इस 17 साल के युवा बल्लेबाज ने अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा दिया है। आयुष को नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था। बीच सीजन में वह रिप्लेसमेंट के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से जुड़े और अपनी हिटिंग पावर से उन्होंने लोगों को दीवाना बना दिया है। आयुष ने अब तक लीग में चार पारियों में 163 रन बनाए हैं। इनमें एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 94 रन की पारी में जो शॉट्स लगाए वह देखने लायक थे।

### अनिकेत वर्मा

सिर्फ 23 साल के इस युवा बल्लेबाज अनिकेत शर्मा को सनराइजर्स हैदराबाद ने मध्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने अब तक नौ पारियों में 24.12 की औसत और 144.11 के स्ट्राइक रेट से 193 रन बनाए हैं। दिल्ली के खिलाफ 74 रन की पारी उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी रही है। हालांकि, उनकी टीम का प्रदर्शन इस साल बेहद खराब रहा।



### वैभव सूर्यवंशी

केवल 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने नीलामी में बिकते ही नाम कमा लिया था। उन्हें राजस्थान ने 1.1 करोड़ रुपये के भारी भरकम राशि में खरीदा था। हालांकि, गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद पर शतक जड़कर अपने दम पर राजस्थान को जीत दिलाई थी। इस बल्लेबाज ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत ही छक्का लगाकर की थी। वैभव ने अब तक इस सीजन पांच पारियों में 155 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक शामिल है।

### दिग्वेश राठी

इस 25 साल के स्पिनर दिग्वेश राठी ने कमाल की गेंदबाजी की है। अपनी मिस्ट्री गेंदों की वजह से यह गेंदबाज पावरप्ले, मध्य के ओवरों या फिर डेथ ओवरों में भी घातक साबित हुआ है। दिग्वेश ने अब तक इस सीजन 11 मैचों में 12 विकेट लिए हैं। 30 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है।

### विपराज निगम

दिल्ली कैपिटल्स के लिए विपराज एक बेहद शानदार ऑलराउंडर बनकर उभरे हैं। 20 साल के विपराज ने अब तक इस सीजन 10 मैचों में नौ विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 9.48 का रहा है। 18 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। उन्होंने छह पारियों में बल्लेबाजी की है और 104 रन बनाए हैं। विपराज यूपी से हैं और उत्तर प्रदेश प्रीमियर लीग में भी उन्होंने कमाल किया था।

### अश्विनी कुमार

मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार ने अपने डेब्यू मैच में ही तहलका मचा दिया था। डेब्यू मैच पर 23 साल के अश्विनी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन देकर चार विकेट लिए थे। हालांकि, उनके लिए अगले दो मैच उम्मीद के मुताबिक नहीं गए और एक-एक विकेट लिए। साथ ही बुमराह की वापसी की वजह से अश्विनी को बेंच पर बैठना पड़ा।

### विग्नेश पुथुर

अश्विनी की तरह पुथुर भी बस एक-दो मैच में चले। हालांकि, अपने डेब्यू पर इस बाएं हाथ के स्पिनर ने पांच मैच खेले और छह विकेट लिए। 32 रन देकर तीन विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा। हालांकि, पांच मैच के बाद उन्हें मौका नहीं मिला और वह चोटिल होकर इस सीजन से बाहर हो चुके हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप



सूर्य कुमार
510 रन
मुंबई

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
20 विकेट
गुजरात


## खबर संक्षेप

### खेलो इंडिया युवा खेलों में ई स्पोर्ट्स का पदार्पण

**पटना।** ई स्पोर्ट्स ने खेलो इंडिया युवा खेलों में नुमाइशी खेल के रूप में पदार्पण किया और मेजबान बिहार ने विभिन्न स्पर्धाओं में शीर्ष तीन में जगह बनाई। इस नुमाइशी खेल में आठ राज्यों ने भाग लिया जिसमें बीजीएमआई, शतरंज, स्ट्रीट फाइटर 6 और ई फुटबॉल की स्पर्धायें हुई। सभी वर्गों में बीजीएमआई भारत में सबसे लोकप्रिय ई खेल है। हर प्रदेश की 16 टीमों ने लिया हिस्साहर प्रदेश की 16 टीमों ने इसमें भाग लिया। बिहार की ए और बी टीम पहले और तीसरे स्थान पर रही जबकि तमिलनाडु ए टीम दूसरे स्थान पर रही।

### उजबेकिस्तान से दो दोस्ताना मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम मई जून के विंडो में उजबेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी । अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उजबेकिस्तान के खिलाफ दो मैच 30 मई और तीन जून को बेंगलुरू के पादुकोण द्रविड़ खेल उत्कृष्टता केंद्र पर खेल जायेंगे। क्रिस्पिन छेत्री की कोचिंग वाली भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर्स की तैयारी कर रही है जिसके लिये शिविर बेंगलुरू में एक मई से शुरू हुआ। भारत को ग्रुप बी में रखा गया है जिसमें उसे मंगोलिनया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और थाईलैंड (पांच जुलाई) के साथ रखा गया है।



### वरुण पर लगा जुर्माना कटा एक अंक

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बुधवार को ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना और एक डिमेरिट अंक का दंड दिया गया है। आईपीएल के एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि, चक्रवर्ती ने आईपीएल नियम के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया है। यह अनुच्छेद ऐसी भाषा, व्यवहार या हाव-भाव से संबंधित है, जो किसी खिलाड़ी को भड़काने या अपमानित करने का कारण बन सकता है।

## भारत-पाक तनाव: खिलाड़ियों को स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से निकाला जाएगा

# धर्मशाला में 'ब्लैकआउट' के कारण आईपीएल मैच रद, लीग जारी रखने पर फैसला आज

भाषा ▸▸ धर्मशाला



पड़ोसी शहर जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया जिससे भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण पूरी लीग के रद्द होने का खतरा पैदा हो गया। पंजाब की टीम 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना चुकी थी जब लाइटें चली गईं लेकिन इसका कारण पहले 'फ्लडलाइट' की खराबी बताया गया था। बारिश के कारण खेल निर्धारित समय से देरी से शुरू हुआ था। आखिरकार टीमों और दर्शकों को उनकी सुरक्षा के लिए स्टेडियम से बाहर निकाला गया। यहां के खूबसूरत मैदान की क्षमता लगभग 23,000 है और खाली कराए जाने के समय यह लगभग 80 प्रतिशत भरा हुआ था। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''दर्शकों में कोई घबराहट नहीं थी। उन्हें (दर्शकों और खिलाड़ियों को) बहुत सावधानी से और सुरक्षित रूप से स्टेडियम से बाहर ले जाया गया।'' स्टेडियम से बाहर निकलते समय कई लोगों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए। प्रभसिमरन सिंह 28 गेंद पर 50 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि उनके सलामी जोड़ीदार प्रियांश आर्य 34 गेंद पर 70 रन बनाकर तेज गेंदबाज टी नटराजन की गेंद पर आउट हुए थे, जिसके तुरंत बाद खेल रोकना पड़ा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को अब पठानकोट से विशेष ट्रेन में दिल्ली लाया जाएगा। पठानकोट धर्मशाला से करीब 85 किलोमीटर दूर है। टीमें सड़क मार्ग से पठानकोट पहुंचेंगी। पाकिस्तान के हमलों को रोकने के लिए एहतियाती उपायों के तहत धर्मशाला का एकमात्र हवाई अड्डा और पड़ोसी कांगड़ा और चंडीगढ़ के हवाई अड्डे फिलहाल बंद हैं। आज रात के मैच के रद्द होने के बाद यह स्पष्ट नहीं है कि लीग आगे जारी रहेगी या नहीं। यह भी पता चला है कि लीग में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं के बीच बीसीसीआई की बैठक अभी चल रही है। पर सूत्रों का कहना है कि विदेशी खिलाड़ी जल्द से जल्द घर लौटना चाहते हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के गढ़ शामिल हैं। ये हमले 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के जवाब में किए गए जिसमें 26 लोग मारे गए थे। बृहस्पतिवार को हवाई हमले की चेतावनी और जम्मू में विस्फोट जैसी आवाजों की खबरों के बीच पंजाब के पठानकोट, अमृतसर, जालंधर, होशियारपुर, मोहाली और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ समेत कई जिलों में 'ब्लैकआउट' कर दिया गया। आईपीएल का कार्यक्रम पहले ही इस घटनाक्रम से प्रभावित हो चुका है क्योंकि 11 मई को धर्मशाला में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच होने वाला मैच अहमदाबाद में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### लखनऊ और आरसीबी के बीच भिड़ंत आज

*मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से आज शुक्रवार 9 मई को होगा। लखनऊ ने अपने 11 में से 5 मैच जीते हुए हैं। उसे प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए ये मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। अपने 11 में से 8 मैच जीत चुकी आरसीबी के लिए भी यह मुकाबला काफी अहम है। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने 5 मैच जीते हैं। रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी को 8 मैच में जीत मिली है। प्लेऑफ की दौड़ को देखते हुए एक रोमांचक मैच होने की उम्मीद है। यह मुकाबला शाम 7.30 बजे से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। रायल चेलैंजर्स बेंगलुरू और लखनऊ जायंट्स के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 5 मुकाबले खेले गए हैं।*

राजस्थान रॉयल्स को झटका

## राणा-संदीप हुए चोटिल, इनकी जगह खेलेंगे लुआन और बर्गर

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 राजस्थान रॉयल्स के लिए अच्छा नहीं जा रहा है। पहले बल्लेबाज नितीश राणा चोटिल होने के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए, अब तेज गेंदबाज संदीप शर्मा भी बचे हुए मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर को 3.5 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया गया है। संदीप उंगली में लगी चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए हैं। राणा की जगह दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को टीम में जगह दी गई है।



### बर्गर के आंकड़ों पर एक नजर

बर्गर ने 69 टी-20 मुकाबलों की 67 पारियों में 23.44 की औसत से 77 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी 7.73 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/11 का है। आईपीएल में इस खिलाड़ी ने 6 मुकाबले खेले हैं। इसकी 5 पारियों में 20.71 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2/29 का रहा है। आईपीएल 2024 में यह खिलाड़ी आरआर की टीम का ही हिस्सा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए बर्गर ने 2 टी-20 मुकाबले खेले हैं।

### नितीश राणा की जगह खेलेंगे लुआन

राजस्थान रॉयल्स टीम के प्रमुख बल्लेबाज नितीश राणा चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को टीम में मौका मिला है। उन्हें आरआर की टीम ने 30 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। इस संस्करण आरआर का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उसे 12 में से 9 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

### अहमदाबाद में होगा पंजाब-मुंबई का मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से बुधवार तड़के पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का असर अब इंडियन प्रीमियर लीग पर भी पड़ गया है। इस ऑपरेशन के बाद सरकार ने चंडीगढ़ सहित कई हवाई अड्डों को बंद कर दिया है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 11 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिल पटेल ने बताया कि 11 मई को मुंबई इंडियंस बनाम पंजाब किंग्स के बीच होने वाला आईपीएल मुकाबला धर्मशाला से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है।

क्रिकेट

## रोहित का फैसला निजी, बोर्ड की कोई भूमिका नहीं : राजीव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक निजी फैसला है। बीसीसीआई ने उन पर ऐसा करने के लिए कोई दबाव नहीं डाला था। रोहित ने 20 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले बुधवार को संन्यास की घोषणा की। शुक्ला ने कहा जहां तक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का सवाल है तो रोहित ने अपना फैसला खुद किया है। उन्होंने कहा, ''हमारी नीति है कि जो खिलाड़ी संन्यास का फैसला लेते हैं, हम उन पर कोई दबाव नहीं डालते और हम उन्हें कुछ सुझाव भी नहीं देते हैं, हम कुछ नहीं कहते हैं।



### क्रिकेट में रोहित का काफी योगदान

शुक्ला ने कहा कि पांच दिवसीय क्रिकेट में उनका योगदान बहुत बड़ा है। हम उनकी जितनी प्रशंसा करें, उतनी कम है। वह एक महान बल्लेबाज हैं। अच्छी बात यह है कि उन्होंने अभी तक क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला नहीं किया है (क्योंकि वह अब सिर्फ वनडे खेलेंगे)। इसलिए हम निश्चित रूप से उनके अनुभव और प्रतिभा का फायदा उठाएंगे।

### टेस्ट कप्तानी के दावेदारों में इनका नाम

रोहित के कप्तानी का पद छोड़ने के बाद, यह देखना बाकी है कि भारत की टेस्ट कप्तानी किसे सौंपी जाती है। जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और शुभमन गिल दावेदारों में शामिल हैं। कप्तानी के लिए संभावित खिलाड़ियों के नाम के बारे में पूछने पर शुक्ला ने कहा कि यह पूरी तरह से चयन समिति का अधिकार है। उन्होंने कहा, ''किसी तरह की अटकलें नहीं होनी चाहिए। चयनकर्ता तय करेंगे और आपको बताएंगे कि कप्तान कौन है।

### रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से मैं हैरान हूं : रहाणे

**कोलकाता।** रोहित शर्मा के अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने मुंबई और भारतीय टीम के उनके साथी अजिंक्य रहाणे को भी चौंका दिया। रोहित ने जब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की तब रहाणे कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में खेल रहे थे। उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नाइट राइडर्स के कप्तान ने ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स से दो विकेट की हार के बाद मीडिया से कहा, ''ओह, क्या ऐसा है? मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे (संन्यास के बारे में) नहीं पता था।'' उन्होंने कहा, ''मैं वास्तव में हैरान हूं। मुझे नहीं पता था कि उन्होंने टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लिया है। लेकिन मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने वास्तव में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में अपने खेल में काफी सुधार किया था।

### चैंपियंस लीग के फाइनल में पीएसजी और इंटर मिलान में भिड़ंत

**पेरिस।** पेरिस सेंट-जर्मन ने एक के बाद एक हमलों का डटकर सामना करते हुए आक्रामक अंदाज में खेल रहे आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना इंटर मिलान से होगा। सेमीफाइनल के पहले चरण में 1–0 से जीत हासिल करने वाली पीएसजी की टीम को शुरू में गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जवाबी हमलों और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन से उसने 3-1 के कुल स्कोर के साथ जीत हासिल करके शान से फाइनल में जगह बनाई।

ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट

## आयुष ने श्रीकांत को हराया उन्नति भी अगले दौर में

एजेंसी ▸▸ ताइपे

भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष और महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 वर्ष के आयुष ने दूसरे दौर में अनुभवी किदाम्बी श्रीकांत को 21-16 15-21 21-17 से मात दी। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत फिलहाल विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर हैं।



### आयुष का सामना अब ब्रायन यांग से

पिछले दौर में आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप उपविजेता ली चिया हाओ को हराने वाले आयुष का सामना अब कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग से होगा। इससे पहले 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबुधाबी मास्टर्स चैम्पियन उन्नति ने चीनी ताइपे की लिन सिह युन को 21-12 21-7 से हराया। अब वह स्थानीय खिलाड़ी हुंग यि तिंग से खेलेंगी। राष्ट्रीय खेल 2023 स्वर्ण पदक विजेता थारून मन्नेपल्ली को इंडोनेशिया के मोह जाकी उबेदिल्लाह ने दूसरे दौर में 21-13, 21-9 से हराया।

### युवा खिलाड़ियों ने की खूब मेहनत, परिणाम अपेक्षानुरूप नहीं : हसी

**कोलकाता।** आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने युवा खिलाड़ियों आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल और डेवाल्ड ब्रेविस की सराहना करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य अब भविष्य के लिए टीम तैयार करना है। पांच बार के चैंपियन चेन्नई के लिए आईपीएल का मौजूदा सत्र अच्छा नहीं रहा है। उसने बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स पर दो विकेट की जीत के साथ 12 मैचों में केवल तीसरी जीत हासिल की। हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा टीम से जुड़े सभी लोग वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जाहिर तौर पर परिणाम उस तरह से नहीं आ रहे हैं जैसा हम चाहते थे।

## ऑपरेशन सिंदूर: रावलपिंडी स्टेडियम के पास ड्रोन हमला

# पाक में दहशत, रावलपिंडी में होने वाला पीएसएल मैच स्थगित

एजेंसी ▸▸ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रावलपिंडी में कराची किंग्स और पेशावर जाल्मी के बीच गुरुवार को होने वाले पाकिस्तान सुपर लीग मैच को बाद में कराने का फैसला किया। इस मैच की तारीख की घोषणा आगे की जाएगी। रावलपिंडी स्टेडियम में आयोजित की जा रही टी20 लीग अपने अंतिम चरण में है जिसमें छह फ्रेंचाइजी शामिल हैं। क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा पीसीबी ने सभी हितधारकों के परामर्श से आज रात पेशावर जाल्मी और कराची किंग्स के बीच होने वाले पीएसएल मैच को किसी अन्य तारीख में करने का फैसला किया है। पीसीबी संशोधित तिथि की घोषणा उचित समय पर करेगा। बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए हमलों के बाद पीसीबी को यह फैसला करना पड़ा।



### पीएसएल छोड़ने पर विचार कर रहे विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग में खेल रहे विदेशी खिलाड़ी वापस अपने देश लौटने पर विचार कर रहे हैं। इसकी वजह भारतीय सेना द्वारा चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' है, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर बमबारी की गई। इसके अलावा रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम के पास भी ड्रोन हमला किया गया है। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पीएसएल के अब सभी मुकाबले कराची में खेले जाएंगे।

### बांग्लादेश क्रिकेट टीम का पाकिस्तान दौरा अधर में लटका

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ बीते बुधवार तड़के चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का असर अब क्रिकेट में भी देखने को मिल रहा है। दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट टीम को इस महीने के अंत में पाकिस्तान का दौरा करना था, जो अब अधर में लटक गया है। वहीं, ऐसी खबर है कि भारतीय टीम के अगस्त में होने वाले बांग्लादेश दौरे पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

**बांग्लादेश के पकिस्तान के दौरे पर संकट**
बांग्लादेश का पाकिस्तान जाना इस बात पर निर्भर करेगा कि आने वाले कुछ दिनों में पाकिस्तान में हालात कैसे रहते हैं। बीसीबी के अध्यक्ष फारूक अहमद ने बुधवार को कहा कि वे बांग्लादेश दौरे पर अंतिम फैसला लेने से पहले 10 मई तक इंतजार करेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

# रावलपिंडी सहित कई प्रमुख शहरों को भारतीय ड्रोन ने पहुंचाया भारी नुकसान, लाहौर में गूंजते रहे बड़े धमाके

## पाकिस्तान की नापाक कोशिश का भारत ने दिया तगड़ा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ बुधवार, 7 मई को ऑपरेशन 'सिंदूर' को अंजाम दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को निशान बनाकर हमले करने की कोशिश की, जिसके जवाब में भारतीय वायुसेना के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमले को नाकाम कर दिया है। भारत की जवाबी कार्रवाई में रावलपिंडी, लाहौर और कराची जैसे प्रमुख शहरों के अलावा गुजरांवाला, चकवाल, अटक, बहावलपुर, मियानो और छोर में भारी नुकसान हुआ है।

**चीन ने पाकिस्तान को दिखाया आईना**

## *हम आतंकवाद के खिलाफ*



*एजेंसी, बीजिंग। चीन ने सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करते हुए भारत और पाकिस्तान से शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देने की अपील की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने दोनों मुल्कों से संयम बरतने और अमन को बढ़ावा देने की गुजारिश की। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसे भारत-पाकिस्तान तनाव में चीनी जेट विमानों की किसी भी भूमिका की जानकारी नहीं है। यह बयान तब आया जब भारत ने एक दिन पहले पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मिसाइलों से एयर स्ट्राइक किया। लिन जियान ने साफ कहा कि चीन इस मसले से वाकिफ नहीं है और इस मामले की कोई खास जानकारी उनके पास नहीं है। उन्होंने इस मुद्दे पर और टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। चीन ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाने की कोशिश की है। लेकिन क्षेत्र में उसकी सैन्य मौजूदगी और सहयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं।*

## सिंगापुर की सलाह जम्मू-कश्मीर और पाक की यात्रा नहीं करें


सिंगापुर ने भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अपने नागरिकों को भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान की सभी गैर-जरूरी यात्राएं टालने की सलाह दी है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय (एमएफए) ने बुधवार को यात्रियों से विशेष रूप से पाकिस्तान और भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की यात्रा के प्रति सावधानी बरतने की अपील की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और पाकिस्तान में रहने वाले सिंगापुरवासियों को सतर्क रहने और व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी जाती है।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पहुंचे ईरान और सऊदी अरब

## राजधानी में भारत के विदेश मंत्री के साथ हुई बातचीत, भारत ने साफ किया अपना रुख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद ईरान और सऊदी अरब के विदेश मंत्री भारत पहुंचे हैं। दोनों से गुरुवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बातचीत की। जिसमें उन्होंने अपने ईरानी समकक्ष और विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची को साफ कर दिया कि अगर पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की तो उसे उसका मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम हालात को खराब नहीं करना चाहते हैं। लेकिन अगर हम पर कोई सैन्य हमला होता है। तो हम उसका करारा जवाब देंगे। यहां बता दें कि बीते दिनों ईरान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान का भी दौरा किया था। उससे पहले उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को कम करने को लेकर मध्यस्थता की पेश की थी। डॉ. जयशंकर ने बातचीत में अराघची को पहलगाम आतंकी हमले के बारे में अवगत कराया। साथ ही कहा कि आप एक ऐसे समय पर भारत की यात्रा पर हैं। जब हम पहलगाम के कायरतापूर्ण आतंकी हमले का जवाब दे रहे हैं। इसके अलावा कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए केवल पाकिस्तान में मौजूद आतंकी अड्डों को निशाना बनाया है। इसमें किसी पाक सैन्य ठिकाने या नागरिकों पर हमला करने की कोशिश नहीं की गई है। पहलगाम के बाद हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विवश हुए हैं।



*ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर*

### तनाव कम करने की कोशिश



ईरान के साथ सऊदी अरब के विदेश मंत्री की भारत यात्रा का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कवायद का हिस्सा है। सऊदी विदेश राज्य अदेल अलीजुबैर ने जयशंकर से मुलाकात की। एक्स पोस्ट में उन्होंने इसका उल्लेख करते जयशंकर ने कहा कि आज सुबह सऊदी अरब के विदेश मंत्री राज्य मंत्री के साथ अच्छी बैठक हुई। मैंने आतंकवाद का दृढ़ता से मुकाबला करने के भारत के दृष्टिकोण को उनके साथ साझा किया।

**ब्रिटेन की संसद में ऑपरेशन सिंदूर की गूंज**

## *'ये वही देश जहां लादेन छिपा था', सांसद प्रीति पटेल ने दिया समर्थन*

**लंदन।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना अब दुनिया भर में हो रही है। ब्रिटेन की संसद में कंजर्वेटिव पार्टी की सांसद प्रीति पटेल ने भारत को समर्थन दिया है। प्रीति पटेल ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के फैसले को सही बताया है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी रक्षा के लिए उचित और सही कदम उठाने का अधिकार है, साथ ही उस घृणित आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने का अधिकार है, जो उसे लगातार खतरे में डाल रहा है। प्रीति पटेल ने आतंकवाद को बढ़ावा देकर भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा पैदा करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की है। प्रीति पटेल ने आगे कहा, पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा हैं। यह वह देश था जिसमें ओसामा बिन लादेन छिपा हुआ था और भारत पर आतंकवादियों द्वारा की जा रही हिंसा के लंबे इतिहास के कारण, ब्रिटेन ने भारत के साथ लंबे सुरक्षा सहयोग समझौते किए हैं। प्रीति पटेल ने सरकार से वैश्विक आतंकवाद के खतरों से निपटने में ब्रिटेन के सहयोगियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन संबंधों को देखते हुए, ब्रिटेन सरकार को हमारे मित्रों और सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने में सबसे आगे रहना चाहिए, ताकि हम सामूहिक रूप से जिन आतंकवादी खतरों का सामना कर रहे हैं, उनसे निपटा जा सके।



## *ऑपरेशन सिंदूर के बाद 'चिकन नेक' पर बढ़ाई गई चौकसी*

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की मिसाइल स्ट्राइक के बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। ऑपरेशन 'सिंदूर' के इस जवाबी हमले के बाद एक बार फिर देश की सुरक्षा एजेंसियों की नजर उत्तर बंगाल के 'चिकन नेक' क्षेत्र पर है, जिसे सामरिक दृष्टि से भारत की सबसे संवेदनशील भौगोलिक कमजोरी माना जाता है।




### *'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है 'सिलिगुड़ी कॉरिडोर'*

उत्तर बंगाल के सिलिगुड़ी में स्थित यह संकीर्ण गलियारा 'सिलिगुड़ी कॉरिडोर' या 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है। यह भारत के मुख्य भूभाग को उत्तर-पूर्व के सात राज्यों से जोड़ता है। सबसे संकीर्ण हिस्से में इसकी चौड़ाई मात्र 20 किलोमीटर है। इस गलियारे की विशेषता यह है कि यह नेपाल, भूटान और बांग्लादेश—तीनों देशों की सीमाओं के बिल्कुल करीब है। विशेषज्ञों के अनुसार, यही वह क्षेत्र है जिसे निशाना बनाकर भारत को रणनीतिक रूप से अलग-थलग करने की साजिशें रची जाती हैं।

### पाक-चीन मिलकर कर सकते हैं टारगेट

सुरक्षा विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान चीन के साथ मिलकर इस क्षेत्र को टारगेट कर सकता है। यही वजह है कि ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद यहां चौकसी और बढ़ा दी गई है। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, सीमा पर मादक पदार्थों, हथियारों और नकली नोटों की तस्करी रोकने के लिए पहले से ही विशेष नजर रखी जा रही है, लेकिन अब निगरानी को और कड़ा किया गया है। सीमा की कमजोरियों का फायदा उठाकर आतंकियों की घुसपैठ की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जा रहे हैं।

## हमास स्टाइल में हमला कर रहा पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर पर हमले की कोशिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर में सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया में मिसाइल से हमला किया है। रक्षा सूत्रों ने बताया, केंद्रशासित प्रदेश से आ रही तस्वीरें बताती हैं कि यह हमास के अंदाज में इजरायल पर किए गए हमले के समान ही है। पाकिस्तान की सेना हमास आतंकी संगठन की तरह व्यवहार कर रही है। पाकिस्तान की 8 मिसाइलों के इस हमले को भारत की हवाई रक्षा प्रणाली ने तुरंत पहचान कर नाकाम कर दिया है। बीते महीने पीओके में हमास और आईएसआई की एक मुलाकात हुई थी। वहीं, पश्चिमी सीमा पर दुश्मन के कई ड्रोन दिखाई दिए हैं। जिनके खिलाफ उचित कार्रवाई की गई है।

## पाक के शेयर बाजार में भूचाल, 6000 से अधिक अंकों की गिरावट

*भारत की ओर से आतंकियों पर की जा रही कार्रवाई से पाकिस्तान में हाहाकार मच गया है। गुरुवार को पाकिस्तान के शेयर बाजार में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई और एक घंटे के लिए कारोबार रोक दिया गया। केएसई100 सूचकांक कारोबार रोके जाने से पहले 6,948.73 अंक यानी 6.32 प्रतिशत गिरकर 1,03,060.30 अंक पर आ गया। सूचकांक में गिरावट का मुख्य कारण सीमेंट, ऊर्जा, बैंक और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख शेयरों में नकारात्मक रुझान था, जिसने सामूहिक रूप से सूचकांक को नीचे खींच दिया। पाकिस्तान ने गुरुवार से कीमती धातुओं, आभूषणों और रत्नों के आयात और निर्यात पर 60 दिन का प्रतिबंध लगा दिया है। यह अस्थायी प्रतिबंध वाणिज्य मंत्रालय के आदेश द्वारा लगाया गया था, जिसमें 2013 के एसआरओ 760 को निलंबित कर दिया गया था, जो कीमती धातुओं के व्यापार को नियंत्रित करता है।*





Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Delhi, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; (Chattarpur) - 9821814222, 9821813222; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; (Ranhola) - 9212385592; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; (Amanpuri) - 9289739970; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; ; (Libaspur) - 8130093656; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751, 8433276224; KLA Honda (Khurja) - 7078677972, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721, 8273083331; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**